Celebrate DOCTOR'S Day
डॉक्टर-डे की हार्दिक शुभकामनाएं

हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

देश

टी20 वर्ल्ड : कप जीत लिया जग सारा, 17 साल बाद भारतीय टीम बनी टी 20 की चैम्पियन, साउथ अफ्रीका को हराया

चंद्रयान-3 के बाद चांद पर कमाल करेगा चंद्रयान-4, 2040 तक चंद्रयान पर पहुंचेंगे...

मूल्य ₹ 2.00
कृष्ण पक्ष, भरणी, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • सोमवार • 01 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 201 • पृष्ठ 12

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 24 कैरेट	1 किलो चांदी
₹ 72, 280	₹90,000



आज का इतिहास

- **1964 :** भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की स्थापना।
- **1949 :** कोचीन शाही परिवार की रियासत के 1,000 साल पूरे हो गए। यह दो रियासतों, कोचीन और त्रावणकोर के विलय के कारण हुआ, जो तिरु-कोच्चि राज्य में था, जिसे भारतीय संघ में केरल के रूप में फिर से संगठित किया गया था।

न्यूज बाइट्स

केजरीवाल के पीए बिभव कुमार की याचिका पर आज दिल्ली एचसी में सुनवाई

नई दिल्ली (ए.) । दिल्ली उच्च न्यायालय सोमवर को केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की याचिका पर सुनवाई करन वाला है। बिभव ने दिल्ली में उनकी गिरफ्तारी को अवैध बताया है। जिसको लेकर अब कोर्ट अपना आदेश पारित करेगा। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में दर्ज एफआईआर के सिलसिले में बिभव कुमार को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

रोहित शर्मा ने लिया टी-20 से संन्यास

नई दिल्ली (ए.)। भारत को दूसरा टी-20 विश्वकप खिताब दिलाने वाले टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने रन मशीन विराट कोहली के टी-20 को अलविदा कहने के बाद कुछ देर बाद अपने संन्यास की घोषणा की।विश्वकप फाइनल जीतने के बाद पत्रकारों से बातचीत मे रोहित ने कहा कि यह मेरा भी आखिरी टी-20 मैच था। इस प्रारूप को अलविदा कहने का इससे बेहतर लम्हा नहीं है। मैंने हर लम्हे का आनंद लिया है। मेरे करियर की शुरुआत ही इस प्रारूप के साथ हुई थी।

पटना में 7 जुलाई को भव्य रथयात्रा का होगा आयोजन

पटना (नि.सं.)। पटना में 7 जुलाई को इस्कॉन मंदिर से भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। रथ को फूलों से सजाया जाएगा, जो विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा। 40 फीट ऊंची हाइड्रोलिक सिस्टम से बनी विशिष्ट रथ पर भगवान जगन्नाथ विराजमान होंगे। इस रथयात्रा में रूस के भक्त भी शामिल होंगे। इस्कॉन पटना के अध्यक्ष कृष्ण कृपा दास ने बताया कि पिछले कई वर्षों के सफल आयोजनों से इस महोत्सव ने अच्छी लोकप्रियता हासिल कर ली है।

तेजस्वी यादव ने जारी किया क्राइम बुलेटिन

पटना (नि.सं.)। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर लगातार हमलावर हैं। इसी मसले पर उन्होंने अब एक क्राइम बुलेटिन जारी कर राज्य सरकार और एनडीए को आड़े हाथों लिया है। रविवार (30 जून) को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर उन्होंने एक पोस्ट किया है। अपने पोस्ट में तेजस्वी यादव ने लिखा है कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, दो-दो उपमुख्यमंत्री एवं छह दलों वाले एनडीए के सौजन्य से बिहार में 'सरकारी' अपराधी पूर्ण मौज में मनमर्जी से जब चाहे, जहां चाहे, जैसे चाहे किसी को भी गोली और चाकू मार हत्या कर दे रहे हैं। छात्र-शिक्षक, कर्मचारी-व्यापारी, किसान-मजदूर, महिला-पुरुष, बच्चे-बुजुर्ग कोई भी कहीं भी सुरक्षित नहीं है।

आकाशवाणी पर 'मन की बात' के 111वें संस्करण

योग, भारतीय भाषा एवं संस्कृति का प्रचार हमारे लिए गौरव के क्षण : नरेन्द्र मोदी

एजेंसी | नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग, भारतीय भाषा एवं संस्कृति के दुनिया भर में प्रचार प्रसार को गौरव का क्षण बताया है और लोगों का आह्वान किया है कि इन्हें अपना कर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव महसूस करें। श्री मोदी ने श्री मोदी ने लोकसभा चुनावों के कारण तीन माह के अंतराल के बाद आकाशवाणी पर अपनी नियमित श्रृंखला 'मन की बात' के 111वें संस्करण में यह आह्वान किया और आने वाले त्योहारों पर लोगों को शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कुवैत के राष्ट्रीय रेडियो चैनल पर हिन्दी में प्रसारित होने वाले एक कार्यक्रम की एक क्लिप को साझा करते हुए कहा कि "दरअसल, कुवैत सरकार ने अपने राष्ट्रीय रेडियो पर एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। और वो भी हिन्दी में। 'कुवैत रेडियो' पर हर रविवार को इसका प्रसारण आधे घंटे के लिए किया जाता है। इसमें भारतीय संस्कृति के अलग-अलग रंग शामिल होते हैं। हमारी फिल्में और कला जगत से जुड़ी चर्चाएं वहाँ भारतीय समुदाय के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। मुझे तो यहाँ तक बताया गया है कि कुवैत के स्थानीय लोग भी इसमें खूब दिलचस्पी ले रहे हैं। मैं कुवैत की सरकार और वहाँ के लोगों का हृदय से धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने ये शानदार पहल की है।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनियाभर में हमारी संस्कृति का जिस तरह गौरवगान हो रहा है, उससे किस भारतीय को खुशी नहीं होगी। अब जैसे, तुर्कमेनिस्तान में इस साल मई में वहाँ के राष्ट्रीय कवि की 300वीं जन्म-जयंती मनाई गई। इस अवसर पर तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रपति ने दुनिया के 24 प्रसिद्ध कवियों की प्रतिमाओं का अनावरण किया। इनमें से एक प्रतिमा गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जी की भी है। ये गुरुदेव का सम्मान है, भारत का सम्मान है। इसी तरह जून के महीने में दो कैरेबियाई देश सूरीनाम और सेंट विन्सेंट एंड गेनाडाइन्स ने अपनी भारतीय विरासत को पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया।

उन्होंने कहा कि सूरीनाम में हिन्दुस्तानी समुदाय हर साल 5 जून को इंडियन अराइवल डे और प्रवासी दिन के रूप में मनाता है। यहाँ तो हिन्दी के साथ ही भोजपुरी भी खूब बोली जाती है। सेंट विन्सेंट एंड गेनाडाइन्स में रहने वाले हमारे भारतीय मूल के भाई-बहनों की संख्या भी करीब छः हजार है। उन सबको अपनी विरासत पर बहुत गर्व है। एक जून को इन सबने इंडियन अराइवल डे को जिस धूम-धाम से मनाया, उससे उनकी ये भावना साफ झलकती है। दुनियाभर में भारतीय विरासत और संस्कृति का जब ऐसा विस्तार दिखता है तो हर भारतीय को गर्व होता है।

विश्व योग दिवस की याद करते हुए श्री मोदी ने कहा, "इस महीने पूरी दुनिया ने 10वें योग दिवस को भरपूर उत्साह और उमंग के साथ मनाया है। मैं भी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुआ था। कश्मीर में युवाओं के साथ-साथ बहनों–बेटियों ने भी योग दिवस में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। जैसे-जैसे योग दिवस का आयोजन आगे बढ़ रहा है, नए-नए कीर्तिमान बन रहे हैं। दुनिया-भर में योग दिवस ने कई शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। सऊदी अरब में पहली बार एक महिला अल हनौफ साद जी ने योग अभ्यास कार्यक्रम का नेतृत्व किया। ये पहली बार है जब किसी सऊदी महिला ने किसी मुख्य योग सत्र को दिशानिर्देशन किया हो। मिस्र में इस बार योग दिवस पर एक फोटो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नील नदी के किनारे लाल सागर के समुद्रतट पर और पिरामिडों के सामने - योग करते, लाखों लोगों की तस्वीरें बहुत लोकप्रिय हुईं।"

उन्होंने कहा कि अपनी संगमरमर निर्मित बुद्ध प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध म्यांमार का माराविजया पैगोडा परिसर दुनिया में मशहूर है। यहाँ भी 21 जून को शानदार योग सत्र का आयोजन हुआ। बहरीन में दिव्यांग बच्चों के लिए एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। श्रीलंका में यूनेस्को विरासत स्थल के लिए मशहूर गॉल फोर्ट में भी एक यादगार योग कार्यक्रम हुआ। अमेरिका के न्यूयॉर्क में ऑब्ज़र्वेशन डेक पर भी लोगों ने योग किया। मार्शल द्वीप समूह पर भी पहली बार बड़े स्तर पर हुए योग दिवस के कार्यक्रम में वहाँ के राष्ट्रपति जी ने भी हिस्सा लिया।

संस्कृत को सम्मान दें, दैनिक जीवन में स्थान दें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्राचीन ज्ञान विज्ञान की समृद्ध भाषा संस्कृत को सम्मान देने और दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए आज कहा कि इस प्राचीनतम एवं वैज्ञानिक भाषा से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कार्यक्रम में संस्कृत में संवाद करते हुए कहा, "मम प्रियाः देशवासिनः अद्य अहं किञ्चित् चर्चा संस्कृत भाषायां आरभे। यानी मेरे प्रिय देशवासियों आज मैं संस्कृत भाषा पर कुछ चर्चा शुरू करता हूं।" उन्होंने कहा, "आप सोच रहे होंगे कि 'मन की बात' में अचानक संस्कृत में क्यों बोल रहा हूँ? इसकी वजह, आज संस्कृत से जुड़ा एक खास अवसर है। आज 30 जून को आकाशवाणी का संस्कृत बुलेटिन अपने प्रसारण के 50 साल पूरे कर रहा है। 50 वर्षों से लगातार इस बुलेटिन ने कितने ही लोगों को संस्कृत से जोड़े रखा है। मैं आकाशवाणी परिवार को बधाई देता हूँ।

विधानसभा की 23 समितियों का गठन, बीजेपी-7, आरजेडी 6, जदयू को 5 समिति में सभापति का प्रभार

निज संवाददाता | पटना

बिहार विधानसभा की सभी 23 समितियों का पुनर्गठन कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने शनिवार को इस पर सहमति प्रदान कर दी है। ये समितियां पहली जुलाई से प्रभावी होंगी। इनमें तीन समिति की कमान विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के पास होगी। वे नियम विशेषाधिकार व सामान्य प्रयोजन समिति के सभापति होंगे। नरेंद्र नारायण यादव विधानसभा के उपाध्यक्ष बनने के कारण किसी समिति के सभापति नहीं हैं। उधर पांच पुराने सभापति हैं। जो इस बार नई समिति के सभापति बने हैं।

विधानसभा की समितियों में सदन में क्षमता के हिसाब से विभिन्न राजनीतिक दलों को प्रतिनिधित्वव दिया गया है। और उनके विधायकों को सभापति की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सदन में सबसे बड़ी पार्टी होने के कारण भाजपा को 7, आरजेडी को 6, जेडीयू को कांग्रेस को 2 और माले-सीपीआई को एक-एक समिति में सभापति का दायित्व दिया गया है। हालांकि सात समितियों में पहले वाले सभापति को ही फिर से वह जिम्मेदारी दी गई है। कुछ को दूसरी समिति में सभापति की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नीतीश सरकार में मंत्री बन जाने के कारण दो जबकि दो विधायकों के सांसद बन जाने के कारण चार समितियों में नए लोगों को मौका दिया गया है। रेणु देवी, नीतीश मिश्रा मंत्री बन गए हैं। जबकि जीतन राम मांझी और सुदामा प्रसाद सांसद बन जाने के कारण नई समिति में नहीं हैं। पुरानी समिति के 5 सभापतियों को इस बार मौका नहीं मिला है। निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के अलावा संगीता कुमार, भूदेव चौधरी, कृष्ण कुमार ऋषि, प्रह्लाद यादव इस बार सभापति नहीं बनाए गए हैं।

बिहार विधान मंडल का मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू हो रहा है, जो 26 जुलाई तक चलेगा। विधानमंडल का मानसून सत्र बेहद छोटा होगा। नीतीश कैबिनेट ने पिछले दिनों ही मानसून सत्र को लेकर प्रस्ताव पास कर दिया था और राज्यपाल ने भी इस पर अपनी सहमति दे दी है।

विधानसभा की 23 समितियों के सभापति की लिस्ट

1.	नियम विशेषाधिकार और सामान्य प्रयोजन	नंदकिशोर यादव
2.	लोक लेखा	भाई वीरेंद्र
3.	प्राक्कलन	तार किशोर प्रसाद
4.	सरकारी उपक्रम	हरिनारायण सिंह
5.	पुस्तकालय समिति	रामवृक्ष सदा
6.	आवास समिति	अशोक चौधरी
7.	याचिका समिति	अशोक सिंह
8.	प्रत्यायुक्त विधान	अजीत शर्मा
9.	राजकीय आश्वावासन	दामोदर रावत
10.	प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण	अमरेंद्र पांडेय
11.	जिला परिषद और पंचायती राज	निरंजन मेहता
12.	अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण	डॉ रामप्रीत पासवान
13.	निवेदन	अवधेश सिंह
14.	महिला एवं बाल विकास	गायत्री देवी
15.	आचार	रामनारायण मंडल
16.	गैर सरकारी विधेयक और संकल्प	तेज प्रताप यादव
17.	पर्यावरण सरंक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण	डॉ सुनील कुमार
18.	आंतरिक संसाधन और केंद्रीय सहायता	मो. नेहालुद्दीन
19.	अल्पसंख्यक कल्याण	शकील अहमद खां
20.	कृषि उद्योग विकास	सूर्यकांत पासवान
21.	पर्यटन उद्योग	सत्यदेव राम
22.	शून्यकाल	भारत भूषण मंडल
23.	बिहार विरासत विकास	केदार नाथ सिंह

पप्पू यादव से मिलीं बीमा भारती

निज संवाददाता | पूर्णिया

लोकसभा चुनाव में पूर्णिया सीट पर निर्दलीय पप्पू यादव से हार का सामना करने वाली आरजेडी प्रत्याशी बीमा भारती ने रविवार को सांसद पप्पू यादव से मुलाकात की है। जिसके बाद से सियासी गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि बीमा भारती ने पप्पू यादव से मिलकर आशीर्वाद लिया है। और रूपौली उपचुनाव में समर्थन मांगी है। आपको बता दें पूर्णिया सीट पर कांग्रेस और महागठबंधन से टिकट नहीं मिलने पर पप्पू यादव ने इंडिपेंडेंट कैंडिडेट के तौर पर चुनाव लड़ा था। और जीत हासिल की थी। वहीं महागठबंधन की ओर से आरजेडी के टिकट पर बीमा भारती मैदान में थी। और एनडीए की ओर से जेडीयू प्रत्याशी संतोष कुमार कुशवाहा। पप्पू यादव को 5 लाख से ज्यादा वोट मिले थे। राजद प्रत्याशी बीमा भारती ने रूपौली की विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद अब 10 जुलाई को इस सीट पर उपचुनाव होना है।

बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग प्रेशर पॉलिटिक्स नहीं : चिरोग पासवान

निज संवाददाता | पटना।

बिहार को विशेष राज्य देने की मांग एक फिर से जोर पकड़ने लगी है। पहले जेडीयू और अब एनडीए की सहयोगी और चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (आर) ने भी जदयू के सुर में सुर मिलाए हैं। लोजपा (आर) के अध्यक्ष चिराग पासवना ने कहा कि बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग प्रेशर पॉलिटिक्स नहीं है। ये डिमांड तो बिहार का हर सियासी दल की रही है। चिराग पासवान ने कहा कि बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग हम लोगों की हमेशा से रही है। बिहार में कौन सा ऐसा दल है जो विशेष राज्य के दर्जे की बात नहीं करता है। और सहमति न देता हो, हम खुद इसके पक्षधर हैं। अगर हम लोग ये बोलें कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाए, तो ये प्रेशन पॉलिटिक्स नहीं है। हम लोग जिस सरकार के गठबंधन में हैं। जिस एनडीए का हिस्सा हैं। चिराग ने कहा कि एनडीए का सबसे बड़ा घटक दल भाजपा जनता पार्टी है। जिसके नेता हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिन पर हम सबको विश्वास है, ये मांग हम उनसे नहीं तो किससे करेंगे। हम लोग ये भी मानते हैं कि नीति आयोग के अधीन ये विषय आता है। इससे पहले जब योजना आयोग था तो उसमें कुछ ऐसे प्रावधान थे, जिनसे कुछ स्टेट को विशेष राज्य का दर्जा मिलता था। नए प्रावधानों के अनुसार इसमें जरूर कुछ टेक्निकल इश्यू हैं। उसका भी हम सब मिलकर समाधान ढूंढेंगे।

चिकित्सक का होना चाहिए सम्मान : नंदकिशोर यादव

निज संवाददाता | पटना

चिकित्सक धरती के भगवान होते हैं। सैकड़ों हजारों लोगों को जीवनदान देते हैं। हर किसी को उनका सम्मान करना चाहिए। ये बातें विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने नई दिशा परिवार की ओर से डॉक्टर्स डे की पूर्व संध्या पर रविवार को बीआईए में आयोजित सम्मान समारोह में कहीं।

समारोह के मुख्य अतिथि सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद चौरसिया ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में चिकित्सकों की भूमिका सराहनीय है। कोरोना काल में चिकित्सकों ने इसे साबित भी किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा ने की। समारोह में चिकित्सकों को एक्सीलेंस अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। सम्मानित होनेवाले चिकित्सकों में डॉ. रवि सिंह, पद्मश्री डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा, डॉ. पूजा, डॉ. दिवाकर तेजस्वी, डॉ. सीके तिवारी, डॉ. निखिल चौधरी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. एसके कृष्णा समेत कई अन्य चिकित्सक शामिल हैं।

25 राज्यों में होगी मूसलाधार बारिश, दिल्ली में ऑरेंज अलर्ट

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने रविवार को अपनी ताजा रिपोर्ट में भारत के कई राज्यों में मूसलाधार बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। मौसम एजेंसी ने यह भी कहा है कि इस दौरान कई जगहों पर मेघ गरजने की भी संभावना है। हाल ही में उपग्रह से ली गई तस्वीरों में इसका खुलासा हुआ है। आईएमडी के अनुसार, पंजाब और उससे सटे हिमाचल प्रदेश, दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे सटे उत्तर-पूर्वी छत्तीसगढ़, दक्षिण-पूर्व मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, दक्षिण गुजरात, दक्षिण तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, दक्षिण कर्नाटक, उत्तर तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम और मेघालय में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। कई इलाकों में बिजली भी गिर सकती है। तेज हवाओं के भारी बारिश के आसार बन रहे हैं।

इन क्षेत्रों के अलावा, ओडिशा, कोंकण, गोवा, दक्षिण मध्य महाराष्ट्र, केरल, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, लक्षद्वीप और निकोबार द्वीप समूह में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। इस सप्ताह की शुरुआत में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 88 वर्षों में सबसे अधिक वर्षा हुई। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में गुरुवार 27 जून को सुबह 8:30 बजे से शुक्रवार 28 जून को सुबह 8:30 बजे तक 228 मिमी वर्षा हुई। यह जून के महीने में दिल्ली में 24 घंटे की सबसे अधिक वर्षा है। 1936 में जून महीने में 24 घंटे में 235.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की वैज्ञानिक सोमा सेन ने शनिवार को कहा कि अगले दो दिनों में दिल्ली में भारी वर्षा होने की संभावना है।

दिल्ली में ऑरेंज अलर्ट

सेन ने कहा कि आने वाले दिनों में उत्तर भारत में बारिश बढ़ने की उम्मीद है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में मॉनसून आगे बढ़ गया है और अगले 2-3 दिनों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भी छा जाएगा। उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पूर्वी राजस्थान के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पूरे मध्य भारत में भारी बारिश होगी। अरुणाचल प्रदेश और असम में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। कल तक पश्चिमी प्रायद्वीपीय क्षेत्र में बारिश बढ़ जाएगी। उत्तर भारत के राज्यों में भी भारी बारिश होगी। हमने अगले दो दिनों में दिल्ली में भारी बारिश की घोषणा की है।

विश्व चैंपियन टीम इंडिया को 100 करोड़ से ज्यादा मिलेगी प्राइज मनी

नई दिल्ली (ए.)। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में शनिवार को भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को 7 रन से परास्त किया। बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल मैदान पर खेले गए इस रोमाचंक मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 176 रन बनाए। जवाब में एडेन मार्करम की कप्तानी वाली टीम निर्धारित ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 169 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ ही आईसीसी खिताब का सूखा खत्म हुआ। ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम इंडिया पर पैसों की बारिश की है। बोर्ड ने टीम के लिए 125 करोड़ रुपये प्राइस मनी की घोषणा की है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी।

बिहार सरकार उद्योग के लिए दे रही 10 लाख, आज से शुरू होगा आवेदन

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार राज्य के युवाओं और युवतियों को उद्योग लगाने के लिए 10 लाख रुपये दे रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एक जुलाई को सुबह 11 बजे से आवेदन शुरू होंगे। विभागीय पोर्टल https://udyami.bihar.gov.in/ पर आवेदन करना है। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की यह प्रक्रिया 31 जुलाई तक जारी रहेगी।

संक्षिप्त समाचार

फतेहपुर में एसएच-70 पर ऑटो पलटने से 6 घायल

फतेहपुर। फतेहपुर थाना क्षेत्र के कठिऔंध गांव के पास गया-रजौली स्टेट हाईवे 70 मुख्य सड़क पर शनिवार को एक ऑटो असंतुलित होकर पलट गया। इस घटना में ऑटो पर सवार छह लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर व निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। सभी को खतरे से बाहर रहना बताया गया है। बताया गया है कि ऑटो यात्रियों को बैठकर फतेहपुर से सिरदला की ओर जा रहा था। वह कठिऔंध गांव के पास से गुजर रहा था। इसी समय अचानक ऑटो का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर पलट कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में ऑटो पर सवार छह लोग घायल हो गए। इसमें से पांच घायलों को इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जबकि एक घायल महिला सड़क पर ही पड़ी कराह रही थी। उसी समय वहां से गुजर रहे जिला पार्षद प्रेम कुमार ने घायल महिला को इलाज के लिए अपनी वाहन से फतेहपुर सीएचसी में लाकर भर्ती कराया। यहां महिला का समुचित इलाज किया गया। घायल महिला की पहचान नवादा जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली अर्चना देवी (45) के रूप में हुई है। घटना की सूचना महिला के परिजनों को दे दी गई है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंची और घटना की जांच की। साथ ही घटना के बारे में ग्रामीणों से जानकारी ली। इधर, इलाज के बाद घायलों की स्थिति सामान्य रहना बताया गया है।

महिला की गला रेतकर हत्या

गया। गया शहर के नई गोदाम पुलिस अड्डा के पास जयप्रकाश बाबू गली स्थित घर में अकेली सोयी महिला मंजू देवी (50) की दिनदहाड़े गला रेतकर हत्या कर दी गई। वारदात के समय घर में कोई नहीं था। पति अरुण प्रसाद दुकान पर, बेटा मयंक कुमार घर के बाहर एवं छोटी बेटी स्कूल गई थी। परिजन के अनुसार मंजू देवी लकवाग्रस्त थी, इस कारण वह घर में ही पड़ी रहती थी। घटना की जानकारी मिलते ही एएसपी नगर पीएन साहू व कोतवाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मृतका के परिजन व सगे-संबंधियों से पूछताछ कर घटना की जानकारी लेकर अपराधी की पहचान करने में जुट गई है। घटनास्थल पहुंचे एएसपी नगर ने बताया कि महिला की नृशंस तरीके से हत्या की गई है। वारदात के समय महिला घर में अकेली थी। एफएसएल की टीम बुलाकर घटनास्थल की बारीकी से जांच करायी गई है। सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर अपराधियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही इस मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। मंजू देवी का फाइल फोटो। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस। सबसे पहले बेटी को मिली जानकारी जिस समय घटना को अंजाम दिया गया, उस समय घर में परिवार का कोई सदस्य नहीं था। जब मृतका की छोटी बेटी स्कूल से घर लौटी, तो मां को जमीन पर खून से लथपथ देखी। यह देख वह बदहवास शोर मचाने लगी। उसने तुरंत घटना की जानकारी अपने भाई व अन्य परिजन को दी। दिनदहाड़े हुए इस वारदात की जानकारी नई गोदाम मोहल्ले में फैलते ही बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। घटना के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजन किसी से दुश्मनी की बात से इनकार का रहे हैं। दो दिन पहले बेटे पर भी हुआ था हमला मृतका का बेटा मयंक कुमार ने बताया कि कुछ माह पहले सराय के रहने वाले टाइगर अंजर से उसकी दोस्ती हुई थी। दो दिन पहले अंजर उसके पास आया और पैसे की मांग करने लगा। पैसा नहीं देने पर उसने चाकू से वार कर दिया था, जिसमें उसका हाथ कट गया था। उसने उसे जान मारने की भी धमकी दी थी। हालांकि उसने यह भी बताया कि अंजर उसका घर नहीं जानता था।

नौ दिनों में पांच पुल गिरे, यह चिंता का विषय, हो रही है जांच : मांझी

गया। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी शनिवार की अहले सुबह नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस से गया पहुंचे। केन्द्रीय मंत्री बनने के बाद दूसरी दफा गया में उनका आगमन हुआ है। गया पहुंचते ही वे सीधे सर्किट हाउस में गए, जहां उनका भव्य स्वागत हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा से. के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने किया।इस बीच उन्होंने कार्यकर्ताओं से कई मामलों में बातचीत की, फिर पत्रकारों से भी मिले। पत्रकारों ने सर्वप्रथम केन्द्रीय मंत्री से पूछा कि इन दिनों पुल गिरने की घटना काफी बढ़ गई है। इस उन्होंने जवाब दिया कि निश्चित रूप से यह एक चिंता का विषय है। इधर कुछ दिनों में कई पुल गिरने की घटनाएं हुई हैं, पर यह घटनाएं 15 से 20 दिन पहले नहीं हो रही थी, एकाएक नौ दिनों में पांच पुल गिरना उच्च स्तरीय जांच का विषय है। आखिर लगातार पुल गिरने की घटना क्यों हो रही है? ये गिर रहे हैं या गिराए जा रहे हैं। इसकी भी जांच होनी चाहिए। इसके पीछे कहीं न कहीं कोई कोई न कोई राजनीतिक साजिश है। ऐसी शंका मुझे है। सरकार को बदनाम करने का षड़यंत्र केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार को बदनाम करने का षड़यंत्र रचा जा रहा है। मुझे लगता है कि सरकार को बदनाम करने के लिए यह सब किया जा रहा है। श्री मांझी ने कहा कि सरकार अपने स्तर से जांच कर रही है। पुल ध्वस्त होने के पीछे घटिया निर्माण सामग्री या फिर इंजीनियर की लापरवाही की भी जांच हो रही है। प्रदेश की सरकार उच्च स्तरीय जांच के बाद कठोर कार्रवाई करेगी।सरकार का उद्देश्य किसी को फंसाना नहीं श्री मांझी ने नीट पेपर लीक के मसले पर कहा कि जो धांधली हुई है, उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। आरोपी भी पकड़े जा रहे हैं। भारत सरकार का उद्देश्य केवल कार्रवाई ही नहीं अब ऐसी व्यवस्था बनाने की है, जहां से किसी प्रकार की धांधली की कोई गुंजाइश ही न हो। कहा कि सरकार का उद्देश्य किसी को फंसाना या फिर बचाना नहीं है, जो दोषी है उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

टूटी हुई सड़कों की मांगी सूची

गया। नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा ने नगर-निगम कार्यालय में शनिवार को वार्ड 1 से 14 एवं 32 से 46 के पार्षदों के साथ बैठक की। बैठक में बुडको व अन्य विभागों द्वारा तोड़ी गई ऐसी सड़क, जिनकी मरम्मति नहीं है, की सूचि मांगी गई। नाली सफाई के क्रम में तोड़े गए नाली ढक्कनों की सूची भी मांगी गई ताकि जांच कर उसे बनवाया जा सके। वार्ड की अन्य समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। यह बैठक पितृपक्ष की तैयारी को लेकर थी। बैठक में उप नगर आयुक्त, अभियंता शैलेंद्र कुमार सहायक, बुडको के सहायक अभियंता ज्योति प्रकाश, लोक स्वच्छता पदाधिकारी एवं सभी कनीय अभियंतामौजूद रहे।

टीका देने में रखें समय और खुराक का ध्यान

करायपरसुराय। स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शनिवार को टीकाकरण को लेकर प्रभारी की अध्यक्षता में एएनएम की बैठक हुई। बैठक में प्रभारी डा. अरुण कुमार सिन्हा ने सभी एएनएम को समय के अनुसार गर्भवती महिलाओं को टीका देने तथा खुराक की मात्रा के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। यूनिसेफ के एसएमसी चंद्रभूषण कुमार ने जन्म से 12 माह तक के बच्चों को विभिन्न समय के अनुसार दिए जाने वाले बीसीजी वैक्सीन, हेपेटाइटिस बी, सीपीभी, ओपीभी, पीसीसी समेत अन्य वैक्सीन के बारे में जानकारी दी। डा. अमीर हैदर ने 16 माह से 16 वर्ष तक के बच्चों को दिए जाने वाली वैक्सीन डीपीटी बुस्टर, ओपीभी बुस्टर समेत अन्य वैक्सीन के बारे में बताया। उन्होंने खुराक की मात्रा कितनी होगी, किस स्थान पर देना है आदि जानकारी दी। उन्होंने बैठक में उपस्थित एएनएम से कहा कि प्रखंड क्षेत्र में जो भी बच्चे अब तक ऐसे वैक्सीन नहीं लिए हैं, वैसे बच्चों को चिन्हित कर हर हाल में टीकाकरण किया जाए।

पुलिस पर हमला करने में एक धराया

गया। रामपुर थाना द्वारा पुलिस पर हमला करने के मामले में शोभित यादव उर्फ राहुल कुमार को गिरफ्तार किया है। शोभित चंदौती थाना क्षेत्र के कंडी नवादा का रहने वाला है। थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि साल 2021 में कोतवाली थाना द्वारा बालू लदा दो ट्रैक्टर पकड़ा गया था। थाना परिसर में जगह नहीं रहने के कारण ट्रैक्टर को चंदौती थाना लाया जा रहा था। इसी बीच आशा सिंह मोड़ के पास 15-20 की संख्या में रहे लोगों ने ट्रैक्टर ले जा रहे पुलिस दल पर हमला कर दिया और दोनों गाड़ी लेकर भाग गए। बताया कि इस मामले में फरार चल रहे नामजद शोभित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति ने किया सुसाइड, गया में चल रहा था शख्स का इलाज

निज संवाददाता। गया

गया में शुक्रवार की शाम बस के आगे कूद कर आत्महत्या करने वाले की पहचान हो गई। मृतक औरंगाबाद के बंदया थाना के झिकटिया गांव निवासी राजबल्लभ प्रसाद बिंद है। जो मानसिक रूप से बीमार था। गया में उसका इलाज चल रहा था। मृतक के लड़के के बयान पर डेल्हा थाना पुलिस ने यूडी केस दर्ज किया है। गौरतलब है कि शुक्रवार की शाम डेल्हा थाना क्षेत्र के छोटकी डेल्हा मुख्य मार्ग पर सामने से आ रही सवारी बस के पिछले पहिए के नीचे कूद कर एक अधेड़ ने जान दे दी थी। इस दर्दनाक घटना का किसी ने लाइव वीडियो भी बनाया था। मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। घटना के दूसरे दिन शनिवार को पोस्टमॉर्टम कराया गया था। काफी देर बाद मृतक के परिजन डेल्हा थाने पहुंचे। वहां परिजनों ने कपड़ों से मृतक की शिनाख्त की।

बड़े बेटे के बयान पर यूडी केस दर्ज: थानाध्यक्ष इंद्रदेव इंद्र ने बताया कि मृतक औरंगाबाद जिले के बन्दया थाना क्षेत्र के झिकटिया गांव का रहने वाला था। बीते कुछ दिनों से वह मानसिक रूप से बीमार था। मृतक का छोटा बेटा अजय डेल्हा थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रह कर पढ़ाई करता है। इस वजह से राजबल्लभ का गया में ही इलाज चल रहा था। अजय ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की शाम वह कोचिंग क्लास करने गया था। घर पर उसके पिता अकेले थे। शाम को वे घर से निकल गए और बस के आगे कूद कर जान दे दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के बड़े बेटे के जितेंद्र कुमार के बयान के आधार पर यूडी केस दर्ज किया गया है।

❐ बस के आगे कूदकर दी थी जान

रेस्टोरेंट में खाना खाने पहुंचा अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा की नूरसराय पुलिस ने टॉप-10 कुख्यात अपराधी को गिफ्तार किया है। पकड़ा गया अभियुक्त नूरसराय थाना क्षेत्र के गोडीहा गांव निवासी इंद्रजीत पासवान का पुत्र गोरु पासवान है। गोरु पासवान पिछले ढाई साल से अलग-अलग कांडों में फरार चल रहा था। नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुख्यात अपराधी गोरु पासवान बिहार शरीफ के अस्पताल चौराहा के निकट एक रेस्टोरेंट में आया हुआ है। सूचना मिलने के उपरांत तत्काल पुलिस अस्पताल चौराहा पहुंची जहां से गोरु पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया। गोरु पासवान पर नूरसराय थाना और नालंदा जिला के अन्य थाना में लूट, रंगदारी जैसे संगीन अपराध के मामले दर्ज हैं।

लूट-रंगदारी के कुल 9 मामले दर्ज: गोरु पासवान के ऊपर नूरसराय और चण्डी में लूट-रंगदारी के कुल 9 मामले दर्ज हैं। वहीं लहेरी थाना में हत्या के मामले में आरोपित है। पुलिस लगातार गोरु पासवान पर अपनी दबिश दे रही थी। लेकिन हर बार चकमा देकर वह निकल जा रहा था। जिले भर में दर्जन भर मामला गोरु पासवान के ऊपर दर्ज है।

गया में दिनदहाड़े महिला की हत्या, वारदात के वक्त घर में थी अकेली

निज संवाददाता। गया

गया के कोतवाली थाना क्षेत्र के नई गोदाम पुलिस अड्डा के सामने वाली गली में स्थित एक घर में घुस कर अपराधियों ने एक महिला की हत्या कर दी। हत्या के वक्त घर मे कोई नहीं था। महिला मंजू देवी का पति अपनी दुकान पर बेटा घर से बाहर और बेटी स्कूल में पढ़ाने को गई हुई थी। स्कूल से छुट्टी होने के बाद नेहा घर लौटी तो उसने अपनी मां को जमीन पर मृत पाया। महिला की गला रेत कर हत्या की गई है। इसकी सूचना अपने भाई मयंक को और अन्य परिजनों को दी। साथ ही कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी।

CCTV फुटेज खंगाल रही है पुलिस: बताया जा रहा है कि मारी गई महिला पैरालाइज्ड थी। हत्या बेरहमी से की गई है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल देखने से प्रतीत होता है कि महिला ने विरोध भी किया था। दीवार और अन्य स्थानों पर खून के धब्बे पड़े हैं। वहीं कोतवाली इंस्पेक्टर आशीष मिश्रा ने बताया कि घटना स्थल पर FSL

की टीम को बुलाया गया है, जिस कमरे में हत्या की गई है उस कमरे को फिलहाल सुरक्षित रखा गया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पीड़ित पक्ष की ओर से दी गई जानकारी पर जांच पड़ताल की जा रही है। मृतका के बेटे मयंक ने बताया कि वह अपने पिता के साथ दुकान पर था। बहन नेहा ने जब घटना की सूचना दी तो मौके पर पहुंचा तो देखा कि मां की हत्या गला रेत कर दी गई है। मां के गले से सोने की चेन भी अपराधी लूट ले गए हैं।

क्या बोली पुलिस: इधर कोतवाली इंस्पेक्टर का कहना है कि घटना 11 से 3 बजे की है। उन्होंने बताया कि कमरे में लूट से जुड़ा हुआ अब तक कोई सबूत नहीं मिला है। घर की आलमारी बन्द पड़ी हैं।

रोटरी क्लब ऑफ तथागत का कल से शुरू होगा सत्र, जोसेफ टीटी अध्यक्ष और सचिव बने डॉ. विभाष

परियोजनाएं इस प्रकार हैं

- ❐ गांव चलो (खुशहाल गांव) साक्षरता का विस्तार करें, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करें, महिलाओं का सशक्तिकरण।
- ❐ पौधरोपण।
- ❐ स्लम बच्चों को मुफ्त शिक्षा दें।
- ❐ चिकित्सा शिविर आयोजित कर, मुफ्त दवा का वितरण।
- ❐ वयस्क साक्षरता।
- ❐ युवा गतिविधियां।
- ❐ रक्तदान।
- ❐ नागरिक भावना के बारे में जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए वकालत और रैलियां आयोजित करना।
- ❐ किशोरों के लिए करियर काउंसिलिंग।

निज संवाददाता। नालंदा

रोटरी क्लब ऑफ तथागत 1 जुलाई 2024 को अपना नया सत्र शुरू करेगा। सत्र के लिए स्थापना समारोह 29 जून की रात बिहारशरीफ के एक निजी होटल में हुआ। रोटरी वर्ष 2026-27 के लिए निर्वाचित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनु नारंग मुख्य अतिथि थीं। जबकि पीडीजी रोटेरियन संदीप नारंग विशिष्ट अतिथि थे। रोटरी तथागत के वर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन दीपक कुमार और सचिव रोटेरियन महेश लोहानी ने सभा को संबोधित किया और वर्ष 2023-24 के दौरान उन्हें समर्थन देने के लिए सभी का धन्यवाद किया। अगले सत्र के लिए अध्यक्ष पद पर रोटेरियन जोसेफ टीटी और सचिव पद पर डॉ. विभाष को चुना गया।

फोर्थ इन्स्टॉलेशन सेरेमनी का हुआ आयोजन: उन्होंने वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुछ रोटेरियन को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। आगामी सचिव रोटेरियन डॉ. विभाष ने 2024-25 के लिए लक्ष्यों और योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने रोटरी क्लब तथागत द्वारा सत्र 2024-25 के लिए शुरू की जाने वाली कई परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा।

प्रस्ताव निश्चित रूप से पूरे होंगे: रोटेरियन अध्यक्ष जोसेफ टी टी ने कहा कि सभी प्रस्ताव निश्चित रूप से पूरे होंगे। उन्होंने सभी रोटेरियन और शुभचिंतकों से प्रार्थना की कि वे उन्हें तीन चीजें दें... अपने समय का एक छोटा सा हिस्सा, अपनी कमाई का एक छोटा सा हिस्सा और अपने सभी सपनों के प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए ढेर सारा प्यार और आशीर्वाद।

नालंदा में कार सवार बदमाशों ने छड़ लोडेड ट्रैक्टर लूटा, ड्राइवर को बंधक बनाकर की मारपीट

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में बदमाशों के द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया है। मामला चेरो ओपी अंतर्गत खरुआरा पुल के समीप की है, जहां चार पहिया सवार बदमाशों ने ट्रैक्टर चालक को बंधक बनाते उसके साथ मारपीट की और छड़ लदे ट्रैक्टर को लूट लिया। घटना शनिवार की रात की है। घटना का खुलासा रविवार को हुआ है। यह पूरी घटना चेरो ओपी से महज 50 मीटर की दूरी पर हुई है। ड्राइवर रहुई थाना क्षेत्र के खाजे एतवारसराय निवासी अरविंद प्रसाद है। वह फतुआ से ट्रैक्टर पर छड़ लोड कर बिहार शरीफ आ रहा था।

ड्राइवर को बंधक बनाकर फरार हो गए बदमाश: छड़ फैक्ट्री के मालिक सुनील साव ने बताया कि उनके भतीजे के मोबाइल पर रात्रि में ट्रैक्टर चालाक का फोन आया की चार पहिया सवार बदमाशों के द्वारा ट्रैक्टर को ओवरटेक करते हुए चेरो ओपी से महज 50 मीटर की दूरी पर रोक लिया गया और मारपीट करते हुए जबरन उसे कार में बिठा लिया और छड़ लोड ट्रैक्टर को गायब कर दिया। कार में बैठाकर ड्राइवर को चण्डी थाना क्षेत्र के रामघाट के समीप लेकर चला गया जहां पुल निर्माण के लिए बनाए गए कमरे में हाथ पैर एवं मुंह में कपड़ा ठूस कर वहीं छोड़ बदमाश फरार हो गए। किसी तरह से ड्राइवर खुद को बंधन मुक्त करते हुए सड़क पर आया और फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके उपरांत वे लोग लोकल पुलिस की मदद से चेरो ओपी पुलिस को घटना की जानकारी दी और ड्राइवर को रामघाट से बरामद करते हुए इलाज के लिए हरनौत रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया इसके उपरांत पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

कार सवारों बदमाशों ने की मारपीट: पूछताछ में ड्राइवर अरविंद प्रसाद ने बताया कि बारिश होने की वजह से वह ट्रैक्टर को चेरो ओपी के समीप ही लगाकर खड़ा था। जैसे ही बारिश कम हुई तो वह ट्रैक्टर लेकर आगे बढ़ने लगा। इसी बीच चार पहिया वाहन जबरन ट्रैक्टर के आगे आ गया और ब्रेक लगा दी, जिसके कारण ट्रैक्टर गाड़ी के पीछे लग गई। इतने में ही कार सवार उतरकर उसके साथ मारपीट करने लगे सभी 25 से 35 साल के उम्र के थे और जबरन उसे ट्रैक्टर से उतार कर गाड़ी में बिठा लिया और वहां से उसे लेकर रामघाट की तरफ चल पड़े। वहीं इस मामले में चेरो ओपी प्रभारी मिथिलेश कुमार पंडित ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। जल्द ही बदमाशों को पकड़ मामले का उद्वेदन कर लिया जाएगा। कार सवार आधा दर्जन लोगों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है।

नालंदा पुलिस ने फर्जी सिपाही को किया गिरफ्तार, चोरी मामले में वादी को धमकाया था

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा पुलिस ने बिहार पुलिस के फर्जी सिपाही पकड़ लिया। पकड़ा गया फर्जी सिपाही शेखपुरा जिला के बरबीघा थाना क्षेत्र अंतर्गत माहुर गांव निवासी कुंवर यादव का पुत्र पप्पू कुमार है। बिहार थाना अध्यक्ष रामाशंकर सिंह ने रविवार ने बताया कि 18 जून को बिहार थाना में कृष्ण कुमार की पत्नी तनु सिंह जो निचली किला गढ़पर चंदन कुमार के घर में किराए के मकान में फ्लैट लेकर रह रही है। उनकी फ्लैट में चोरी हुई थी। उन्होंने अपने फ्लैट के सामने वाले किराएदार जमुई के चंद्रदीप थाना क्षेत्र के खड़गपुर गांव निवासी मनीष कुमार पर आरोप लगाया था कि उसी के द्वारा घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई थी। तभी वादी ने केस के अनुसंधानकर्ता को जानकारी दी गई कि उनके पास 26 जून को बिहार थाना की पुलिस आई थी। जो यह कह रही थी कि उसने एफआईआर कर गलती कर दी है। मनीष कुमार निर्दोष हैं और उसे चोरी में फंसा दिया गया है। अब उन्हें डीएसपी और एसपी कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ेगा।छानबीन में पता चला कि बिहार थाना से कोई पुलिसकर्मी वादी के घर नहीं गया था। इसके उपरांत सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई तो पता चला की उक्त फर्जी सिपाही बिहार थाना और जिला बल का नहीं है।

वादी को धमकाने के लिए फर्जी सिपाही को कहा था: पूछताछ के दौरान फर्जी सिपाही ने कहा कि बिहार थाना क्षेत्र के गढ़पर स्थित सिद्धेश्वर प्रसाद के मकान में एक किराए का कमरा लेकर रहता है। फर्जी सिपाही की निशानदेही पर उसे किराए के कमरे से पुलिस की वर्दी, जूता, टोपी, बिहार पुलिस का बैच बरामद किया गया है। फर्जी सिपाही का पूर्व से आपराधिक इतिहास भी रहा है। फर्जी सिपाही से वादी को धमकी दिलवाने के मामले में मनीष कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। फर्जी सिपाही के पास से खाकी वर्दी पैंट और शर्ट, बेल्ट। पप्पू कुमार के नाम का नाम प्लेट, पुलिस का काला बूट, पुलिस की ब्लू टोली जिस पर बिहार पुलिस का बैच लगा हुआ, खाकी रंग का जैकेट, एक मोबाइल सेट, पुलिस की लाठी, एसडीपीओ सदर के नाम का फाइल जिस पर 243 अंकित, बिहार पुलिस का बरगद का निशान, भिसिल कोड, अपाचे मोटरसाइकिल जिस पर पुलिस लिखा हुआ है। बरामद किया गया है।

जिला परिषद जनप्रतिनिधियों ने मोतिहारी की घटना पर जताया दुख, गया में सरकार से हथियार के लाइसेंस की मांग

● कहा- त्रि-स्तरीय पंचायत के प्रति सौतेला व्यवहार

निज संवाददाता। गया

गया जिला परिषद ने मोतिहारी जिला परिषद सदस्य सुरेश यादव की बीते दिनों हुई हत्या मामले रोष जताया है और दो मिनट का मौन रख कर मृत आत्मा की शांति की कामना की। साथ ही में कहा कि त्रि स्तरीय पंचायत के प्रति बिहार सरकार का सौतेला व्यवहार है। त्रि स्तरीय पंचायत का कोई भी सदस्य प्रदेश में सुरक्षित नहीं है। यही वजह है कि मोतिहारी में कर्मठ जिला पंचायत सदस्य सुरेश यादव की हत्या कर दी गई। हालांकि पुलिस ने दो अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है पर त्रि स्तरीय पंचायत का एक कर्मठ सदस्य हमेशा के लिए दुनिया से चला गया। इस मौके पर त्रि स्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों ने बिहार सरकार के प्रति खासा रोष भी जताया।

हथियार के लिए लाइसेंस की मांग: जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी उपाध्यक्ष शीतल यादव ने कहा कि डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी जब पंचायती राज मंत्री थे तो उन्होंने कहा था कि सभी सदस्यों को हथियार का लाइसेंस दिया जाएगाश् लेकिन ऐसा आज तक नहीं हुआ। ऐसा नहीं होने से त्रि स्तरीय पंचायत के सदस्य खुद को असुरक्षित महससू कर रहे हैं। उन्हें क्षेत्र में निकलने में भय का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सरकार त्रि स्तरीय पंचायत के सदस्यों को हथियार का लाइसेंस मुहैया कराए। क्योंकि जन प्रतिनिधियों को दिन रात जनता के बीच जाना पड़ता है। इस दौरान कुछ असामाजिक तत्व के लोग जन प्रतिनिधियों से रंजिश रखने लगते हैं जिसका परिणाम दुखद होता है। इसके अलावा उन्होंने बिहार सरकार से मांग की है कि मृतक सुरेश प्रसाद के आश्रितों को 50 लाख रुपये का मुआवजा और एक सरकारी नौकरी दे। साथ ही आश्रित परिवार को सुरक्षा प्रदान करे।

कर्ज न चुकाना पड़े इसलिए कर दी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के टिपो गांव के रहने वाले अधेड़ रईस खान की हत्या मामले में जिला पुलिस ने एक अपराधी इस्तियाक खान को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 3 खोखे और हत्या में इस्तेमाल की गई बाइक को भी बरामद कर लिया गया है। पकड़े गए अपराधी ने अपना जुर्म कबूल किया है। उसने पुलिस को बताया है कि रईस खान से उसने जमीन खरीदने के लिए रुपये बतौर कर्ज लिए थे। कर्ज चुकता न करना पड़े इसलिए रईस खान की हत्या कर दी।

क्या बोले SDPO: एसडीपीओ वजीरगंज सुनील कुमार पांडे ने बताया कि बीती 26 जून की रात टिपो गांव के रहने वाले रईस खान की गोली मार कर अपराधियों ने हत्या कर दी थी। रईस खान किसी शादी समारोह से वापस घर को लौट रहे थे। घटना को अपराधियों ने पवई ओ तरमा के बीच पड़ने वाले पुल के निकट अंजाम दिया था। वारदात के समय मारे गए रईस खान के साथ उनकी बाइक पर उनका भांजा भी था लेकिन अपराधियों ने उनके भांजे को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं पहुंचाया था। एसडीपीओ ने बताया कि वारदात का खुलासा और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने एसआईटी गठित की गई थी। एसआईटी ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर घटना की जांच की तो इस्तियाक खान की संलिप्तता संदिग्ध पाई गई।

नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत

निज संवाददाता



नरहट (नवादा)। रविवार को करीब ग्यारह बजे नरहट थाना क्षेत्र के देवरा गांव के समीप तिलैया नदी में डूबने से दो बच्चे की मौत हो गई। जबकि दो बच्चे बाल बाल बच गए। जिसमें एक ओम कुमार की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जबकि उज्ज्वल कुमार का इलाज गांव में किया गया और वह स्वस्थ बताया जा रहा है। दोनों मृतक बच्चे देवरा गांव के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान शिवकुमार चौधरी के दस वर्षीय पुत्र सतीश कुमार और परवीन कुमार के बारह वर्षीय पुत्र प्रिंस राज के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रविवार को दिन के करीब ग्यारह बजे देवरा गांव के पांच बच्चे पास से गुजरी तिलैया नदी में स्नान करने गए थे। पहली वर्षा के बाद नदी में पानी का बहाव शुरू हुआ है। स्नान के दौरान ही चार बच्चे गहरे पानी में चले गए। एक बाहर रहे बच्चा ने अपने चार साथी बच्चों को डूबता देख शोर मचाया तभी आसपास रहे लोगों ने दुब रहे बच्चों को बचाने का प्रयास किया और दो बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। लेकिन दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। सूचना बाद घटना स्थल पर पहुची नरहट पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। घटना की जानकारी के साथ गांव में कोहराम मच गया। स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

21 महीने बाद सम्राट तोड़ेंगे प्रण, प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित करेंगे अपनी पगड़ी

निज संवाददाता

पटना। श्रीराम प्रभु के दर्शन एवं मुंडन कराने के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार को संगी-साथी के साथ जाएंगे। सम्राट का काफिला सड़क मार्ग से छपरा-गोपालगंज के रास्ते अयोध्या पहुंचेगा। यात्रा में उनके साथ नीतीश सरकार में सम्मिलित भाजपा कोटे के कई मंत्रियों के अतिरिक्त पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी होंगे। संभव है कुछ वरिष्ठ नेता भी सम्राट के साथ भगवान श्रीराम का दर्शन करने जाएं। अयोध्या पहुंचने पर उप मुख्यमंत्री बाकायदा श्रीराम के चरणों में अपनी पगड़ी (मुरेठा) समर्पित कर मुंडन भी कराएंगे। दरअसल, विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष रहते हुए सम्राट ने मुख्यमंत्री की कुर्सी से नीतीश कुमार को हटाने के बाद ही पगड़ी उतारने की घोषणा की थी। अब बदली हुई परिस्थितियों में सम्राट ने निर्णय वापस ले लिया है। बकौल सम्राट, मां के निधन के बाद सितंबर-2022 में सिर पर पगड़ी बांधी थी, पर इसे दूसरे अर्थ में प्रचारित किया गया। वैसे व्यक्तिगत निर्णय निरस्त भी हो सकते हैं। सम्राट की पगड़ी पिछले 21 महीने से चर्चा में हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष रहते हुए सम्राट से पगड़ी को लेकर पूछ चुके हैं। अब पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्णय के तहत सम्राट संगी-साथी संग श्रीराम लला के दर्शन के लिए अयोध्या जा रहे हैं।

प्रशिक्षुओं के बीच दिया गया आम का पौधा और प्रमाण-पत्र

निज संवाददाता

कौआकोल (नवादा)। प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन में कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के बैनर तले अनुसूचित जाति उप-योजना के तहत चल रहे जलवायु अनुकूल कृषि विषयक पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन रविवार को किया गया। समापन के बाद केवीके के प्रभारी वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह, कोर्स कॉर्डिनेटर रविकांत चौबे, वैज्ञानिक डॉ. अनुज्ञा भारती, डॉ. शशांक शेखर सिंह, रौशन कुमार, अंगद कुमार एवं सुमिताप रंजन के द्वारा सभी प्रशिक्षु प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं एक-एक आम का पौधा देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों को जलवायु के अनुकूल खेती करने के तौर-तरीकों के साथ इससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई। वैज्ञानिकों ने कहा कि यदि किसान जलवायु के अनुकूल खेती करें तो प्रकृति के द्वारा भी किसानों को कृषि में मदद किया जाता है।

बिहार बोर्ड के टॉपर छात्र -छात्राओं को प्रोत्साहन राशि देकर किया गया सम्मानित

निज संवाददाता

पटना। नगर के गांधी मैदान के समीप स्थित बिहार चैम्बर ऑफ़ कौमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभागार में आयोजित रमन प्रकाश वंका आईपीएस स्मृति ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित समारोह में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटर एवं मैट्रिक परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने बाले कुल छह छात्रों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह एवं जीविका के हरजीत कौर एवं ट्रस्ट के संस्थापक सह आईपीएस रमन प्रकाश वंका के पिता श्री ओम प्रकाश वंका ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्व रमन प्रकाश वंका को पुष्प समर्पित कर हुआ। समारोह में इंटर साइंस टॉपर मृत्युंजय कुमार एवं इंटर कामर्स प्रिया कुमारी तथा आर्ट्स टॉपर तुसार कुमार तथा मैट्रिक टॉपर शिवांकर कुमार को एक एक लाख रूपये का चेक तथा लड़की वर्ग में पलक कुमारी एवं साजिया प्रवीण को पचास हजार रूपये का चेक मुख्य अतिथि के हाथों सौंपा गया। समारोह में शामिल हुए छात्रों के माता पिता को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शहीद आईपीएस रमन प्रकाश बँका के कृतित्व एवं व्यकितत्त्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने उन्हें श्रद्धापुर्वक नमन करते हुए ट्रस्ट के द्वारा पिछले 10 वर्षो से चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की सराहना करते हुए ओम प्रकाश बंका के द्वारा अपने पुत्र की स्मृति में शिक्षा के क्षेत्र में दिए जा रहें योगदान की प्रसंशा किया तथा समारोह में सम्मान पाने बाले बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर केवल सच के सम्पादक ब्रजेश मिश्र, प्रधान सम्पादक सह ट्रस्टी अरुण वंका सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

मानती शर्मा की दूसरी पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। नंद वंशी चेतना मंच के बैनर तले रविवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नारदीगंज स्थित विद्यालय परिसर में हुआ। कार्यक्रम में पड़रिया निवासी त्रिभुवन शर्मा के धर्मपत्नी मानती देवी का दूसरी पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के प्रखंड अध्यक्ष अवधेश शर्मा ने की। इस दौरान उपस्थित गणमान्य लोगों के अलावा शिक्षाविद व मंच के सक्रिय सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कहा गया कि आगामी छह जुलाई 2024 को नंद वंशी चेतना मंच का स्थापना दिवस है, यह कार्यक्रम नवादा टाउन हॉल में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने व तैयारी करने की अपील की गई।

अभिनय में सब कुछ, नकली होता है, बिल्कुल असली जैसा : उत्तम कुमार

- जैसे एक अभिनेता को अपने शरीर के साथ कैसा संबंध स्थापित करना चाहिए, संवादों को शरीर की भाषा में कैसे प्रस्तुत किया जाए, इसके जरूरी तत्व - प्रेजेंटेशन, फोक्स, कंसंट्रेशन, शरीर के भाव भंगिमा की समझ शारीरिक बनावट शरीर को अभिनय के माध्यम से चरित्र के अनुरूप बनाना।

निज संवाददाता

नवादा। टीवी एवं रंगमंच के अभिनेता उत्तम कुमार के सीखाने पर बच्चों ने, कलम को सिगरेट, पानी की बोतल को माइक, चाबी को झुमका और मोबाइल को रिमोट, बनाकर इस्तेमाल करना सीखा। वर्षा फाउंडेशन द्वारा आयोजित अभिनय कार्यशाला में अभिनय प्रशिक्षक के रूप में पहुंचे उत्तम कुमार टीवी और रंगमंच के अभिनेता हैं, वे (मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय) से अभिनय में प्रशिक्षित हैं और ललित नारायण मिथिला यूनिवर्सिटी से ड्रामा में एम ए पास आउट हैं। पिछले 18 सालों से रंगमंच कर रहे हैं। एक अभिनेता के तौर पर एक दर्जन से अधिक नाटकों में अभिनय और देश के कई बड़े रंगमंचीय निर्देशकों के साथ काम किया है। इनके, टीवी सीरियल की बात करें तो दस्तान ए जुर्म, (etv) जुर्म का जाल, (मौर्य टीवी) पुलिस फाइल्स, (बिग गंगा मैजिक) सावधान इंडिया, (स्टार भारत) नमामि गंगे, (आज तक)जैसे टीवी सीरियलों में काम कर चुके हैं। उन्हें संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा, अभिनय में स्कॉलरशिप एवं जूनियर फैलोशिप भी मिल चुका है। वह पिछले 18 सालों से रंगमंच कर रहे हैं। अभिनय के साथ-साथ निर्देशन में भी बेहतरीन पकड़ है इनकी। नवादा के बच्चों को आज वह आंगिक अभिनय के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सीखा रहे थे, जैसे एक अभिनेता को अपने शरीर के साथ कैसा संबंध स्थापित करना चाहिए, संवादों को शरीर की भाषा मैं कैसे प्रस्तुत किया जाए, इसके जरूरी तत्व - प्रेजेंटेशन, फोक्स, कंसंट्रेशन, शरीर के भाव भंगिमा की समझ शारीरिक बनावट शरीर को अभिनय के माध्यम से चरित्र के अनुरूप बनाना, अभिनय में इस्तेमाल होने वाले जो भी समान है, उनके साथ अभिनेता सहजता कैसे स्थापित करें, इत्यादि विषयों पर बच्चों को एक्सरसाइज, छोटे-छोटे इंप्रोवाइजेशन बताया गया। आज के कार्यशाला के प्रथम सत्र में उत्तम कुमार को बच्चों द्वारा टीका लगाकर एवं वर्षा फाउंडेशन के सचिव फिल्म अभिनेता सागर इंडिया के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। और दूसरे सत्र में उन्होंने बच्चों की क्लास ली। उत्तम कुमार ने बताया कि, नवादा के बच्चों में बेहद संभावना है। नवादा जैसे जिले में रंगमंच का माहौल बनना अति आवश्यक है। फिल्म और रंगमंच के बिहार के जो भी कलाकार हैं, उन्हें नवादा आना चाहिए। इस तरीके के अभिनय कार्यशाला का आयोजन, नवादा के रंगमंच के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यशाला की संयोजिका, अनुराधा पंडित ने बताया, कि आज नवादा में देश के बड़े ड्रामा स्कूल से पढ़े हुए, फ़िल्म और रंगमंच के अभिनेता, नवादा के बच्चों को सीखाने नवादा आ रहे हैं, यह जिले के लिए बड़ी बात है, तो जो भी इस अभिनय कार्यशाला में भाग लेना चाहते हैं वह जरूर इस कार्यशाला से जुड़े, स्थान - शोभिया मंदिर, अनुराधा पंडित मैरिज हॉल।

रिकॉर्ड 24 दिन बाद 40 डिग्री से नीचे आया तापमान, हुई झमाझम बारिश

- अधिकतम तापमान 36.6 और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री से. दर्ज किया गया।

निज संवाददाता

नवादा। जिलेवासी जो बीते करीब डेढ़ माह से भीषण गर्मी खासकर उष्ण लहर की मार झेल रहे थे, उनके लिए शनिवार बड़ी राहत लेकर आई। दिन के करीब पौने चार बजे से मौसम ने अचानक करवट ली। जिले में जोरदार हवा के साथ वर्षा की बुंदों से हर किसी के चेहरे पर खुशी ला दी। कुछ पल के लिए गर्मी मानों चली गई। नवादा समेत पूरे जिले अच्छी वर्षा हुई।

40 डिग्री से नीचे आया तापमानः- रह-रहकर ठंडी हवा के झोकों और वर्षा की धार ने हर किसी का मन प्रसन्न कर दिया। लोगों को इसी तरह की हवा और वर्षा का इंतजार था। वर्षा का असर यह हुआ कि रविवार को तापमान 40 डिग्री से नीचे आ गया। अधिकतम तापमान 36.6 और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री से. दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, बीते 24 दिनों के बाद तापमान 40 से नीचे आया। इससे पहले 6 जून को अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री से. दर्ज किया गया था।

होगी झमाझम बारिशः- नवादा के मौसम पूर्वानुमान में बताया गया है कि अभी कुछ दिनों तक प्री-मानसून की वर्षा होगी। जिले में अगले 48 घंटों के अंदर कुछ एक जगहों पर आंशिक से हल्की वर्षा होने का अनुमान है। केवीके के मौसम विज्ञानी रोशन कुमार ने बताया कि जिले में सामान्य रूप से मध्यम से तेज वर्षा नियमित रूप से होगी। आसमान में बादल भी गरजेंगे और अच्छी वर्षा भी होगी।

किसानों से धान का बिचड़ा गिराने की अपीलः- मौसम में अब अच्छे संकेत के कारण किसान भाईयों से अपील की गई है कि अपने खेतों को तैयार कर जल्द से जल्द धान का बिचड़ा गिरा लें। केवीके के विज्ञानी रोशन कुमार ने बताया कि अभी बिचड़ा गिराने का समय है, ताकि बिचड़ा अच्छे से अंकुरित होकर रोपनी के लिए 21 दिनों में तैयार हो जाए। उन्होंने बताया कि जिला में ज्यादातर किसान राजेंद्र श्वेता धान लगाते हैं। यहां 125 से 133 दिन का प्रभेद है।

मीसा भारती को जिताने में वीरेंद्र की रही अहम भूमिका

पटना (नि.सं.)। पाटलिपुत्र संसदीय सीट पर राजद नेत्री और लालू-राबड़ी की डाक्टर पुत्री मीसा भारती की जीत ने भले ही उन्हें संसद तक पहुंचाया, लेकिन उनकी जीत से पार्टी में कद बढन्ना कहें सबसे बड़ा फायदा कहे तो वह मनेर विधायक भाई वीरेंद्र को हुआ है। मीसा भारती की पाटलिपुत्र में बड़ी जीत के बाद तेजस्वी यादव और लालू यादव ने भाई वीरेंद्र को बड़ा तोहफा दिया है और उन्हें विधानसभा की लोकलेखा समिति (पब्लिक एकाउंटस कमेटी) का सभापति बनवा दिया है। पार्टी चाहती तो यह पद राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव को भी मिल सकता था। हालांकि, तेज प्रताप को गैर सरकारी विधेयक और संकल्प समिति का सभापति जरूर बनाया गया है।

व्यवसायिक क्षेत्र में सफल प्रबंधन केलिए अरविंद शाही को डिप्टी सीएम के हाथों मेडल देकर किया गया सम्मानित

निज संवाददाता

(नवादा)। पकरीबरावां जिला के पकरीबरावां प्रखंड अंतर्गत खपुरा ग्राम निवासी डॉक्टर अरविंद कुमार साही को व्यावसायिक क्षेत्र में सफल प्रबंधन उत्कृष्ट व्यवस्था एवं बेहतर अनुभव को लेकर पटना में आयोजित राज्य स्तरीय व्यवसायिक संगठन के द्वारा आयोजित सेमिनार में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के द्वारा उत्कृष्ट उद्यमी अवार्ड देकर सम्मानित किया गया वही एक सप्ताह पूर्व विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग के द्वारा डॉक्टर साही को पर्यावरण संरक्षण की ओर बढ़ते भागीदारी सकारात्मक सोच जन जागरुकता के तहत वृक्षारोपण जल संघरण का पहल को सराहनीय कदम को लेकर पद्म भूषण से सम्मानित किया गया जिसकी जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र लोगों शुभचिंतकों सांसद विवेक ठाकुर विधायक अरुणा देवी भाजपा नेता संतोष आनंद सुधीर शर्मा समरजीत कुमार मनोज कुमार पत्रकार मुकेश सिंह इंद्रजीत सिंह एवं मुकेश कुमार राजेश कुमार विनय कुमार पिंटू सहित कई लोगों ने डॉक्टर साही को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य का कामना किया है। इधर वारिसलिगंज विधायका अरुणा देवी ने कहा कि अपनी मेहनत प्रतिभा जुनून के बदौलत विभिन्न शहरों में अपना व्यवसाय स्थापित करने में सफलता हासिल किया है डॉक्टर साही उत्तम व्यवहार विचार से सभी के दिलो में स्थान बनाकर कामयाबी हासिल किया है।

घरेलू विवाद में गोतिया ने पति-पत्नी पर किया जानलेवा हमला

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। थाना क्षेत्र के मुरहेना गांव में घरेलू विवाद को लेकर पति-पत्नी पर गोतिया के ही लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में पति किसी तरह जान बचाने में सफल हुआ, किन्तु पत्नी बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ी। घायल पति द्वारा डायल 112 को सूचना दिया गया। सूचना पाकर डायल 112 की पुलिस टीम ने खेत मे पड़ी बेसुध घायल महिला को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. परितोष कुमार ने बताया कि घायल महिला की पहचान मुरहेना गांव निवासी अरविंद चौधरी की पत्नी जुली कुमारी एवं घायल युवक की पहचान स्व. महेंद्र चौधरी के पुत्र अरविंद चौधरी के रूप में हुई है। घायल महिला के सिर एवं पैर के अलावे शरीर के अन्य हिस्सों में गम्भीर चोटें आई है। घायल महिला के सिर में लगभग दस टांके पड़ी है।साथ ही घायल अरविंद चौधरी के शरीर में चोटें आई है। घायल पति-पत्नी का प्राथमिक इलाज के बाद जरूरी दवाइयां आदि दिया गया है। घायल पति-पत्नी ने बताया कि गोतिया में रिसाल चौधरी के पुत्र नंद चौधरी,नंदू चौधरी की पत्नी साबो देवी एवं नंदू चौधरी के पुत्र चन्दन चौधरी व राकेश चौधरी ने घरेलू विवाद में रविवार की सुबह लगभग 10 बजे ईंट-पत्थर, लोहे के रॉड एवं डंडे से मारपीट किया। अस्पताल में इलाज कराने जा रहे पति-पत्नी को बधार के पास मोटरसाइकिल से छेंककर पुनः मारपीट कर अधमरा कर दिया एवं अर्धनग्न स्थिति में छोड़ दिया। डायल 112 की इआरवी 1 एवं 2 की टीम द्वारा घायल पति-पत्नी को अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस को मारपीट की सूचना मिलने के बाद चार अभियुक्तों को हिरासत में लेकर थाना लाया गया है। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मारपीट को लेकर पीड़ित अरविंद चौधरी द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया। वहीं गिरफ्तार आरोपितों को जेल भेजा जाएगा।

गैर जिम्मेदाराना तरीके से भू-जमा बंदी पर उठायी आपत्ति

नवादा (नि.सं.)। जिले के पकरीबरांवा प्रखंड क्षेत्र के सुदनपुर गांव के मो.मुस्लिम पिता स्व. अब्दुल शेख हफीज ने सीओ व राजस्व कर्मचारी पर भू जमा बंदी में अनियमितता का आरोप लगाया है। इससे संबंधित आवेदन समाहर्ता को दे कार्रवाई की गुहार लगायी है। आरोप है कि सौतेले भाई के साथ भू विवाद चल रहा है। मामला न्यायालय में लम्बित है। बटवारा वाद संख्या 125/22 में किसी प्रकार का आदेश अबतक न्यायालय से पारित नहीं किया गया है।

85 लीटर शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग पंचायत के हाथोचक के जंगल से उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने एक बाइक पर लदे 85 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। वहीं उत्पाद एसआई सन्नी कुमार ने झारखण्ड की ओर से आ रहे एक यात्री वाहन से विदेशी शराब लेकर सफर कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर चितरकोली स्थित समेकित जांच पर उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में उत्पाद बलों के सहयोग से सघन वाहन जांच अभियान किया जाता है। साथ ही आसपास के जगंली एवं सुदूरवर्ती क्षेत्र में गश्त कर छापेमारी अभियान चलाया जाता है। बीते दिन शनिवार को हाथोचक के जंगली क्षेत्र से एसआई पिन्टू कुमार ने होंडा शाइन संख्या जेएच10सीएस5077 पर लदे प्लास्टिक के बोरे में रहे कुल 85 लीटर महुआ शराब को जप्त किया। साथ ही एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान मोहकामा गांव निवासी अर्जुन यादव के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। वहीं रविवार की अहले सुबह एसआई सन्नी कुमार ने कुल 6 लीटर विदेशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान शाहपुर थाना क्षेत्र के बाहरी बिगहा गांव निवासी जनार्दन प्रसाद के पुत्र श्रवण कुमार के रूप में हुई है। जप्त देशी व विदेशी शराब एवं बाइक के अलावे गिरफ्तार दोनों शराब धंधेबाजों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार लोगों को रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं विभिन्न वाहनों पर सवार होकर शराब पीकर बिहार प्रवेश करने वाले 10 लोगों को हिरासत में लिया गया। सभी लोगों के शराब पीये होने की पुष्टि ब्रेथ एनालाइजर मशीन से की गई। सभी शराब पीने वाले लोगों ने न्यायाधीश के समक्ष जुर्माना राशि जमा किया एवं वापस अपने-अपने घर चले गए।

महाप्रबंधक द्वारा विजेता बच्चों एवं टीम को किया गया सम्मानित

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स के पूर्व मध्य रेल राज्य एवं सोनपुर तथा गढ़हरा जिला द्वारा पूर्व मध्य रेल इंटर कॉलेज गढ़हरा, बरौनी के विरेन्द्र शर्मा स्काउट पार्क में 26.06.2024 से भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स के राष्ट्रीय स्तर का कब-बुलबल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस महोत्सव में राजस्थान, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, झारखंड, बिहार राज्यों सहित पूर्व रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे तथा पूर्व मध्य रेलवे के करीब 150 कब-बुलबुल, उनके लीडर्स एवं अधिकारियों ने भाग लिया। इस महोत्सव में भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स के राष्ट्रीय मुख्यालय के उप निदेशक श्रीमती सुरेखा श्रीवास्तव एवं उनकी टीम शामिल थीं। इस महोत्सव में बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास से संबंधित उनके बीच कई तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिता का ओवर ऑल प्रथम स्थान पूर्व मध्य रेल को, द्वितीय स्थान पूर्व रेलवे को तथा तीसरा स्थान तामिलनाडु की टीम को प्राप्त हुआ जबकि ओवर ऑल चैम्पियन का खिताब राजस्थान को प्राप्त हुआ। इसी कड़ी में महोत्सव के अंतिम दिन 29.06.2024 को महाशिविराग्नी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम मुख्य अतिथि महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश तथा विशिष्ट अतिथि अध्यक्षा, पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन श्रीमती मीनाक्षी शर्मा के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर महाशिविराग्नी कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक शिव कुमार प्रसाद एवं मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर श्री विवेक भूषण सूद सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। इसके उपरांत कब-बुलबुल द्वारा शिविराग्नी गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों का मानसिक, बौद्धिक, मनोवैज्ञानिक तथा कलात्मक दृष्टिकोण से विकास होता है और वे हमारे परिवार, समाज, देश एवं विश्व को समृद्ध करने में अपनी भूमिका निभाते हैं। इस महोत्सव में जो बच्चे आए हैं उनकी उम्र करीब 05-10 वर्ष है। ये बच्चे अपने माता-पिता से इतनी दूर आकर यहां सामूहिक रूप से विभिन्न गतिविधियों में शामिल हुए हैं। स्काउट्स एंड गाइड्स के उद्देश्यों को पूरा करने के प्रति इन बच्चों का समर्पण बहुत ही सराहनीय है। महाप्रबंधक महोदय ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि कार्यक्रम काफी मनोरंजक एवं उत्साह से परिपूर्ण थे। महाप्रबंधक महोदय द्वारा महोत्सव में शामिल बच्चों को अवार्ड एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित भी किया गया। मुख्य राज्य आयुक्त-सह-प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री शिव कुमार प्रसाद ने भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स के कब-बुलबुल महोत्सव के आयोजन किये जाने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कैंप में शामिल सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

राबड़ी देवी पर सम्राट के बयान से सियासी भूचाल

पटना (नि.सं.)। बिहार में लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद जैसे ही एनडीए की सरकार बनी तो नीतीश कुमार पूरी तरह से पावरफुल नजर आए। जिसके बाद अब राज्य के लिए स्पेशल स्टेटस की मांग तेज हो गई। नीतीश कुमार ने स्वयं तो पीएम मोदी के सामने अप्रत्यक्ष रूप से स्पेशल स्टेटस की मांग करते नजर आए थे। वहीं, नीतीश कुमार के बाद फिर तेजस्वी यादव भी बिहार के लिए स्पेशल स्टेटस की मांग करने लगे थे। तेजस्वी यादव ने कहा था कि बिहार किंगमेकर की भूमिका में है, इसलिए अब नीतीश कुमार को बिहार के लिए स्पेशल स्टेटस की मांग करनी चाहिए।

गड्ढे में जमे पानी में नहाने से जा सकती है जान

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। थाना क्षेत्र के रजौली पूर्वी पंचायत अंतर्गत पहाड़ तोड़कर गिट्टी बनाने वाली कम्पनियों मधुकोन व कात्यायनी के द्वारा कई गड्ढे करकर छोड़ दिया गया है।उन गड्ढ़ों में बारिश का पानी जमा हो गया है। वहीं हरदिया पंचायत के पननमा माइंस के अलावे चितरकोली पंचायत के रतनपुर में कई पत्थर तोड़ने वाली कम्पनियां भी पत्थर निकालने के बाद पहाड़ को खोदकर गड्ढ़ा छोड़ दिया गया है। जिसका लेखा जोखा लेना वाला कोई नहीं है। ऐसी स्थिति में गांव के नाबालिग बच्चे गर्मी में स्नान आदि करने चले जाते हैं। इन गड्ढों में नहाने से कई बच्चों की मौत हो चुकी है।बीते शनिवार को राजा बिगहा गांव के मनोज मांझी के नौ वर्षीय बेटे की मौत लोमष ऋषि पहाड़ी के समीप गड्ढ़े में रहे पानी में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। वहीं पिछले वर्ष रक्षाबंधन के मौके पर लोमष ऋषि पहाड़ पर लगे मेला घूमने आए एक युवक की मृत्यु इसी गड्ढे में जमे पानी मे नहाने के दौरान डूबने से हुई थी। जबकि बीते बीते 30 मई को फुलरिया डैम में नहाने के दौरान डूबने से प्रोजेक्ट स्कूल के समीप स्थित रजवरिया टोला निवासी पिन्टू राजवंशी के पुत्र गोपाल कुमार उर्फ फंटूस राजवंशी की मौत हो गई थी। नहाने गए बच्चों के इस तरह मौत को देखकर ग्रामीण आपस में बात करके बच्चों को ऐसी जगहों पर जाने से मना करने की बात कह रहे थे। वहीं कुछ ग्रामीणों ने कहा कि लोमष ऋषि के समीप गड्ढों में भरे पानी की ओर लोगों के आवागमन के लिए मनाही करने का प्रस्ताव दिया।वहीं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने आमलोगों से अपने बच्चों को गड्ढों में जमे पानी में नहाने आदि से मना करने की अपील की है। ताकि भविष्य में किसी बच्चे के साथ अनहोनी घटनाएं घटित न हो सके।

संक्षिप्त समाचार

आईसा ने वीकेएसयू में किया प्रदर्शन

आरा। आरा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में छात्र संगठन आईसा ने स्नातक नामांकन में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए परिसर में प्रदर्शन किया और तालाबंदी की। अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉक्टर केके सिंह, कुलसचिव डॉक्टर रणविजय कुमार और कुलानुशासक डॉक्टर कुमार कौशलेंद्र काफी देर तक छात्र नेताओं को समझाते रहे। करीब 5 घंटे तक प्रशासनिक भवन में तालाबंदी होने की वजह से दूर दराज से आए कई लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। आईसा के राज्य सचिव सबीर कुमार ने बताया कि पदाधिकारियों से लिखित आश्वासन लिया गया है। यह तय हुआ कि आगामी मंगलवार को कुलपति के साथ छात्र संगठनों की बैठक बुलाई जाएगी। उस बैठक में अगर नामांकन में गड़बड़ी पाई जाती है तो जितने भी स्नातक में नए सत्र का नामांकन हुआ है वह पूरी तरह से रद्द कर दिया जाएगा और तत्काल नामांकन समिति की बैठक की जाएगी। आईसा जिला सचिव विकास कुमार ने बताया कि अगर मंगलवार को बैठक में थोड़ा भी छात्र हित में उठाए गए मांगो को अनदेखा किया गया तो आईसा पूरे विश्वविद्यालय में अनिश्चितकालीन तालाबंदी करेगी और राजभवन तक मार्च भी करेगी। प्रदर्शन में जिला सह सचिव कमलेश यादव, जयशंकर प्रसाद, आईसा नेता चंदन दास , साहिल एरोरा , राजेश कुमार , सनोज चौधरी, सुधीर कुमार , गौतम यादव , शुभम मौर्या, गोल्डन कुमार , राजू , लालजी शर्मा , चंदन यादव , देवेंद्र , मिर्तुंजय , सन्नी और अंकित सहित अन्य की भूमिका रही।

हरित जीविका के तहत गड्ढा खोदो अभियान शुरू

आरा। जल जीवन हरियाली अभियान के तहत हरित जीविका हरित बिहार अंतर्गत भोजपुर जिले में बड़े पैमाने पर पौधारोपण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसको लेकर जिले के सभी प्रखंडों में गड्ढा खोदो अभियान शुरू हो चुका है। वन विभाग के सामंजस्य से जीविका के दीदियों द्वारा पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में भोजपुर जिला में कुल 122584 पौधा लगाया गया था। इसमें आम, अमरुद, आंवला, जामुन, नींबू, शरीफ़ा, कटहल, सहजन व महोगनी समेत अन्य पौधे थे। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल 159248 पौधा लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें अमरुद का 25890, आंवला का 18551, आम का 18705, जामुन का 10038, नींबू का 15534, शरीफा का 17920, कटहल का 9942, शीशम का 13937, महोगनी का 14050, सागवान का 12041, नीम का 36, अनार का 1442 व अशोक का 1162 पौधा है। इस प्रकार 159248 पौधा लगाने का लक्ष्य इस वर्ष रखा गया है।

फाइनेंस कर्मी से लूटपाट मामले में एक धराया

गड़हनी। फाइनेंस कर्मी से लूट में शामिल एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके पास से लूट के 56 सौ रुपए और एक मोबाइल बरामद किया गया है। गिरफ्तार लुटेरा रतनाढ़ गांव निवासी रामबाबू सिंह के पुत्र सुभाष कुमार है। जिसको पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया है। बता दे कि 19 जून को गड़हनी थाना क्षेत्र के सुअरी फाल के पास से बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरा पुर निवासी नगेन्द्र सिंह से अपराधियों ने पीछा कर करीब 1 लाख 30 हजार रुपये लूट लिया था। फाइनेंस कर्मी आरा कतीरा स्थित उज्जीवन फाइनेंस बैंक में काम करता था। 19 जून को रत्नाढ़ गांव के विनोद सिंह से ही पैसा वसूली कर लौट रहा था, तभी पीछा कर लुटेरों ने रत्नाढ़ से कुछ दूर आगे सुअरी फॉल के पास तीन-चार अपराधियों ने घेर कर पैसा लूट लिया था। गिरफ्तारी के बाद एसपी प्रमोद कुमार यादव की पीसी हुई, उसके बाद प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। साथ ही कहा कि अपराधियों ने हथियार के बल पर पैसा लूट लिया था। इसके बाद अपराधियों की गिरफ्तारी और पैसे की बरामदगी को लेकर गड़हनी थानाध्यक्ष रणवीर कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम की ओर से तकनीकी सहायता और लोकल इनपुट के आधार पर अपराधियों की पहचान की गयी। इसके बाद गुरुवार की रात रतनाढ़ गांव में छापेमारी कर सुभाष कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

प्रथम राष्ट्रपति की प्रतिमा लगाने की मांग

बक्सर। बक्सर नगर में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा लगाने को लेकर जिला अधिकारी के साथ-साथ नगर विकास मंत्री सह जिला प्रभारी नितिन नवीन को पत्र के माध्यम से बहुत जल्द अवगत कराया जाएगा। कायस्थ परिवार बक्सर के संयोजक सह भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सुमन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह मांग कायस्थ परिवार बक्सर की एक बैठक में सर्वसम्मति से उठी है। बैठक में संयोजक ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद की देश की आजादी में बहुत बड़ा योगदान रहा है। साथ ही साथ देश की संविधान बनाने में भी उनकी अहम भूमिका रही है, इसलिए बक्सर नगर में भी एक उनकी प्रतिमा लगनी चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से चंदन लाल, वैदेही श्रीवास्तव, मनोरंजन लाल, विजय लाल, रामचंद्र प्रसाद, राजगृह सिंह, राकेश सिंह, मनोज ठाकुर के अन्य समाजसेवी भी उपस्थित रहे।

अब ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों की हकीकत होगी तय

बक्सर। अब ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों की हकीकत तय होगी। इसके लिए पंचायती राज विभाग अब ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों की हकीकत तय करने के लिए पंचायत विकास सूचकांक (पीडीआई) जारी करेगा। इसके लिए जिले की 11 प्रखंडों के 136 पंचायतों के लिए तय बिंदुओं पर पड़ताल की जाएगी। इसमें आम लोगों का फीडबैक भी लिया जाएगा। इसके आधार पर ही पंचायतों को अंक देकर उनकी ग्रेडिंग तय होगी। पीडीआई विकास को आवंटित धन और उसके समुचित उपयोग का पैमाना बनेगी। इसी रिपोर्ट के आधार पर पंचायतों में नई योजनाएं लागू करने के साथ ही पुरस्कार के लिए पंचायतें अपना स्थान बना सकेंगी। बता दें कि सरकार द्वारा पंचायतों के विकास को लेकर समय-समय पर पंचायत विकास सूचकांक से संबंधित संकेतक से जुड़े सभी आंकड़े प्राप्त किए जाते हैं। इन आंकड़ों के हिसाब से ही पंचायतों के विकास की रूपरेखा तैयार की जाती है। पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सतत् विकास लक्ष्य के स्थानीयकरण के क्रियान्वयन की प्रगति के अनुश्रवण व मूल्यांकन के लिए पंचायत विकास सूचकांक विकसित किया है। इसको लेकर ही पंचायत राज विभाग बिहार सरकार ने पंचायत विकास सूचकांक से संबंधित संकेतक से जुड़े सभी आंकड़े सत्यापित कर पीडीआई पोर्टल पर अपलोड कराने के निर्देश दिए हैं। इसमें 22 तकनीकी विभागों से डाटा प्राप्त कर अपलोड किये जायेंगे।

वॉलीबॉल चयन : 40 प्रतिभागियों ने लिया भाग

बक्सर। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में बक्सर स्थित एमपी उच्च विद्यालय में पटना प्रमंडल द्वारा वॉलीबॉल अन्डर-15 (बालक वर्ग) चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस चयन प्रतियोगिता में पटना प्रमंडल के कुल 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। चयन प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बिहार में वॉलीबॉल खेल को बढ़ावा देना साथ ही बिहार के जो भी प्रतिभावान एवं होनहार खिलाड़ी हैं उनका चयन कर उन्हें अलग से प्रशिक्षित करना है। चयनकर्ता के रूप में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना द्वारा प्रतिनियुक्त अविनाश कुमार (एनआईएस), जितेन्द्र कुमार एवं रोहित कुमार के देख रेख में खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी बिहार प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में पटना प्रमंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में नोडल पदाधिकारी उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा अशोक कुमार, सत्येन्द्र कुमार सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, संजय कुमार आदि थे।

सड़क हादसे में रिटायर जमादार के बेटे की मौत, प्लाई का करते थे कारोबार

निज संवाददाता। आरा

❒ अज्ञात वाहन ने बाइक में मार दी थी टक्कर

आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव के समीप रविवार को अज्ञात वाहन ने रिटायर्ड जमादार के पुत्र को रौंद दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के महावीरगंज एकौना गांव वार्ड नंबर-10 निवासी भगवान सिंह का 30 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार है। प्लाई का कारोबार करता था।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी: मृतक के भाई राजेश कुमार ने बताया कि वह अपने प्लाई के काम के सिलसिले से जा रहे थे, गड़हनी थाना क्षेत्र के दुबौली गांव के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। मृतक अपने तीन भाई और दो बहन में चौथे स्थान पर था। मृतक के पिता भगवान सिंह बिहार पुलिस में जमादार के पद पर थे और 2 वर्ष पूर्व रिटायर हुए थे। उसके परिवार में मां किस्मतों देवी व दो भाई राजेश कुमार, बृजेश कुमार व दो बहन आशा कुमारी और पिंकी कुमारी है।

ठनका गिरने से व्यक्ति की मौत, खेत में पटवन के लिए गए थे

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के चौरी थाना क्षेत्र के अंधारी गांव स्थित बधार में शनिवार को ठनका गिरने से एक अधेड़ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक चौरी थाना क्षेत्र के ओझवलिया कला गांव निवासी मेघनाथ राम का 49 वर्षीय पुत्र कौशल कुमार राम है।वह पेशे से मजदूर थे।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा: मृतक के चाचा इंदल राम ने बताया कि वह खेत पटाने के लिए अंधारी बधार गए थे। तभी बारिश होने लगी और इसी दौरान ठनका गिर गया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। खेत से कुछ दूरी पर स्थित मुर्गी फार्म में रहे लोग ने सूचना परिजनों को दी। जिसके बाद पुलिस को भी सूचना दी गई। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक अपने तीन बहन और एक भाई में दूसरे स्थान पर थे। परिवार में पत्नी फूल कुमारी देवी, दो पुत्री पति देवी, सोनम कुमारी और तीन पुत्र राम किशोर, नंद किशोर और करिया है।

चित्रकला बच्चों के जीवन के विकास के लिए अति महत्वपूर्ण : जिलाधिकारी

निज संवाददाता। आरा

जिला प्रशासन की ओर से तरंग आर्ट के सहयोग से तरंग चित्रकला प्रदर्शनी कलेक्ट्रेट में लगाई गई। चित्रकला प्रदर्शनी प्रर्दशनी का उद्घाटन डीएम राजकुमार ने किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालय के प्रतिभागियों ने लगभग 200 चित्रों का प्रदर्शन किया। डीएम राजकुमार व डीईओ मो. अहसन ने चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया। डीएम राजकुमार ने कहा कि चित्रकला बच्चों के जीवन के विकास के लिए अति महत्वपूर्ण है। कई बच्चो ने अद्भुत चित्रकला का प्रदर्शन किया है। बच्चों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। विशिष्ट चित्रों को सांस्कृतिक भवन में स्थान दिया जाएगा। प्रदर्शनी में छात्रा आस्था, अंजलि एवं सानिया नसीम की चित्रकला काफी सराहनीय रही। डीइओ मो. अहसन ने कहा कि चित्रकला को बढ़ावा देने के लिए सरकारी विद्यालयों में जो कला शिक्षकों की बहाली हुई है, उनके साथ जल्द ही एक मीटिंग करेंगे। वीकेएसयू के सहायक प्राध्यापक सुकेश कुमार ने कहा कि इस प्रदर्शनी की तैयारी लगभग एक वर्ष से चल रही थी।

बक्सर में बैंक प्रबंधक की अनोखी विदाई, ग्रामीणों ने JCB पर बैठा कर माला पहनाया

❒ टीका कर विदा किया

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के पंजाब नेशनल बैंक कड़सर के शाखा प्रबंधक रवि प्रकाश की ग्रामीणों ने अनोखे तरीके से विदाई की है। जो पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर अंतिम छोर पर बसे कड़सर गांव के लोगों द्वारा विदाई के दौरान काफी सम्मान दिया गया। शाखा प्रबंधक के विदाई को यादगार बनाने के उद्देश्य से ग्रामीणों ने उन्हें जेसीबी पर बैठाकर विदा किए। इन्होंने कुछ दूरी तक का सफर तय किया।शाखा प्रबन्धक राज प्रकाश का बक्सर से स्थानांतरण बैंक के अंचल कार्यालय आरा मे हो गया है। इसके पूर्व निवर्तमान शाखा प्रबन्धक श्री प्रकाश द्वारा अपना प्रभार नए शाखा प्रबंधक सुहैल कुमार को सौपा। इस अवसर पर बैंक कर्मियों और बैंक के ग्राहकों द्वारा बैंक शाखा परिसर में स्थानांतरित शाखा प्रबंधक और नए शाखा प्रबंधक के योगदान के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित की गई। अपने संबोधन में निवर्तमान शाखा प्रबंधक प्रकाश ने कहा कि दुनिया के हर व्यक्ति को इंसानियत की मिसाल पेश करनी चाहिए। वे इंसान पहले हैं और पदाधिकारी बाद में हैं। अपने तीन साल से अधिक के कार्यकाल के अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा की इस जिले के लोगों मे बैंकिंग कार्य के प्रति जागरूकता है। साथ ही वे बैंक कर्मियों के साथ भी एक अच्छे ग्राहक का रोल निभाते है। आगे इतना लंबा कैसे बीत गया उन्हें पता ही नहीं चल पाया। सम्मान समारोह के दौरान नए शाखा प्रबन्धक सुहैल कुमार ने कहा की बैंक से जुड़ा सरकार की सभी योजनाओं का ग्राहकों को जानकारी देना और उनका क्रियान्वयन करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। साथ ही उन्होंने बैंक के कर्जदारों से आगाह किया की वे ससमय बैंक का कर्ज का भुगतान कर देश और बैंक की प्रगति मे साथ निभाए।

सांसद ने विकास कार्यों में सहयोग का दिया भरोसा

निज संवाददाता। बक्सर

सांसद सुधाकर सिंह ने शनिवार को नगर परिषद कार्यालय के सभागार में चेयरपर्सन और पार्षदों से शहर के विकास कार्यों के बारे में जानकारी हासिल की। नप की चेयरपर्सन कमरून निशा ने सर्वप्रथम सांसद को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पहली बार सांसद कार्यालय में पहुंच नगर के विकास कार्यों का जायजा लिया है। यह हम लोगों के लिए गौरव का क्षण है। वहीं सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि आप सभी हमसे सहयोग की उम्मीद रखें। उन्होंने विकास कार्यों में सहयोग करने के साथ ही कदम से कदम मिलाकर साथ चलने का भरोसा दिया। वहीं नगर परिषद के ईओ अमित कुमार ने सांसद को नप के कार्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। चेयरपर्सन ने कहा कि शहर को जलजमाव से निजात दिलाने के लिए स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम के लिए बुडको को प्रस्ताव दिया गया है, जो लंबित है। इसके तहत शहर के चारों तरफ दस से बारह फीट चौड़ा नाला का निमार्ण कराया जाना है। इस प्रणाली का अर्थ तूफानी गति से जलनिकासी प्रणाली को प्रभावी बनाना होता है। इसमें चेयरपर्सन ने सहयोग करने की बात कही। साथ ही नमामि गंगे योजना के तहत रामरेखा घाट से गोला घाट को एक पैसेज में बनाने में सहयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के पास कचरा प्रबंधन के लिए अपना लैंडफिल साइट नहीं है। जमीन नहीं मिलने से कचरा का प्रबंधन करने में परेशानी का सामना नगर परिषद को करना पड़ता है। पार्षदों ने ज्योति चौक से कोइरपुरवा होते हुए यमुना चौक तक सड़क व नाला निर्माण नहीं होने से होने वाली परेशानी से अवगत कराया। इस पर चेयरपर्सन कमरून निशा ने कहा कि ज्योति प्रकाश चौक से यमुना चौक तक सड़क का कालीकरण, फुटपाथ और नाली निर्माण का प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है। सांसद सुधाकर सिंह नप की चेयरपर्सन, ईओ, व पार्षदों के साथ श्मशान घाट का जायजा लिया। मौके पर उप सभापति इशरत बानो, स्थाई सशक्त समिति के सदस्य इंद्र प्रताप सिंह, अंजू सिंह, पार्षद दीपक सिंह के अलावा अन्य पार्षद व नगर परिषद के नगर प्रबंधक मृत्युंजय कुमार, संतोष सिंह आदि मौजूद थे।

तेज रफ्तार बाइक पहले पेड़ फिर खंभे से टकराई, दो घायल

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर-रोहतास स्टेट हाईवे स्थित महादेव घाट के पास तेज रफ्तार बाइक बेकाबू होकर पहले पेड़ से टकराई और इसके बाद बिजली के खंभे से टकरा गई। घटना में बाइक पर सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को एंबुलेंस से सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों का इलाज जारी है। डॉक्टर की माने तो एक युवक की हालत खतरे से बाहर है लेकिन एक की हालत काफी सीरियस है। जानकारी के अनुसार घटना जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है। चौसा दुर्गा मंदिर निवासी अनिल कुमार गोंड (18) और नारायण कुमार राम (17) बाइक से बक्सर की तरफ जा रहे थे। वहीं महादेवा घाट के पास पहुंचते ही अचानक बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। प्रत्यक्षदर्शी शिवकुमार ने बताया कि बाइक सवार बहुत तेजी में था। बक्सर की तरफ से आ रहे पिकअप को देख बाइक सवार ने गाड़ी को संभालने की कोशिश की लेकिन घटना हो गई। इसमें अनिल कुमार की हालत काफी सीरियस है। घटना स्थल पर ही उसके सर से काफी खून गिर चुका था। हाथ और पैर की हड्डियां भी टूट गई है। वहीं मुफस्सिल थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि सूचना पर गश्ती टीम को भेजा गया है।

बक्सर निवासी दो दोस्त सड़क हादसे में जख्मी, रेलवे स्टेशन जाने के दौरान अज्ञात वाहन ने रौंदा

निज संवाददाता। आरा



❒ गंभीर स्थिति में दोनों को पटना किया रेफर

आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हाटपोखर गांव के समीप शनिवार को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार बक्सर निवासी दो दोस्तों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों और सरकारी एंबुलेंस चालक के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों को पटना रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पाकर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे और दोनों को पटना ले गए।

घायलों में एक पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन पर कार्यरत: घायलों में बक्सर जिला के नावानगर थाना क्षेत्र सलसला गांव निवासी ललन सिंह का 26 वर्षीय पुत्र वेद प्रकाश और उसी गांव के निवासी शिवाजी सिंह का 29 वर्षीय पुत्र सिकंदर कुमार है। इसमें सिकंदर कुमार रेलवे ग्रुप डी का कर्मचारी है और वर्तमान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन पर कार्यरत है।

दोस्त को छोड़ने जा रहा था: सिकंदर कुमार आरा से ट्रेन पकड़ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जाने वाला था। उसका दोस्त वेद प्रकाश बाइक से उसे छोड़ने के लिए आरा आ रहा था। इसी दौरान हाटपोखर के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनके बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों को पटना रेफर कर दिया गया।

युवक को गोली मारने वाला गिरफ्तार, हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट में प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के सुंदरा गांव के समीप शुक्रवार की देर शाम बदमाश ने युवक को गोली मारी थी। पुलिस ने कांड में शूटर को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। इसकी जानकारी एसपी प्रमोद कुमार ने दी। गिरफ्तार नोधी यादव उर्फ साधु यादव चांदी के सलेमपुर गांव का निवासी है। पकड़े गए शख्स के पास से एक देसी कट्टा, 2 कारतूस और घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया गया है। पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। पिछले साल 2023 के मार्च महीने में सलेमपुर गांव में घटित हत्या के मामले में वह फरार था। वांछित के घर कुर्की भी हुई थी। हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत दो प्राथमिकी की गई है। एसपी ने बताया कि चांदी थाना क्षेत्र के सुंदरा गांव निवासी राम पुकार सिंह के पुत्र राकेश कुमार शुक्रवार की देर शाम शौच के लिए बधार की ओर गए थे कि इसी दौरान आरोपित ने गोली मार दी थी।

घटनास्थल से एक खोखा बरामद: ग्रामीणों के सहयोग से थानाध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने शूटर को पकड़ा। तलाशी के दौरान 1 देसी कट्टा और 2 कारतूस बरामद किया गया था। घटनास्थल से एक खोखा भी मिला था। इधर, गिरफ्तार शूटर ने पूछताछ में बताया कि लड़की को लेकर दो पक्षों के बीच दुश्मनी चली आ रही थी। इसी विवाद में उसने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है।

संक्षिप्त समाचार

डीलरों को तौल कर अनाज दें गोदाम प्रबंधक : एसडीओ

नारायणपुर। अनुमंडल कार्यालय के सभागार में शनिवार को एसडीओ अशोक कुमार मंडल की अध्यक्षता में अनुमंडलस्तरीय खाद्य आपूर्ति अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने पीडीएस दुकानदारों को एसएफसी गोदाम से कम और घटिया अनाज मिलने का मुद्दा उठाया। एसडीओ ने गोदाम प्रबंधकों को चेतावनी दी कि किसी भी सूरत में डीलरों को अनाज की बोरी तौल कर दिया जाए। कम अनाज देने की शिकायत मिली तो संबंधित गोदाम प्रबंधकों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ई केवाईसी सभी उपभोक्ताओं का शत-प्रतिशत शीघ्र कराने का निर्देश दिया गया। एसडीओ ने तीनों प्रखंडों के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को पीडीएस दुकान की निरंतर जांच करने के निर्देश दिए। जिप सदस्य नाजनी नाज ने माधोपुर बथानी में पीडीएस दुकान नहीं होने से आम लोगों की हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया। एसडीओ ने बताया कि रोस्टर तैयार कर जिला को प्रस्ताव भेज दिया गया है। जल्द विज्ञापन प्रकाशित कर डीलरों की नियुक्ति की जाएगी। बैठक में सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्यामसुंदर कुमार, तीनों प्रखंड के गोदाम प्रबंधक, मो. नवाब, अरविंद शह, जटाशंकर सिंह मौजूद थे।

पीरपैंती में अंडरपास को लेकर लोगों ने फोरलेन का काम रोका

पीरपैंती। निर्माणाधीन मुंगेर-मिर्जाचौकी फोरलेन पर अंडरपास की मांग को लेकर फौजदारी गांव के पास ग्रामीणों ने फोरलेन निर्माण कार्य रोक दिया।ग्रामीण ने कहा कि फोरलेन बनने के बाद सलेमपुर, फौजदारी सहित विभिन्न गांव के किसानों को दियारा जाने में दिक्कत होगी। ग्रामीणों का कहना है कि दियारा से फसल लाने के लिए दो-तीन किलोमीटर घूमकर आना पड़ेगा। जब तक अंडरपास का निर्माण नहीं होगा, हम फोरलेन का काम नहीं होने देंगे। प्रदर्शन कर रहीं चंपा देवी, तेतरी देवी, मीरा देवी, अहिल्या देवी, पार्वती देवी, प्रतिमा देवी ने कहा कि 40 टोला के हजारों लोग इसी सड़क से रोज आवागमन करते हैं। इसी रास्ते से छठ पर्व करने हम गंगा घाट जाते हैं। चारा इसी रास्ते से लाते हैं। मुखिया प्रतिनिधि घनश्याम दास, राम गणेश यादव, बउवा दुबे, जिला पार्षद कैलाश यादव आदि ने भी कहा कि अंडरपास बनना चाहिए। सूचना पर एसडीओ अशोक यादव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बात की। कहा कि एनएचआई के अधिकारियों से बात कर अंडरपास का विकल्प निकालने का प्रयास किया जाएगा।

रेप केस में फरार आरोपी गिरफ्तार

मुंगेर। मुंगेर में लड़की का रेप कर व फोटो वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने मामले में आरोपी सौरभ कुमार को तारापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सौरभ के खिलाफ स्थानीय थाना में पीड़ित युवती ने केस दर्ज कराया है। युवती का आरोप है कि 3 फरवरी 2023 को उसके साथ आरोपित ने रेप किया। वह घर आकर जबरदस्ती करने लगा और फोटो वीडियो भी बना लिया। इसके बाद फोटो वीडियो से वह लगातार शोषण करता रहा था। इसके साथ ही चाकू से जान से मारने की धमकी भी देता था। पीड़िता ने आगे बताया कि आरोपी बार-बार जिंदगी बर्बाद करने की बात भी कहता था। इसी तरह से कई बार आरोपित ने रेप किया। उससे बचने के लिए दिल्ली चले गए, लेकिन वहां भी उसने वीडियो वायरल कर दिया। वहीं मामले में पीड़िता सहित उसके परिजनों ने कहा कि उन्हें न्याय चाहिए। आरोपित सौरभ कुमार नवादा गांव का निवासी है। तारापुर थाना की पुलिस ने पीड़िता को न्यायालय में ले जाकर 164 का बयान दर्ज कराने के साथ मेडिकल जांच के लिए मुंगेर भेज दिया है। वहीं एसपी सैयद इमरान मसूद ने कहा कि 28 जून को कांड दर्ज हुआ था। आरोपी की गिरफ्तारी कर ली गयी है। इसके बाद आगे की करवाई की जा रही है।

थाना परिसर से चोर फरार, 6 घंटे के बाद पकड़ाया, बदमाश ने भीड़ का उठाया फायदा

मुंगेर। मुंगेर के तारापुर थाना में पुलिस निगरानी से मोबाइल चोर फरार हो गया। इसे कड़ी मशक्कत के बाद छह घंटा के अंतराल में पुलिस पकड़ने में कामयाब रही। प्रशिक्षु दारोगा रानी कुमारी ने खुद के बयान पर मोहम्मद इमाम के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रशिक्षु दरोगा ने अपने बयान में कहा कि 28 जून को अपने ओडी ड्यूटी पर तैनात थी। डायल-112 पर प्रतिनियुक्त कर्मी ने एक लड़का को लाया और उन्होंने बताया कि यह लड़का इंद्रदेव यादव के घर चोरी कर रहा था, जिसे उन लोगों ने पकड़कर डायल-112 पर फोन किया ,तो हम लोग जाकर लेकर आये। इंद्रदेव यादव भी आ रहे हैं, जो लिखित आवेदन देंगे। आरोपित से पूछताछ की गई। उसने अपना नाम मोहम्मद इमाम, पिता का नाम निजाम, गांव रामपुर बताया। आरोपित को चौकीदार विनोद पासवान के निगरानी में रखा गया। शाम साढ़े पांच बजे थाना पर कुछ लोग अपनी समस्या को लेकर आए, जिसमें हम लोग व्यस्त हो गए। उसी क्रम में वह लड़का भाग गया। खोजबीन किया और सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन किया गया, तो पता चला कि लड़का समय कसिरिस्ता के बगल वाले रूम के खिड़की से निकलकर भाग गया है। इस संबंध में रणगांव के इंद्रदेव यादव ने इमाम के खिलाफ मोबाइल चोरी कर बेच देने का आरोप लगाते केस दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि 24 जून को इमाम उनके घर पर भैंस खरीदने के संबंध में बात करने आया था ,थोड़ी देर बाद चला गया। जब हम अपना मोबाइल खोजे, तो मोबाइल नहीं देखा ।

पता चला कि इमाम ने मोबाइल चोरी कर ली है। उससे पूछताछ की, तो बताया कि मोबाइल बेच दिया हूं। आपको 1600 रुपया लाकर दे दूंगा। जबकि, मेरा मोबाइल आठ हजार का है। दोबारा 28 जून को सुबह 6 बजे वह मेरे घर पर आया और भैंस खरीदने की बात करने लगा। जब हम अपने घर के अंदर चले गए, तो इमाम मेरे भैंस को चोरी कर ले जाने लगा। घर से जैसे बाहर निकले, तो देखा कि ईमान भैंस को लेकर जा रहा है। हल्ला किया, तो घर के आसपास के लोगों ने उसे पकड़ लिया। तारापुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि मोहम्मद ईमाम पहले भी मोबाइल चोरी, घर मे घुस कर चोरी, साइकिल चोरी के आरोप में 5 बार जेल जा चुका है। वहीं, इस मामले में एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि तारापुर थाना में चोरी का एक मामला दर्ज हुआ था। इसमें मोहम्मद इमाम नाम का एक अभियुक्त जिसे पूछताछ के लिए थाना लाया गया था। उसी क्रम में वह थाना परिसर के अंदर एक छोटे से भिंडी लेटर से किसी तरह चकमा देते हुए भाग गया। इसके बाद तारापुर डीएसपी और तारापुर शो ने इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करते हुए उसकी गिरफ्तारी कर ली गई और मामले को लेकर आगे की तक कार्रवाई की जा रही है।

कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेर में 23वीं सलाहकार समिति की बैठक

कार्यक्रम में किसानों को खेती से संबंधित मिली जानकारी, सिंचाई, मिलेट्स आदि को बढ़ावा देने पर दिया बल

निज संवाददाता। मुंगेर

कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेर में 23वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर, भागलपुर के निदेशक प्रसार शिक्षा आरके सोहाने और डीडीएम नाबार्ड मुंगेर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर 22वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति द्वारा निर्देशित कुल 13 बिंदुओं का बिंदुवार प्रजेंटेशन और लेखा-जोखा वरीय वैज्ञानिक मुकेश कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही अगले 6 माह तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को बिंदुवार बताया गया। किसानों द्वारा विभिन्न कृषि क्रियाकलापों के तहत सिंचाई, मिलेट्स आदि को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं और अधिकारियों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेर के साथ समन्वय स्थापित कर किसानों को अधिक से अधिक लाभ देने की बात कही गई। मुख्य अतिथि द्वारा सभी किसानों व अधिकारियों के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि केवीके और किसानों के मेहनत का ही फल है कि मुंगेर से कुल 17 अवॉर्ड विभिन्न मंचों पर हासिल किया गया है। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी बृजकिशोर सिंह, केवीके प्रधान मुकेश कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला गब्य विकास पदाधिकारी, निदेशक यूको आर सेटी मुंगेर, आईटीसी मुंगेर के पदाधिकारी सहित अवॉर्ड हासिल करने वाले किसान धनंजय कुमार सिंह, सत्यदेव सिंह, तरूण कुमार, अजीत कुमार तथा अन्य किसान मौजूद थे।

बालिका-14 वर्ग में माउंट असीसी स्कूल बनी विजेता

निज संवाददाता। भागलपुर

नाथनगर स्थित संत पॉल स्कूल की मेजबानी में सीआईएससीई की जोनल बैडमिंटन प्रतियोगिता शनिवार को भागलपुर इंडोर स्टेडियम में हुई। उद्घाटन सिस्टर आशा, बासिल माइकल क्वाड्रर्स ने किया। विजयी प्रतिभागियों को उपमहापौर डॉ. सलाहउद्दीन अहसन ने ट्राफी व प्रमाण पत्र सौंपा। अंडर-14 बालिका वर्ग में माउंट असीसि स्कूल विजेता रहा और संत पॉल स्कूल रनर रहा। बालक वर्ग में होली फैमिली स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि संत जोसफ दूसरे स्थान पर रहा। अंडर 17 के बालिका वर्ग में कार्मेल स्कूल भागलपुर प्रथम व उर्स लाइन कॉन्वेंट स्कूल पूर्णिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में सेंट जेवियर्स स्कूल साहिबगंज ने प्रथम व माउंट असीसि स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । अंडर - 19 में बालिका वर्ग में होली फैमिली स्कूल प्रथम स्थान व सेंट जेवियर्स स्कूल साहिबगंज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

भागलपुर में विक्षिप्त महिला ने थाने में किया हंगामा

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में शनिवार को विक्षिप्त महिला ने थाना से लेकर सड़कों पर ड्रामा करना शुरू कर दिया। मामला नाथनगर थाना क्षेत्र का है। शहर के फाड़ी गली की रहने वाले मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती की छोटी बहन मीनू कुमारी ने थाना में मारपीट की शिकायत की थी। इस आवेदन की जांच के लिए नाथनगर थाने के महिला पुलिस पदाधिकारी उसके घर पर गई थी। पुलिस जब घर पर पहुंची तो उसके पिता ने कहा थाने पर इसे ले जाकर थोड़ा समझा दीजिए। पदाधिकारी उसे थाना लेते आए साथ में उसके अन्य परिजन भी थे। थाना आते ही वह हंगामा करना शुरू कर दिया उसे काफी कंट्रोल करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने पुलिस की एक नहीं सुनी इस दौरान समझा बुझा रहे तीन महिला और एक पुरुष पुलिसकर्मी सहित चार लोगों को दात से काटकर लहूलुहान कर दिया। लगभग आधे घंटे तक थाना परिसर और सड़कों पर वोल्टेज जमा होता रहा। फिर किसी तरह युवती को काबू कर उसे स्वजन घर ले गए। नाथनगर के प्रभारी थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि युवती के खिलाफ उनके बहन ने मारपीट करने के खिलाफ शिकायत की थी। शिकायत मिलने पर महिला पुलिस पदाधिकारी जांच के लिए पहुंची थी। इसके बाद इसे पुलिस ने जिप्सी में बैठकर थाना ले आई। यहां पर समझा-बुझा ही रहे थे कि थाना के कागजात इधर-उधर करने लगी।

लोकसभा चुनाव में हार पर किया मंथन, राजद कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक आयोजित

निज संवाददाता। भागलपुर

विधानसभा चुनाव को लेकर हुआ विचार-विमर्श

भागलपुर के सुलतानगंज में राजद कार्यकर्ताओं ने खादी ग्रामोद्योग के प्रांगण में लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को समीक्षा बैठक की। अध्यक्षता राजद जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव ने की। बैठक में सुलतानगंज प्रखण्ड के कार्यकारणी प्रखण्ड अध्यक्ष विवेकानंद यादव, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव, राजद नगर प्रखण्ड अध्यक्ष अफरोज आलम की निगरानी में राजद कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में लोकसभा चुनाव में जीत-हार पर राजद कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श किया गया। इस बीच राजद कार्यकारी अध्यक्ष और प्रखण्ड अध्यक्ष के बीच गहमागहमी होने पर राजद के जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर प्रसाद यादव ने दोनों पक्षों को शांत कराया और आने वाले विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

ये रहे बैठक में मौजूदः राजद जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर प्रसाद यादव ने बताया कि लोकसभा चुनाव में जीत-हार पर राजद कार्यकर्ताओं ने समीक्षा बैठक की। आने वाली विधानसभा चुनाव में हमारी सरकार बने इस पर चर्चा की गई। इस दौरान राजद के सांसद प्रतिनिधि अरविंद यादव, राजद के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नट बिहारी मंडल, शिशिर कुमार सिंह, राजू यादव, सकदेव यादव, बासुकी यादव, मो. मंजूर आलम, सहित अन्य राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

भागलपुर में सड़क हादसे में चालक-खलासी सहित तीन घायल

निज संवाददाता। भागलपुर

स्कॉर्पियो को बचाने में पिकअप वैन पलटी, एक के हाथ टूटे, दूसरे के सिर में लगी चोट

भागलपुर में सुल्तानगंज-देवघर मुख्य मार्ग के समीप स्कॉर्पियो को बचाने के चक्कर में पिकअप वैन सड़क किनारे बने नाले में जा घुसा। हादसे में चालक-खलासी समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना संग्रामपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानगंज देवघर मुख्य मार्ग की है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद घटना की जानकारी मिलने के बाद आनन-फानन में स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को किसी तरह बाहर निकाला और प्रारंभिक उपचार के लिए संग्रामपुर रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया है। जहां उनका इलाज जारी है। घायल की पहचान मोहम्मद चांद (28), मोहम्मद छोटू (31) और मोहम्मद अली के रूप में की गई है। लोगों ने यह आरोप लगाया है कि समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंची। इसके कारण घायलों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

हादसे में पिकअप क्षतिग्रस्तः हादसे में पिकअप पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया हादसे के बाद पिकअप वाहन सड़क किनारे बने नाले में जा घुसी, हालांकि समय रहते लोगों ने घायल लोगों को पिकअप वैन से निकाल दिया था। इधर, घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी के मदद से पिकअप वैन को बाहर निकला, पिकअप पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। हादसे में घायल सभी लोग मुंगेर के रहने वाले हैं। भागलपुर के सुल्तानगंज मुख्य मार्ग होते हुए मुंगेर के संग्रामपुर जा रहे थे इसी दौरान एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो को बचाने में वह सड़क किनारे बने गड्ढे में जा घुसी।

कार्रवाई में जुटी पुलिसः स्थानीय सूरज ने बताया कि हादसे के बाद मौके पर तुरंत पुलिस पहुंची। जिस जगह हादसा हुआ उस जगह दो जिला के थाना क्षेत्र का बॉर्डर पड़ता है। हादसा संग्रामपुर में हुई। लेकिन मौके पर पुलिस बेलहर थाने की पहुंची और उन्होंने जेसीबी के मदद से क्षतिग्रस्त पिकअप वैन को बाहर निकाल। सभी घायलों को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भेज दिया गया है। इधर पुलिस ने वाहन को जप्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

भाई के साथ मायके जाने से मना किया तो आत्महत्या, फंदे से लटकता मिला शव, दिल्ली में करता है मजदूरी

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में भाई के साथ पत्नी को मायके जाने से मना किया तो उन्होंने फंदे से झूल कर जान दे दी। घटना बायपास थाना क्षेत्र का है। मृतक की पहचान गोविंद कुमार के धर्मपत्नी रितु देवी (20) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि ऋतु के भाई भैरव कुमार अपनी बहन की विदाई लेने के लिए पहुंचे थे। पति ने भाई के साथ पत्नी को जाने से मना कर दिया। जिसके बाद पत्नी नाराज हो गई। और उन्होंने अपने कमरे में जाकर खुदकुशी कर लिया। परिजनों ने जब फंदे से लटकता शव देखा तो इसकी जानकारी मायके वाले और पति को दी। यह घटना शनिवार की है। सूचना के बाद पति घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

दो महीने पहले घर लौटा था पुलिसः मालूम हो कि मृतका के पति गोविंद कुमार दिल्ली में रहकर (पेंट) मजदूरी कर काम करता था. दो महीना पहले वापस घर लौटा था। मृतिका रितु के भाई भैरव बहन की विदाई लेने के लिए अपने जीजा के घर पहुंचे थे लेकिन जीजा ने कहा कि शाम में हम पहुंचा देंगे। अभी हमारे पास पैसा नहीं है। जहां पर हमने मजदूरी किया है। वहां से मुझे पैसा नहीं मिला है। जिसके बाद पति पैसा लेने के लिए सनहौला चले गए। इधर, पत्नी ने फंदे से झूल कर खुदकुशी कर ली। परिजनों ने इसकी जानकारी पति को दी। तब पति वापस घर लौटे तो फंदे से लटकता मिला। मालूम हो कि गोविंद कुमार और रितु की शादी वर्ष 2023 में हुआ था। शादी के बाद से दोनों की जिंदगी सही चल रही थी। विदाई नहीं देने से नाराज थी। जिसके कारण उन्होंने खुदकुशी किया है। मृतिका के मायके और ससुराल वाले का रो-रो कर बुरा हाल है।

रितु के पति ने बताया कि शाला पत्नी की विदाई के लिए आया था लेकिन हमने कहा कि शाम में हम पहुंचा देंगे जिससे पत्नी नाराज हो गई। हमने कहा, जहां मजदूरी किया है. वहां पैसा नहीं मिला है। पैसा लेकर आने दो हम शाम तक मायके पहुंचा देंगे हम पैसा लाने के लिए गए।इधर इन्होंने सुसाइड कर लिया।शादी के बाद से हम लोग बहुत अच्छे तरीके से रह रहे थे। कभी झगड़ा नहीं हुआ था इधर, घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इधर, घटना की जानकारी पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

भागलपुर में खादी मेले का हुआ आगाज

DM ने दीप जलकार किया शुभारंभ, कहा- छोटे-छोटे उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के रेशम भवन में 10 दिनों तक चलने वाले खादी मेला सह उद्यमी बाजार का उद्घाटन शनिवार को भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी और उद्योग विभाग के प्रभारी महाप्रबंधक खुशबू कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस दौरान डीएम अधिकारियों के साथ रेशम भवन परिसर में मौजूद खाद्य निर्मित वेस्टन से सजे स्टॉल, हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम, बुनकर,मंजूषा कला और महिला उद्यमियों द्वारा लगाए गए घरेलू उत्पाद के विभिन्न उत्पादनो के तैयार करने की जानकारी बारीकी से ली और अधिकारियों को छोटे-छोटे उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए बाजार उपलब्ध कराए जाने की बात भी कही। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि 10 दिनों तक भागलपुर के रेशम भवन में बिहार के अलग-अलग जिलों से कड़ी से जुड़े लोग और विभिन्न छोटे उद्यमी अपने-अपने स्टॉल लगाकर अपने उत्पादनों का व्यापार करने आए हैं। अधिकारियों के साथ-साथ उन्होंने आम लोगों से भी अधिक से अधिक संख्या में बाजार में पहुंचकर छोटे उद्यमियों को बढ़ावा देने की अपील की साथ ही साथ उन्होंने उद्योग विभाग को यह भी निर्देश दिया कि अगर मेला की अवधि बढ़ानी हो तो वो उनसे संपर्क कर सकते हैं। वहीं उद्योग विभाग के प्रभारी महाप्रबंधक खुशबू कुमारी ने बताया कि इस तरह के आयोजन से छोटे-छोटे उद्यमियों को आगे बढ़ाने का अवसर प्राप्त होता है। मिलक के उद्घाटन के दौरान मेला प्रभारी अभय सिंह, मुन्ना सिंह काजल प्रियंका सहित खड़ी बोर्ड के कई अधिकारी और भागलपुर उद्योग विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

जुर्माना व ब्याज जमा करने से छूट जो जमा कर चुके उन्हें वापस होगी

निज संवाददाता। भागलपुर

जीएसटी परिषद की बैठक में तीन वित्तीय वर्ष का जीएसटी में लगने वाली पेनाल्टी और ब्याज में छूट दी गई है। इन वित्तीय वर्ष में मिली छूट से पहले जिन व्यापारियों ने टैक्स जमा कर दिया है अब वे अपनी राशि वापस करने की मांग करेंगे। इसके लिए व्यापारी जिले के कार्यालय से लेकर कोर्ट जाने का भी मन बना रहे हैं। बता दें कि शहर में करीब 36 हजार से ज्यादा व्यापारी जीएसटी के तहत पंजीकृत हैं। एक अनुमान के मुताबिक व्यापारियों ने करीब 7 करोड़ रुपए जमा किए हैं। हाल ही में संपन्न जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में सरकार ने जुर्माना और ब्याज दोनों से छूट देने का फैसला किया है। आर्थिक सलाहकारों की माने तो कई मामलों में ब्याज और जुर्माना मिलाकर कर मांग से कहीं अधिक है। जीएसटी परिषद की ओर से मिली छूट के तहत वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के बीच की अवधि के दौरान जिन्होंने अपने मूल कर की देय को छिपाया था। उन्हें दिसंबर 2023 में नोटिस देकर राशि को जमा कराया गया। यह छूट केवल उन मामलों पर लागू होगी, जहां धोखाधड़ी या गलत बयान जैसे कि फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) दावे शामिल नहीं हैं। आर्थिक सलाहकार व सीए प्रदीप झुनझुनवाला ने बताया कि जब जीएसटी लागू हुई थी तो सरकार ने अगले दो वर्षों तक व्यापारियों पर सर्वे करने की छूट दी थी। विभागों ने 2017-18 और 2018-19 के मामलों पर दिसंबर 2022 में नोटिस देकर राशि जमा कराई। नियम के मुताबिक 36 माह के भीतर नोटिस करना होता है। अब जब माफ करने की बात हो ही रही है तो विभाग भी जुर्माना और ब्याज वसूलते हैं तो व्यापारियों को भी ब्याज सहित राशि की वापसी होनी चाहिए। उन्होंने ऐसा इसलिए बताया कि विभाग ने पुराने नियमों के अनुसार जमा कराया है। हालांकि सरकार ने कहा है कि 2017-18, 2018-19, 2019-20 के लिए जारी डिमांड नोटिस धारा 73 के मामले में, यदि कर का भुगतान 31 मार्च, 2025 तक किया जाता है, तो ब्याज और जुर्माना माफ कर दिया जाएगा। जिन्होंने ब्याज व जुर्माना के साथ टैक्स का भुगतान कर दिया है उनकी राशि को वापस किए जाने की मांग करने की बात की जा रही है। कर विशेषज्ञों की माने तो शहर में करीब 7 करोड़ की राशि व्यापारियों ने नोटिस मिलने के बाद उन वित्तीय वर्षों के लिए की जिनमें अब छूट दी गयी है।

कोई लिखित निर्देश नहीं

ब्याज व जुर्माने की छूट की बात सामने आई है लेकिन अभी सरकार की ओर से किसी तरह का कोई लिखित निर्देश नहीं मिला है। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद उसी हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

- विजय कुमार पाठक, संयुक्त आयुक्त, एसजीएसटी

संक्षिप्त समाचार

निगम क्षेत्र में विकास योजनाओं की गति देना प्राथमिकता: पिंकी देवी

बेगुसराय, एजेंसी। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या-31 व 37 में 30 लाख 34 हजार 437 रुपये की लागत से विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन मुख्य पार्षद पिंकी देवी ने किया। वार्ड-31 में13 लाख 21000 हजार रुपये की राशि पीडब्ल्यूडी मुख्य सड़क नवल किशोर गुप्ता की दुकान घर से श्रवण महाराज व फूचो साह के घर से अनिल साह के घर तक आरसीसी नाला- सह- पीसीसी कार्य व पीडब्ल्यूडी मुख्य सड़क घर से रूक्मिनी देवी के घर तक आरसीसी नाला- सह- पीसीसी कार्य का शिलान्यास किया गया। वार्ड संख्या-37 में 13 लाख 27 हजार की राशि से विनोद बाबू पेशकार घर के आगे से राजीव कुमार सिन्हा घर के आगे तक पीसीसी सड़क मरम्मत एवं नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसके अलावा तीन लाख 86 हजार 437 रुपये से वार्ड संख्या-31 में शनिचरा स्थान के निकट स्थित सामुदायिक भवन के कराये गये जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन किया गया। मुख्य पार्षद ने कहा कि आदर्श आचार संहिता खत्म होने के बाद निगम क्षेत्र में तेजी से विकास के काम होंगे। जिन संवदेकों के द्वारा अभी तक योजना का शुभारंभ किया गया वैसे संवेदकों से कहा गया है कि जितना जल्द हो सके योजना शुरू करें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। कार्यक्रम में वार्ड संख्या-31 की पार्षद प्रियंका कुमारी, वार्ड संख्या-37 के पार्षद विपिन पासवान, कनीय अभियंता गणेशचन्द्र राही सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में 333 परीक्षार्थी अनुपस्थित

बेगुसराय, एजेंसी। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद पटना की ओर से डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (डीसीईसीई, पीई) शनिवार को शांतिपूर्ण माहौल में हुई। जिले में 12 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। विभागीय स्तर से मिली जानकारी के अनुसार इस परीक्षा में 3660 परीक्षार्थियों में 3327 परीक्षार्थी उपस्थित व 333 अनुपस्थित रहे। किसी केंद्र से परीक्षार्थी के निष्कासन की सूचना नहीं है। बनाये गये परीक्षा केंद्रों में एमआरजेडी कॉलेज विष्णुपुर, बीपी इंटर स्कूल, अपग्रेडेड हायर सेकेंड्री स्कूल भर्रा, जेके इंटर स्कूल बेगूसराय, बीएसएस कॉलेजिएट इंटर स्कूल बेगूसराय, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय सुशीलनगर, उत्क्रमित हाई स्कूल असुरारी, यूएमएस बरौली, आरएमजी इंटर स्कूल बीहट, आरबीएसएस इंटर स्कूल हरपुर व उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैमरा शामिल है। वहीं 23 जून को 11:00 बजे से 01.15 बजे तक विषय समूह पीएम (इंटरमीडिएट स्तरीय) एवं द्वितीय पाली 02:00 बजे से 04:15 बजे तक विषय समूह पीएमएम (माध्यमिक स्तरीय) की परीक्षा होगी। परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में अपने साथ किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यथा मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट आदि सामान ले जाने पर रोक है। परीक्षा अवधि के लिए कारगिल विजय सभा भवन के ऊपरी तल पर जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। इसका दूरभाष संख्या 06243-222835 है।

नाला उड़ाही में निकला प्लास्टिक का कचरा, पानी का बहाव तेज

बेगुसराय एजेंसी। मानसून पूर्व नगर निगम क्षेत्र में अभियान के तहत नाले की उड़ाही का काम जोरों पर है। शुक्रवार को स्टेशन रोड, वार्ड संख्या-35, वार्ड संख्या-दो व अन्य कई जगहों पर अभियान चलाकर नाला उड़ाही का कार्य कराया गया। इसमें नाला कचरा से भरा था। खासकर प्लास्टिक व प्लास्टिक बोतल वाले कचरा की वजह से नाला में जल बहाव की गति धीमी थी। इससे जलजमाव बना हुआ था। नाला उड़ाही के बाद नाले के समीप कचरे का ढेर लग गया। मुख्य पार्षद पिंकी देवी ने नगर निगम क्षेत्र में विशेष अभियान के तहत कराये जा रहे नाला उड़ाही कार्य का निरीक्षण किया। कचरे में प्लास्टिक आईटम देख उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि प्लास्टिक का उपयोग न करें और न ही नाले में किसी भी प्रकार का कचरा फेंके। उन्होंने कहा कि आसन्न बरसात में जलजमाव की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए निगम प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। नियमित रूप से नाला उड़ाही का कार्य कराया जा रहा है।

झारखंड के हजारीबाग पहुंची बिहार ईओयू की टीम

इस सेंटर पर टूटा था डिजिटल लॉक

पटना, एजेंसी। नीट पेपर लीक मामले की कड़ी झारखंड से भी जुड़ती दिख रही है। हजारीबाग स्थित एग्जाम सेंटर से लीक होने की आशंका पर ईओयू की तीन सदस्यीय टीम हजारीबाग पहुंची। हजारीबाग में इस बार नीट की परीक्षा के लिए पांच सेंटर बनाए गए थे। इनमें लोहसिंघना थाना क्षेत्र स्थित ओएसिस स्कूल नया सेंटर के रूप शामिल हुआ था। अन्य स्कूलों में डीएवी, संत जेवियर्स, रामकृष्ण विवेकानंद और हॉली क्रॉस शामिल थे। डीएवी से इस बार 840 विद्यार्थियों ने नीट की परीक्षा दी।

पटना से हजारीबाग पहुंची आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने ओएसिस स्कूल सेंटर के प्राचार्य से फोन कर पूछा कि प्रश्न पत्र का डिजिटल लॉक कैसे खुला। दूसरी तरफ प्राचार्या ने बताया कि पूरे भारत में डिजिटल लॉक नहीं खुलने की शिकायत थी। ऐसे में वरीय अधिकारी से आदेश लेकर डिजिटल लॉक तोड़ा गया। हालांकि इसमें भी पूरी सुरक्षा को ध्यान में रखा गया। दूसरी तरफ रामकृष्ण विवेकानंद की प्रबंध समिति ने बताया कि कोई पूछताछ नहीं की गई है।

आवश्यक जानकारी लेने के बाद टीम हजारीबाग से सीधे रांची चली गयी। सूत्र के अनुसार ट्रांसपोर्टिंग के दौरान प्रश्न पत्र लीकेज की आशंका है। इधर, हजारीबाग के सदर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीपीओ) कुमार शिवाशीष ने बताया कि ईओयू की टीम पहुंची थी। टीम में तीन सदस्य शामिल थे। उन्होंने अनुसंधान के क्रम में तीन चार जगहों पर पूछताछ की। हालांकि इस संबंध में कोई जानकारी शेयर नहीं की गई।

नीट पेपर लीकः जेडीयू का तेजस्वी पर प्रहार? प्रवक्ता बोले- माफिया का साथ देने वाले नेता सदमे में

नीट रद्द करने की मांग करते हुए छात्र संगठन ने शनिवार को गांधी मैदान कारगिल चौक पर घंटों तक प्रदर्शन किया। छात्र संगठन युवा शक्ति की ओर आयोजित प्रदर्शन का नेतृत्व पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष मनीष यादव ने किया। प्रदर्शन में भैस और गधा के साथ करगिल चौक पर छात्र नजर आए। सैंकड़ों नीट और नेट के छात्रों ने अपनी डिग्री जलाकर विरोध जताया। छात्र संघ अध्यक्ष मनीष यादव ने कहा कि नीट पेपर रद्द होने का साक्ष्य मिलने के बाद भी अब तक केन्द्र सरकार टालमटोल कर रही है। पेपर लीक का साक्ष्य पटना पुलिस ने सौंप दिया है। वहीं पकड़े गए आरोपित खुद स्वीकार कर चुके हैं। एक दिन पहले पेपर मिल गया था। छात्रों को रटवाया जा रहा था। इसके बाद भी पेपर लीक नहीं तो क्या है। केन्द्र सरकार नीट के 23 लाख और नेट के 9 लाख छात्रों के साथ अन्याय कर रही है। एनटीए की परीक्षाएं रद्द की जा रही हैं। ऐसी स्थिति में इस एजेंसी को ही भंग कर देना चाहिए। एनटीए के अध्यक्ष प्रदीप कुमार जोशी को बर्खास्त कर पूरे मामले को सीबीआई को सौंपने के समर्थन में नारेबाजी की गई। अन्यथा पूरे बिहार में आंदोलन की चेतावनी दी गई। साथ ही अनिश्चितकाल के लिए भूख हड़ताल पर बैठने की बात कही गई।

मौसम की मारः मॉनसून की बेरुखी खेती पर भारी

बारिश नही होने से 40 प्रतिशत भी नहीं गिरा धान का बीज

पटना एजेंसी। मॉनसून की बेरुखी बिहार में खेती किसानी पर भारी पड़ रहा है। बिहार में प्रवेश करने के बाद मॉनसून धीमा पड़ गया है। एक दिन की बारिश से भीषण गर्मी से थोड़ी राहत तो मिल गई है लेकिन खेती बाड़ी की गतिविधियां शुरू करने लायक वर्षा नहीं हुई। धान का बीज गिराने का सबसे अच्छा समय रोहिणी नक्षत्र माना जाता है। रोहिणी नक्षत्र बीत चुका है। अब तो आद्रा भी प्रवेश कर चुका है। अभी तक बारिश नहीं हुई है। इससे किसान परेशान हैं। राज्य में इस साल कृषि विभाग ने 36.56 लाख हेक्टेयर में धान की खेती का लक्ष्य है।

इसके लिए 3.56 लाख हेक्टेयर में धान की बुआई (बिचड़ा के लिए) का लक्ष्य है। लेकिन 21 जून तक राज्य में लक्ष्य के विरुद्ध महज 39.28 प्रतिशत यानी 1.43 लाख हेक्टेयर में ही बीज लगे हैं। जो बीज लगे भी हैं वे पानी की कमी से सूखने लगे हैं। किसान इन्हें बचाने की जद्दोजेहद में जुटे हैं। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि अगले 10 दिनों तक बारिश नहीं हुई तो 15 से 20 प्रतिशत तक धान का उत्पादन घटेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक, जून के पहले हफ्ते तक बीज गिर जाने चाहिए थे। 21 दिन में बीज तैयार होता है। ऐसे में 15 जून के बाद धान की रोपनी आरंभ हो जाती। पर, बारिश न होने से सूखे का संकट मंडराने लगा है। उत्तर बिहार में अब तक लगभग सभी जिलों में शत प्रतिशत धान का बीज लग जाता था। इस साल औसतन 65 से 70 प्रतिशत तक बीज लगा है। सबसे अधिक किशनगंज में 76.48 प्रतिशत और मुंगेर में सबसे कम 0.04 प्रतिशत बिचड़ा लगा है।

बिचड़ा बचाने को डीजल अनुदानः धान का बिचड़ा बचाने के लिए राज्य सरकार ने तीन पटवन तक डीजल अनुदान का प्रावधान किया गया है। प्रति हेक्टेयर तक 10 लीटर डीजल 75 रुपए प्रति लीटर की दर से प्रावधान है।

किसान मध्यम अवधि के धान का बिचड़ा लगाएं

वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज डुमरांव के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. अजय कुमार कहते हैं कि अब लंबी अवधि 150 से अधिक दिन वाले धान के प्रभेद लगाने का समय समाप्त हो चुका है। ऐसे में किसान 110 से 135 दिनों के कम और मध्यम अवधि वाले धान लगा सकते हैं। बारिश नहीं हो रही है, ऐसे में उत्पादन घटेगा। कम और मध्यम अवधि वाले धान बीपीटी 5204, राजेंद्र श्वेता, राजेंद्र भगवती, श्वेता, एमटीएच 1001, सबौर श्री, सहभागी, राजेंद्र नीलम, सबौर दीप, प्रभात लगाना ठीक होगा। सुगंधित धान में सबौर सुरभित, राजेंद्र कस्तुरी, राजेंद्र सुभाषिणी लगा सकते हैं। हाइब्रिड धान की वेराइटी भी लगाना ठीक होगा।

शादी का झांसा दे युवती से ठगे थे 17 लाख, बताता था एयर इंडिया का पायलट

देवघर से गिरफ्तार

पटना, एजेंसी। पटना पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से 17 लाख हजार रुपये ठगने वाले एक शातिर को गिरफ्तार किया है। आरोपित को पुलिस ने देवघर स्थित होटल के समीप से दबोचा। उसकी पहचान मूल रूप से जमुई निवासी गौतम मृणाल (27) के रूप में हुई है। उसने शादी डाट काम पर अपना प्रोफाइल बना रखा था। खुद को एयर इंडिया का पायलट बता आरोपित ने पटना की युवती से दोस्ती की थी। इंस्टाग्राम और फेसबुक पर गौतम खुद को कभी गायक तो कभी सेलिब्रेटी भी बताता था।

इस संबंध में थानेदार हरि नारायण सिंह ने बताया कि जक्कनपुर निवासी युवती ने बीते वर्ष दो अगस्त को पुलिस में 17 लाख 20 हजार रुपये की ठगी का मुकदमा दर्ज करवाया था। बताया था कि शादी डाट काम के माध्यम से उसकी पहचान गौतम मृणाल नाम के युवक से हुई थी। बाद शादी के वादे तक जा पहुंची। इसी बीच, गौतम मृणाल ने युवती को फोन किया और कहा कि उनके पिताजी की तबीयत अचानक से खराब हो गई है। उन्हें एयर एंबुलेंस से बेंगलुरु ले जाना है। लेकिन बैंक अकाउंट काम नहीं कर रहा है। इसलिए रुपये की सख्त जरूरत है।

बिहार में सरकारी बस से शराब की तस्करी, दिल्ली से पटना आ रही बस के ड्राइवर खलासी धराएः गौतम के झांसे में आकर युवती ने 17.20 लाख रुपये ऑनलाइन भेज दिए। इसके बाद गौतम ने पीड़िता से दूरी बनानी शुरू कर दी। इसी बीच पता चला कि गौतम बेरोजगार और जालसाज है। उसने बाराबंकी की एक लड़की से शादी कर ली है। वह पत्नी को लेने फ्लाइट से देवघर आने वाला है। शुक्रवार को पुलिस देवघर से गिरफ्तार कर आरोपित को पटना ले आई।

ठगी के रुपये से करता था : अय्याशी गौतम अय्याश का जीवन जी रहा था। वह अक्सर फ्लाइट से मुंबई, दिल्ली और कोलकाता आता-जाता था और महंगे होटलों में रहता था। पुलिस का मानना है कि आरोपित कई लोगों से ठगी कर चुका है। पुलिस अन्य मामले में गौतम की संलिप्तता की जांच कर रही है।

मां की डांट के डर से 13 साल के लड़के ने रची खुद के अपहरण की साजिश, पुलिस को चढ़वा दिया पहाड़

कैमूरएजेंसी। बिहार के कैमूर जिले से चौंकाने वाला सामने आया है। यहां एक 13 साल के लड़के ने खुद के अपहरण की झूठी साजिश रच दी। पुलिस उसकी तलाश में पहाड़ पर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि चाचा के साथ नीरा पीने के बाद वह रास्ता भटक गया था और पहाड़ी पर चला गया था। फिर मां की डांट के डर से उसने फोन कर अपहरण की कहानी सुनाई। आनन-फानन में पुलिस उसे बरामद कर वापस लेकर आई। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो सच सामने आया।

रामपुर के एसडीपीओ शिवशंकर कुमार ने शनिवार को इसकी दी। उन्होंने बताया कि डायल 112 नंबर वैन की पुलिस को सूचना मिली कि अपराधी एक किशोर का अपहरण कर पहाड़ पर ले गए हैं। पुलिस द्वारा उसे बरामद कर रामपुर सीएचसी में इलाज कराया गया। यहां पर कुछ लोगों ने उसके बयान का वीडियो क्लिप बनाया था, जिसमें किशोर द्वारा अपहरण करने एवं नशीली दवा खिलाने की बात कही जा रही है।

किशोर ने बताया था कि उसे अपराधी ले गए और नशा की गोली खिला दी। सूचना देकर बच्चे के गार्जियन को बुलाया गया। पूछताछ के दौरान बच्चे ने पुलिस को बताया कि अज्ञात अपराधी उसका हाथ-पैर बांधकर ले गए। बदमाशों ने उसे बेहोश करने वाली दवाई खिलाई। उसके मोबाइल पर चाचा का फोन आया तो चाचा को बताया कि तीन-चार लोगों द्वारा जान मारने के लिए पहाड़ पर लाया गया है। उसके बाद चाचा पुलिस के साथ आए और उसे पहाड़ से उतारकर अस्पताल लाए।

पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह अपने पापा के ननिहाल उचिनर नेवता देने के लिए चाचा सतेन्द्र कुमार के साथ गत 20 जून को गया था। रास्ते में चाचा के साथ ज्यादा नीरा पी ली। जैसे ही उचिनर पहुंचा तो चाचा के मोबाइल पर मौसेरी बहन का फोन आया। उससे बात करते हुए पहाड़ी पर चला गया। कुछ देर बाद चक्कर आने लगे और आंख के सामने अंधेरा छा गया। कुछ समय के बाद होश आया तो खुद को पहाड़ी पर पाया। वह नीचे उतरने में असमर्थ था। फिर उसने डर के मारे अपनी मां के मोबाइल पर फोन कर अपहरण की झूठी बात कही।

14 जिलों की सवा करोड़ गाड़ियों की अगले माह से खंगाली जाएगी कुंडली

पटना, एजेंसी। एक जुलाई से 14 जिलों की सवा करोड़ गाड़ियों की कुंडली खंगाली जाएगी। एक क्लिक पर ही किसी भी गाड़ी के इतिहास का पता चल जायेगा। 30 जून के बाद सभी जिले को तीन से पांच एमवीआई और तीन से आठ मोबाइल दारोगा मिल जाएंगे। प्रत्येक जिले में अतिरिक्त एमवीआई की तैनाती होने के बाद प्रदूषण में कंट्रोल, राजस्व में इजाफा, ओवरलोडिंग, फर्जीवाड़ा, शराब तस्करी समेत कई अन्य तरह के गैरकानूनी कार्यों में सीधे तौर पर तुरंत लगाम लग जाएगा।

अभी विशेष कार्य पदाधिकारी परिवहन विभाग, पटना के सौजन्य से चल रहे दूसरे चरण के दो सप्ताह के प्रशिक्षण के लिए सभी एमवीआई और मोबाइल दारोगा को भेजा गया है। पूरे बिहार में प्रत्येक माह 10 लाख छोटी-बड़ी गाड़ियों की बिक्री होती है। लेकिन इनमें से 60 फीसदी की संख्या में गाड़ी की बिक्री भागलपुर, कोसी-सीमांचल और बेगूसराय जिले में होती है। पटना के बाद सीमांचल के पूर्णिया में चार चक्का गाड़ियों के शोरूम अधिक हैं। इसका कारण यह भी है कि पश्चिम बंगाल और पड़ोसी देश नेपाल के लोग भी पूर्णिया से ही गाड़ी खरीदकर जाते हैं। प्रतिदिन यातायात और स्थानीय पुलिस के द्वारा सिर्फ हेलमेट का ही फाइन काटकर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। एक आंकड़े के अनुसार सिर्फ 13 जिलों में पांच लाख की संख्या में ऐसी गाड़ी हैं, जिनके कागजात दुरुस्त नहीं हैं। 90 फीसदी गाड़ी का प्रदूषण प्रमाणपत्र फेल रहता है। प्रदूषण को लेकर 10 हजार रुपये तक फाइन का प्रावधान है। हजारों की संख्या में गाड़ियों के एक भी कागज ऑनर के पास उपलब्ध नहीं है। इस तरह के तमाम मामलों को लेकर बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में परिवहन विभाग की टीम के सदस्य लगे हुए हैं। ग्रामीण इलाकों में इसकी स्थिति और भी बदतर है। एक बार जो गाड़ी निकालकर जाते हैं। फिर दोबारा कभी नहीं आते हैं। पूर्णिया में मरंगा के एक शोरूम मालिक ने बताया कि उनके शोरूम से सैकड़ों की संख्या में गाड़ी लेकर जाने वाले लोग कभी भी दोबारा लौटकर नहीं आया। उनकी गाड़ियों में सिर्फ रजिस्ट्रेशन ही है। भागलपुर में 04, पूर्णिया में 03, कटिहार में 02, मुंगेर में 04, जमुई में 02, बांका में 05, किशनगंज में 02, लखीसराय में 02, अररिया में 03, बेगूसराय में 04, खगड़िया में 03, सहरसा में 03, सुपौल में 02 और मधेपुरा जिले में 02 एमवीआई की तैनाती की गई है।

जून की कमी जुलाई में पूरी करेगा मॉनसून, ला नीना के कारण होगी मूसलाधार बारिश

पटना एजेंसी। लाखों लोगों को चिलचिलाती गर्मी का सामना कर पड़ा रहा है। किसानों को सिंचाई के लिए अपने खेतों में पानी का इंतजार है। इस बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढरूष्ठ) ने अपने नए पूर्वानुमान में कहा है कि मॉनसून 3 जुलाई तक पूरे देश में फिर से बढ़ना शुरू करेगा और उत्तर-पश्चिम भारत में बरसने लगेगा। इससे दिल्ली के साथ-साथ पंजाब और हरियाणा जैसे कृषि प्रमुख राज्य शामिल हैं। आपको बता दें कि 11 जून के बाद से मॉनसून की रफ्तार सुस्त हो चुकी है। गुरुवार को मध्य भारत के कुछ हिस्सों में ही यह थोड़ा आगे बढ़ी है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने कहा, हमें जुलाई के पहले सप्ताह के आसपास अच्छी रिकवरी की उम्मीद है और जून से हुई कमी उस अवधि के दौरान पूरी हो जाएगी।

अगले 3-4 दिनों में यहां होगी बारिश

अगले 3-4 दिनों के दौरान मॉनसून के गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, गंगा के तटीय पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के शेष हिस्सों, झारखंड के कुछ हिस्सों, बिहार के कुछ और हिस्सों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने की उम्मीद है। मौसम एजेंसी ने यह बी भविष्यवाणी की है कि 27 जून से यह उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में जोर पकड़ेगा।

आईएमडी के पूर्वानुमान में कहा गया है, इस दौरान पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और पश्चिमी राजस्थान को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में बारिश की गतिविधि सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

ला नीना कराएगा भारी बारिश

आईएमडी ने यह भी कहा है कि वर्तमान में अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ) की स्थितियां बनी हुई हैं। अगस्त के आसपास ला नीना विकसित होने की उम्मीद है। अल नीनो भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र का चक्रीय वार्मिंग है, जो दुनिया भर के मौसम पर एक व्यापक प्रभाव डालता है। भारत में यह आमतौर पर कमजोर मॉनसून के मौसम का कारण बनता है। ला नीना इसके विपरीत घटना है। इसके कारण भारतीय उपमहाद्वीप में अधिक बारिश होती है। मौसम विज्ञानी एम राजीवन ने कहा, मॉनसून फिर से सक्रिय हो रहा है। जुलाई के पहले सप्ताह तक मॉनसून आ जाएगा। हमें अगले 2-3 सप्ताह तक अच्छी बारिश की उम्मीद करनी चाहिए। सामान्य से अधिक मॉनसून वाली बारिश होगी। हमें अगस्त में ला नीना के कारण सामान्य से अधिक बारिश की उम्मीद करनी चाहिए। आपको बता दें कि मॉनसून की प्रगति लगभग नौ दिनों से रुकी हुई थी। शनिवार तक मॉनसून की उत्तरी सीमा नवसारी, जलगांव, मंडला, पेंड्रा रोड, झारसुगुड़ा, बालासोर, हल्दिया, पाकुर, साहिबगंज और रक्सौल से होकर गुजरी। आईएमडी को अगले 3-4 दिनों में उत्तरी अरब सागर, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में मॉनसून के आगे बढ़ने की उम्मीद है।

बिहार में सरकारी बस से शराब की तस्करी, दिल्ली से पटना आ रही गाड़ी के ड्राइवर और खलासी धराए

पटना एजेंसी। शराबबंदी वाले बिहार में अब सरकारी बस से भी दारू की तस्करी होने लगी है। दिल्ली से पटना चलने वाली बीएसआरटीसी की लग्जरी बस से शराब की तस्करी का मामला सामने आया है। इसकी खबर परिवहन विभाग के अधिकारियों को मिल गई। उनकी सूचना पर गुरुवार शाम साढ़े सात बजे पटना एयरपोर्ट थाने की पुलिस ने छापेमारी कर दो ड्राइवर और एक खलासी को गिरफ्तार कर लिया। ये तीनों बिहार रोडवेज के कर्मचारी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने रोडवेज बस की डिक्की से शराब भी बरामद की।

पकड़े गए ड्राइवरों में एक हिमाचल प्रदेश के अंबा का रहने वाला जनक राम, दूसरा यूपी के हाथरस का निवासी सुशील कुमार और भोजपुर निवासी खलासी चंदन कुमार शामिल है। एयरपोर्ट के प्रभारी थानेदार मनोज कुमार ने बताया कि बस की पिछली डिक्की से 63 बोतल विस्की और पांच केन बीयर बरामद की गई। सभी को प्लास्टिक में पैक कर रखा गया था। पुलिस ने शुक्रवार को तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया। चालक और खलासी मोतिहारी के एक माफिया के ऑर्डर पर शराब लाते थे। इसके बदले उन्हें रुपये मिलते थे। इसी बीच सूचना पर परिवहन विभाग के अफसरों ने एयरपोर्ट थाने की पुलिस को खबर दी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper

हल्दी एक जिन्जीबरेशी कुल का पौधा है। इसका उपयोग विभिन्न प्रकार की औषधियों, मसाला, रंग सामग्री, उबटन एवं विभिन्न धर्मानुष्ठानों में किया जाता है। हल्दी की उत्पत्ति स्थान भारत ही माना जाता है। भारत, विश्व में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक एवं उपभोक्ता देश है।

औषधीय गुणों से भरपूर हल्दी

जलवायु

हल्दी की फसल के लिये गर्म एवं तर जलवायु की आवश्यकता होती है। हल्दी की बुवाई, अंकुरण एवं जमाव के समय अपेक्षाकृत कम वर्षा एवं पौधों में वृद्धि के समय अधिक वर्षा उपयुक्त रहती है। इसकी खेती हेतु 20-25 डिग्री सेंटीग्रेड और वार्षिक वर्षा 1500 मिमी आवश्यक है।

उन्नत किस्में

प्रजाति, सुवर्णा, सुगुणा, सुदर्शना, कृष्णा, सुगंधम रोमा20.7, सुरोमा, रंगा 29.0, रश्मि 31.3

खेत की तैयारी

खेत की गहरी जुताई करके खेत की अच्छी तैयारी कर लें ताकि मिट्टी भुरभुरी हो सके जिससे गांठों का विकास अच्छा हो सके। 50 सेमी की दूरी पर मेढ़ बनायी जाती है।

बुवाई का समय

जलवायु, किस्म एवं सिंचाई की सुविधानुसार इसकी बुवाई 15 मई से 15 जून के मध्य की जा सकती है।

बीज मात्रा

बीज की मात्रा, बुवाई की विधि एवं गांठों के आकार पर निर्भर करती है। हल्दी की बुवाई हेतु 20-25 क्विंटल/ हेक्टेयर गांठों की आवश्यकता होती है।

बीजोपचार

मैंकोजेब 3 ग्राम/ लीटर या रिडोमिल 3 ग्राम/ लीटर पानी के घोल में कंदों को 30 मिनट तक डुबोकर रखें। सुखाने के बाद बुवाई के काम में लें।

बुवाई

बुवाई हेतु हल्दी की सुविकसित गांठों वाले कंदों का प्रयोग करते हैं। बुवाई मेढ़ बनाकर करते हैं। कतार से कतार की दूरी 50-60 सेंमी तथा पौधे से पौधे की दूरी 25 सेमी रखें।

खाद एवं उर्वरक

खेत की तैयारी के समय 40 टन/ हेक्टेयर गोबर की सड़ी खाद का प्रयोग करें। हल्दी हेतु 130 किग्रा, यूरिया, 313 किग्रा फास्फोरस 130 किग्रा पोटाश प्रति हैक्टेयर की आवश्यकता होती है। फास्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा बुवाई के समय दें। तथा नत्रजन की आधी मात्रा बुवाई के 40 दिन बाद एवं शेष आधी मात्रा 90 दिन बाद खेत में डालें। बुवाई के तुरंत बाद सूखे पत्तों से खेत में पलवार बिछा दें।

सिंचाई एवं निंदाई गुड़ाई

पहली सिंचाई बुवाई के तुरंत बाद तथा इसके बाद आवश्यकतानुसार सिंचाई की जा सकती है। खेत में आवश्यकतानुसार 40 दिन व 90 दिन पर निंदाई गुड़ाई करके पौधों पर मिट्टी चढ़ायें

खुदाई एवं उपज

हल्दी की फसल 7 से 9 महीने में जब पत्तियां पीली होकर सूखने लगें तो खोदने लायक हो जाती है। खुदाई करते समय ध्यान रखें कि प्रकंद न कटें, न छीलें और न ही भूमि में रहें। कटाई के समय खेत में नमी न हो तो हल्दी सिंचाई कर दें। प्रकंदों को निकालने के बाद ऊपर की पत्तियां आदि काट कर अलग कर देते हैं व प्रकंदों को पानी से धोकर साफ कर देते हैं। प्रकंदों की औसत उपज 200 से 300 क्विंटल/ हेक्टेयर प्राप्त हो जाती है। इसकी सूखी हल्की किस्म के अनुसार 15-30 प्रतिशत तक प्राप्त होती है।

बीज प्रकंदों का भण्डारण

बीज प्रकंदों का भंडारण हवादार कमरों में पत्तों से ढंककर करते हैं। बीज राइजोम को गड्ढों में लकड़ी का बुरादा, रेत आदि रखकर भी भण्डारण किया जा सकता है। इन गड्ढों को लकड़ी के फंटों से ढ़क देते हैं। स्केल ग्रसित प्रकंदों को 15 मिनट तक क्विनॉलफॉस 2 मिली/ लीटर पानी तथा कवक ग्रसित राइजोम को मैंकोजैब या रिडोमिल 3 ग्राम/ लीटर पानी के घोल से उपचारित करने के बाद भण्डारण करते हैं।

हल्दी का प्रक्रियाकरण

हल्दी को उबालना

प्रकंद पुंज से गांठों को अलग करके उनको 1 घंटे तक पानी में उबाला जाता है। उबालते समय सोडियम बाईकार्बोनेट या सोडियम कार्बोनेट 100 ग्राम प्रति 100 लीटर पानी में उपयोग किया जाता है। उबालने के लिए गैल्वनाइज्ड तांबा या लोहे की कड़ाई या मिट्टी के पात्रों का प्रयोग किया जा सकता है।

सुखाना

उबले हुए कंदों को घास की चटाई या दरी आदि पर 5-7 सेमी मोटी परत बनाकर 10-15 दिनों तक धूप में सुखाया जाता है। किस्म के अनुसार सूखने पर हल्की 15-30 प्रतिशत रह जाती है।

हल्दी की पॉलीशिंग

सूखने के बाद प्राप्त हल्दी ज्यादा लुभावनी नहीं लगती है अतः इसके बाहरी आवरण को चमकाया जाता है। हल्दी की पॉलिशिंग हेतु मानवीय विधि के तहत कंक्रीट के फर्श पर इनको रगड़ा जाता है। हल्दी की पॉलिशिंग हेतु घुमावदार ड्रम प्रयोग किये जाते हैं। इसके लिए हस्त चलित या मशीनों से चलाये जाने वाले ड्रम/ पॉलिशर भी प्रचलन में है। इन ड्रमों को घुमाने से हल्दी की गांठे आपस में घर्षण करती है जिससे पॉलिश की प्रक्रिया पूर्ण होती है।

हल्दी की रंगाई

हल्दी का अच्छा मूल्य लेने के लिए अच्छा रंग आवश्यक है, इसके लिए पॉलिशिंग के आखिरी चरण में हल्दी की सूखी गांठों में 2 किग्रा/ क्विंटल की दर से हल्दी पावडर मिलाया जाता है। तैयार हल्दी को बोरे में भरकर नमी रहित गोदाम में रख देते हैं।

विचार-मंथन

संपादकीय

जवाबदेही बढ़ेगी, राहुल गांधी विपक्ष के नेता

देश को 10 साल बाद राहुल गांधी के रूप में विपक्ष का नेता मिला है, जो संसदीय राजनीति के लिए एक अच्छी खबर है। विपक्ष की नुमाइंदगी का मतलब यह नहीं कि वह हर मामले में सत्ता पक्ष के खिलाफ हो, बल्कि यह है कि वह हमेशा जनता के साथ हो और उसकी ओर से मुद्दे उठाए। खैर, इस पद से सरकार के साथ ही विपक्ष पर भी जवाबदेही का दबाव बढ़ता है।लोकसभा चुनाव परिणामों के साथ ही कांग्रेस के भीतर से मांग उठने लगी थी कि राहुल को नेता प्रतिपक्ष का पद संभालना चाहिए। पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद से राहुल के पास कांग्रेस की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। सदन के भीतर पहली बार वह कोई पद संभालने जा रहे हैं। ऐसे में राहुल के सामने चुनौती होगी कि वह किस तरह पूरे विपक्ष को साथ लेकर चलते हुए रचनात्मक विरोध की भूमिका को आकार देते हैं।कई प्रमुख समितियों और महत्वपूर्ण नियुक्तियों में सहभागी होता है नेता प्रतिपक्ष। इससे जाहिर है कि पिछले 10 बरसों से यह पद खाली होने के चलते संसद ने क्या खोया। लेकिन, यह पद इन समितियों और नियुक्तियों तक सीमित नहीं। नेता प्रतिपक्ष को शैडो पीएम तक कहा जाता है। वह सरकार के मुखिया पीएम की परछाई की तरह होता है, उसके हर काम पर नजर रखने वाला।राजनेताओं से उम्मीद की जाती है कि एक बार जनादेश आने के बाद वे चुनावी दौर की कड़वाहट को भुलाते हुए जनता के हित में मिलकर काम करेंगे। इस बार भी चुनाव में अपनी-अपनी पार्टियों के प्रचार की अगुआई करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी ने एक-दूसरे पर खूब हमले बोले हैं। अब उन बातों को पीछे छोड़ते हुए उन्हें बेहतर तालमेल वाले कामकाजी रिश्ते कायम करने होंगे। कई मामले होते हैं जहां सरकार और विपक्ष की सहमति जरूरी होती है। बेहतर होगा कि उन स्थितियों में फैसला राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर लिया जाए।राहुल गांधी को घोषित तौर पर विपक्षी गठबंधन इंडिया.. का नेता नहीं चुना गया था, लेकिन इसमें किसी को शक नहीं कि विपक्ष का असल चेहरा वही थे। चुनाव के दौरान विपक्ष के सारे दलों को एकजुट रखने के लिए उन्होंने भरपूर प्रयास किए। चुनाव परिणाम पर उसका असर दिखता है।

लोकतंत्र पर हमारी आस्था अब भी अटल

(संजय कुमार, प्रोफेसर, सीएसडीएस)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अन्य तमाम नेताओं की तुलना में खासा लोकप्रिय हैं और राहुल गांधी की 27 फीसदी की तुलना में उनकी लोकप्रियता का प्रतिशत 41 है, फिर भी लोकनीति-सीएसडीएस सर्वेक्षण में 28 प्रतिशत भारतीयों ने बताया कि प्रधानमंत्री का तेज अब मंद पड़ने लगा है और अन्य 33 फीसदी मानते हैं कि दूसरे दलों के दागी नेताओं को शामिल करने से भाजपा की छवि को नुकसान पहुंचा है।

इस बार के आम चुनाव में 66.2 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। यह आंकड़ा तस्दीक करता है कि भारतीय मतदाता देश की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में न सिर्फ निरंतर रुचि ले रहे हैं, बल्कि उनका इनमें गहरा जुड़ाव है और वे इनमें अपनी भागीदारी भी अनवरत सुनिश्चित कर रहे हैं। इसने चुनाव से भारतीय मतदाताओं के मोहभंग के बारे में शुरुआती दौर में आनन-फानन में लगाए गए अनुमानों को खारिज कर दिया है। वास्तव में, इस साल पिछले आम चुनाव (वर्ष 2019) से महज एक प्रतिशत कम मतदान हुआ, लेकिन यह मतदाताओं की भागीदारी के लिहाज से अब तक का तीसरा सबसे बड़ा चुनाव भी साबित हुआ है। मतदान प्रतिशत मतदाताओं की चुनाव में भागीदारी का सबसे मजबूत संकेतक होता है और साल 2024 का चुनाव विशेषकर महिला मतदाताओं की बढ़ती भागीदारी का संकेत दे रहा है। बेशक, एक लंबी चुनाव अवधि और मतदान-कार्यक्रम को लेकर कुछ मुद्दे जरूर उभर आए थे, पर मतदाताओं ने गर्मी का मजबूती से सामना किया, अपने जरूरी कामों को किनारे रखा और चुनाव में उल्लास के साथ भाग लिया। मतदाताओं का यह उत्साह चुनाव खत्म होने के बाद भी बना रहा। इसका स्पष्ट संकेत था 1 जून की शाम एग्जिट पोल को लेकर चली चर्चा। हालांकि, असल नतीजा एग्जिट पोल के बिल्कुल उलट आया, नतीजतन, जनादेश और एग्जिट पोल की विफलता पर भी खूब बहस छिड़ी। इसे भी चुनाव और चुनाव प्रक्रिया में भारतीयों की गहन भागीदारी का ही संकेत माना जाना चाहिए। ईवीएम की विश्वसनीयता, बढ़ते दलबदल, चुनाव में विचारधारा की घटती भूमिका, निर्वाचित प्रतिनिधियों की गुणवत्ता जैसी तमाम चिंताओं के बावजूद चुनाव व चुनाव-प्रक्रिया से भारतीयों के होते मोहभंग का कोई संकेत हमें नहीं दिखता, मामूली भी नहीं। लोकनीति-सीएसडीएस का सर्वेक्षण बताता है कि 17 फीसदी भारतीय ईवीएम को भरोसमंद नहीं मानते, जबकि अन्य 43 फीसदी का इस पर विश्वास बना हुआ है। करीब 30 फीसदी भारतीयों ने ईवीएम पर डिगते विश्वास का उल्लेख किया। यह सही है कि इस चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और उसने सहयोगी दलों के साथ सरकार बनाई है, पर भारतीयों में विचारों में विविधता भी खूब दिखी है, जिसका ख्याल सरकार को रखना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अन्य तमाम नेताओं की तुलना में खासा लोकप्रिय हैं और राहुल गांधी की 27 फीसदी की तुलना में उनकी लोकप्रियता का प्रतिशत 41 है, फिर भी लोकनीति-सीएसडीएस सर्वेक्षण में 28 प्रतिशत भारतीयों ने बताया कि प्रधानमंत्री का तेज अब मंद पड़ने लगा है और अन्य 33 फीसदी मानते हैं कि दूसरे दलों के दागी नेताओं को शामिल करने से भाजपा की छवि को नुकसान पहुंचा है। यह सर्वेक्षण पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी प्रतिशोध की राजनीति पर आम लोगों में बढ़ती चिंता को भी जाहिर करता है। सर्वेक्षण में 44 फीसदी लोगों ने माना कि सियासी वजहों से विरोधी दल के नेताओं को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 23 फीसदी की राय इससे अलग थी। सर्वेक्षण में 67 फीसदी भारतीयों ने यह भी कहा कि नागरिकों को चुने हुए अपने नेताओं से सवाल पूछने का अधिकार होना चाहिए, जबकि 20 प्रतिशत इससे सहमत नहीं दिखे। यहां यह ध्यान रखना भी महत्वपूर्ण है कि 58 फीसदी भारतीय मुल्क के विकास के लिए सरकार को बदलना जरूरी मानते हैं, जबकि 32 फीसदी लोग सत्तारूढ़ पार्टी की सरकार को ही तरक्की के लिए बेहतर मानते हैं। यहां अदालतों के महत्व पर भी गौर करना चाहिए, क्योंकि इस सर्वेक्षण में 58 फीसदी लोगों ने माना कि सरकार की शक्तियों की जांच के लिए अदालतें अहम हैं, जबकि 27 फीसदी लोग इसे जरूरी नहीं मानते। सर्वेक्षण में 66 फीसदी भारतीयों ने माना कि सरकार के फैसलों का विरोध करने की जरूरी ताकत उनके पास होनी चाहिए, जबकि 19 फीसदी लोग इस सोच के खिलाफ थे। वर्ष 2024 का जनादेश यह भी संकेत कर रहा है कि राष्ट्रीय गौरव, राष्ट्रीय पहचान, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दे निस्संदेह काफी अहम हैं, लेकिन बेरोजगारी, महंगाई जैसे लोगों के रोजमर्रा से जुड़े मुद्दे भी समान रूप से अहमियत रखते हैं, जिनको राजनीतिक दल बहुत लंबे समय तक नजरंदाज नहीं कर सकते। सर्वेक्षण बताता है कि मोदी सरकार से मोहभंग के दो बड़े मुद्दे रहे, बेरोजगारी व महंगाई और ज्यादातर नाराज लोग नहीं चाहते थे कि यह सरकार फिर से चुनी जाए। फिर भी, भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लेकिन उसे उत्तर प्रदेश में बड़ा झटका लगा, जहां राम मंदिर का उद्घाटन काफी धूमधाम से किया गया था। यह संकेत है कि हिंदुत्व के मुद्दे पर बहुत अधिक निर्भरता और रोजी-रोटी के मसलों की अनदेखी पार्टी पर भारी पड़ी। 2024 का जनादेश संकेत है कि पहचान की राजनीति की एक सीमा होती है, चाहे वह जाति से जुड़ी हो अथवा धर्म से। किसी जीवंत लोकतंत्र में स्थिर सरकार के साथ-साथ एक मजबूत विपक्ष का होना भी जरूरी है। 2024 का जनादेश एक आदर्श लोकतंत्र का असल स्वाद दे रहा है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के पास लोकसभा में 293 सीटें हैं और वह बहुमत में है। वहीं, विपक्षी 'इंडिया' ब्लॉक के पास 195 का आंकड़ा है, जिसमें तृणमूल कांग्रेस और वामपंथी दल शामिल नहीं हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन में भाजपा 240 सीटों के साथ सबसे ऊपर है, जबकि विपक्ष में कांग्रेस के पास सर्वाधिक 99 सीटें हैं। जाहिर है, निचले सदन में ये आंकड़े शासन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर लोगों के विचारों को प्रतिबिंबित करते हैं। सैद्धांतिक रूप में देखें, तो लोकतंत्र के लिहाज से यह एक अच्छी सरकार हो सकती है, हालांकि सिद्धांत और व्यवहार में अंतर से भी हम बखूबी वाकिफ हैं। लोकसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन पर सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष के बीच चल रही खींचतान में इसकी झलक देखी जा सकती है। हालांकि, ऐसे कई अन्य मुद्दे भी हैं, जो सत्तारूढ़ दल और विरोधी पार्टियों के बीच विवाद के कारण बन सकते हैं। फिर भी, कामना यही की जा सकती है कि भारत के लोगों द्वारा व्यक्त किए गए जनादेश को गंभीरता से लिया जाएगा और सत्तारूढ़ दल व विपक्ष, दोनों अगले पांच वर्षों तक मिलकर काम करेंगे और मुद्दों को उलझाने के बजाय सुलझाने का प्रयास करेंगे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू गारू के 75वें जन्म दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखा गया आलेख

वेंकैया गारू: भारतीय राजनीति के शिखर पर समर्पित जीवन

आज भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति और राष्ट्रीय राजनीति में शुचिता के प्रतीक हमारे श्री एम. वेंकैया नायडू गारू का जन्मदिवस है। वेंकैया नायडू जी आज 75 वर्ष के हो गए हैं। उन्होंने राष्ट्रसेवा और जनसेवा को हमेशा सर्वोपरि रखा है। मैं उनके दीर्घायु होने और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। देश में उनके लाखों चाहते वाले हैं। मैं उनके सभी शुभचिंतकों और समर्थकों को भी बधाई देता हूं। वेंकैया जी का 75वां जन्मदिवस एक विशाल व्यक्तित्व की व्यापक उपलब्धियों को समेटे हुये है। उनका जीवन सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता की ऐसी यात्रा है, जिसके बारे में सभी देशवासियों को जानना चाहिए। राजनीति में अपने प्रारम्भिक दिनों से लेकर उपराष्ट्रपति जैसे शीर्ष पद तक, नायडू गारू ने भारतीय राजनीति की जटिलताओं को जितनी सरलता और विनम्रता से पार किया, वो अपने आपमें एक उदाहरण है। उनकी वाकपटुता, हाजिरजवाबी और विकास से जुड़े मुद्दों के प्रति उनकी सक्रियता के कारण उन्हें दलगत राजनीति से ऊपर हर पार्टी में सम्मान मिला है। वेंकैया गारू और मैं दशकों से एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। हमने लंबे समय तक अलग-अलग दायित्वों को संभालते हुए साथ काम किया है, और मैंने हर भूमिका में उनसे बहुत कुछ सीखा है। मैंने देखा है, जीवन के हर पड़ाव पर आम लोगों के प्रति उनका स्नेह और प्रेम कभी नहीं बदला। वेंकैया जी सक्रिय राजनीति से आंध्र प्रदेश में छात्र नेता के रूप में जुड़े थे। उन्होंने राजनीति के पहले पड़ाव पर ही प्रतिभा, वक्तृत्व क्षमता और संगठन कौशल की अलग छाप छोड़ी थी। किसी भी राजनीतिक दल में उन्हें कम समय में बड़ा स्थान मिल सकता था। लेकिन उन्होंने संघ परिवार के साथ काम करना पसंद किया, क्योंकि उनकी आस्था राष्ट्र प्रथम के विजन में थी। उन्होंने विचार को व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखा और बाद में जनसंघ एवं बीजेपी को मजबूत किया। लगभग 50 साल पहले जब कॉंग्रेस पार्टी ने देश में आपातकाल लगाया था, तब युवा वेंकैया गारू ने आपातकाल विरोधी आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्हें लोकनायक जेपी को आंध्र प्रदेश में आमंत्रित करने के लिए जेल जाना पड़ा। लोकतंत्र के लिए उनकी ये प्रतिबद्धता, उनके राजनीतिक जीवन में हर जगह दिखाई देती है। 1980 के दशक के मध्य में, जब महान एनटीआर की सरकार को कांग्रेस ने गलत तरीके से बर्खास्त कर दिया था, तब वे फिर से लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए हुए आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में थे। 1978 में आंध्र प्रदेश ने जब कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया था, तब वेंकैया जी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एक युवा विधायक के रूप में जीतकर आए थे। पांच साल बाद, राज्य चुनाव में एनटीआर की लोकप्रियता अपने सर्वोच्च स्तर पर थी। तब भी वे बीजेपी के विधायक चुने गए। उनकी जीत ने आंध्र समेत दक्षिण में बीजेपी के लिए भविष्य के बीज बोये थे। युवा विधायक के रूप में ही, वे विधायी मामलों में अपनी दृढ़ता और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की आवाज उठाने के लिए सम्मानित होने लगे। उनकी वाकपटुता, शब्दशैली और संगठन सामर्थ्य से प्रभावित होकर एनटीआर जैसे दिग्गज ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। एनटीआर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करना चाहते थे, लेकिन वेंकैया गारू हमेशा की तरह अपनी मूल विचारधारा पर अडिग रहे। उन्होंने आंध्र प्रदेश में बीजेपी को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाई, गांवों में जाकर सभी क्षेत्रों के लोगों से जुड़े। उन्होंने विधानसभा में पार्टी का नेतृत्व किया और आंध्र प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष भी बने। 1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुये उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया। 1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ था। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि अपनी पार्टी को सत्ता में कैसे लाया जाए! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। कुछ ही समय बाद वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने। वर्ष 2000 में, जब अटल जी सरकार बना रहे थे तो वो वेंकैया गारू को अपनी सरकार में मंत्री बनाना चाहते थे। अटल जी ने उनसे उनकी इच्छा पूछी तो वेंकैया गारू ने ग्रामीण विकास मंत्रालय को अपनी प्राथमिकता के रूप में चुना। उनकी इस पसंद ने तब कई लोगों को हैरान किया था। क्योंकि, उसके पहले नेताओं के लिए दूसरे मंत्रालय पहली पसंद हुआ करते थे। लेकिन, वेंकैया गारू की सोच बिल्कुल स्पष्ट थी- वह एक किसान पुत्र थे, उन्होंने अपने शुरुआती दिन गांवों में बिताए थे और इसलिए, अगर कोई एक ऐसा क्षेत्र था जिसमें वह काम करना चाहते थे, तो वह ग्रामीण विकास था। उस समय एक मंत्री के रूप में 'प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना' को जमीन पर उतारने में उनकी अहम भूमिका थी। 2014 में एनडीए सरकार ने सत्ता संभाली, तो उन्होंने शहरी विकास, आवासन एवं शहरी गरीबी उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों को संभाला। उनके कार्यकाल के दौरान ही हमने 'स्वच्छ भारत मिशन' और शहरी विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं। शायद, वह उन नेताओं में से एक हैं जिन्होंने इतने लंबे समय तक ग्रामीण और शहरी विकास दोनों के लिए काम किया है। 2014 के उन शुरुआती दिनों में वेंकैया जी का अनुभव मेरे भी बहुत काम आया था। मैं उस समय दिल्ली के लिए एक बाहरी व्यक्ति था। मेरा करीब डेढ़ दशक गुजरात में ही काम करते हुये बीता था। ऐसे समय में वेंकैया गारू का सहयोग मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। वह एक प्रभावी संसदीय कार्य मंत्री थे। वो सदन में पक्ष-विपक्ष की बारीकियों को समझते थे। साथ ही, जब संसदीय मानदंडों और नियमों की बात आती थी, तब वो नियमों को लेकर भी उतना ही स्पष्ट नज़र आते थे। वर्ष 2017 में, हमारे गठबंधन ने उन्हें हमारे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। ये हमारे लिए एक कठिन और दुविधा से भरा निर्णय था। हम ये जानते थे कि वेंकैया गारू के स्थान को भरना बेहद कठिन होगा। लेकिन साथ ही, हमें ये भी पता था कि उपराष्ट्रपति पद के लिए उनसे बेहतर कोई और उम्मीदवार नहीं है। मंत्री और सांसद पद से इस्तीफा देते हुए उन्होंने जो भाषण दिया था, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। जब उन्होंने पार्टी के साथ अपने जुड़ाव और इसे बनाने के प्रयासों को याद किया तो वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। इससे उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून की झलक मिलती है। उपराष्ट्रपति बनने पर उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए जिससे इस पद की गरिमा और भी बढ़ी। वह राज्यसभा के एक उत्कृष्ट सभापति थे, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि युवा सांसदों, महिला सांसदों और पहली बार चुने गए सांसदों को बोलने का अवसर मिले। उन्होंने सदन में उपस्थिति पर बहुत जोर दिया, समितियों को अधिक प्रभावी बनाया। उन्होंने सदन में बहस के स्तर को भी ऊंचा उठाया। जब अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को हटाने का निर्णय राज्यसभा के पटल पर रखा गया, तो वेंकैया गारू ही सभापति थे। मुझे यकीन है कि यह उनके लिए एक भावनात्मक क्षण था। वह युवा जिसने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के संकल्प के लिए अपना जीवन समर्पित किया था, जब वह सपना पूरा हुआ तो वह सभापति के पद पर आसीन था। किसी निष्ठावान देशभक्त के जीवन में इससे बड़ा समय और क्या होगा! काम और राजनीति के अलावा, वेंकैया गारू एक उत्साही पाठक और लेखक भी हैं। दिल्ली के लोगों के बीच, उन्हें उस व्यक्ति के रूप में जाना जाता है जो शहर में गौरवशाली तेलुगु संस्कृति लेकर आए। उनके द्वारा आयोजित उगादी और संक्रांति कार्यक्रम स्पष्ट रूप से शहर के सबसे पसंदीदा समारोहों में से एक हैं। मैं वेंकैया गारू को हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जानता हूं जो भोजन प्रेमी हैं और शानदार मेजबानी करना जानते हैं। लेकिन, पिछले कुछ समय से उनका संयम भी सबके सामने दिखने लगा है। फिटनेस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इस बात से झलकती है कि वह अभी भी बैडमिंटन खेलना और ब्रिस्क वॉक करना पसंद करते हैं। उपराष्ट्रपति पद का कार्यकाल पूरा करने के बाद भी, वेंकैया गारू सार्वजनिक जीवन में बेहद सक्रिय हैं। वह लगातार देश के लिए जरूरी मुद्दों और विकास कार्यों को मुझसे बात करते रहते हैं। हाल ही में जब हमारी सरकार तीसरी बार सत्ता में लौटी, तो मेरी उनसे मुलाक़ात हुई थी। वह बहुत खुश हुए और उन्होंने मुझे व हमारी टीम को अपनी शुभकामनाएं दीं। मैं एक बार फिर उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मुझे आशा है कि युवा कार्यकर्ता, निर्वाचित प्रतिनिधि और सेवा करने का जुनून रखने वाले सभी लोग उनके जीवन से सीख लेंगे और उन मूल्यों को अपनाएंगे। यह वेंकैया गारू जैसे लोग ही हैं जो हमारे राष्ट्र को बेहतर और अधिक जीवंत बनाते हैं।

- श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री भारत

आंध्र प्रदेश के युवा विधायक से बीजेपी के नेता तक

1978 में आंध्र प्रदेश ने जब कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया था, तब वेंकैया जी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एक युवा विधायक के रूप में जीतकर आए थे। पांच साल बाद, राज्य चुनाव में एनटीआर की लोकप्रियता अपने सर्वोच्च स्तर पर थी। तब भी वे बीजेपी के विधायक चुने गए। उनकी जीत ने आंध्र समेत दक्षिण में बीजेपी के लिए भविष्य के बीज बोये थे। युवा विधायक के रूप में ही, वे विधायी मामलों में अपनी दृढ़ता और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की आवाज उठाने के लिए सम्मानित होने लगे। उनकी वाकपटुता, शब्दशैली और संगठन सामर्थ्य से प्रभावित होकर एनटीआर जैसे दिग्गज ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। एनटीआर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करना चाहते थे, लेकिन वेंकैया गारू हमेशा की तरह अपनी मूल विचारधारा पर अडिग रहे। उन्होंने आंध्र प्रदेश में बीजेपी को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाई, गांवों में जाकर सभी क्षेत्रों के लोगों से जुड़े। उन्होंने विधानसभा में पार्टी का नेतृत्व किया और आंध्र प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष भी बने।

राज्यसभा के उत्कृष्ट सभापति जिन्होंने सदन को नई दिशा दी

वेंकैया राज्यसभा के एक उत्कृष्ट सभापति थे, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि युवा सांसदों, महिला सांसदों और पहली बार चुने गए सांसदों को बोलने का अवसर मिले। उन्होंने सदन में उपस्थिति पर बहुत जोर दिया, समितियों को अधिक प्रभावी बनाया। उन्होंने सदन में बहस के स्तर को भी ऊंचा उठाया। जब अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को हटाने का निर्णय राज्यसभा के पटल पर रखा गया, तो वेंकैया गारू ही सभापति थे।

सुडोकू पहेली — क्रमांक-5417

	5			2	9			
						1	7	
7	9	6			3	2		
				1	5		9	
3	6						2	1
	4		6	9				
		2	8			3	1	4
	1	8						
			2	7			5	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5416

5	7	3	6	9	2	1	4	8
2	1	9	3	4	8	6	5	7
8	4	6	7	1	5	2	9	3
9	2	5	4	8	6	3	7	1
7	3	4	2	5	1	8	6	9
6	8	1	9	3	7	5	2	4
1	5	7	8	6	9	4	3	2
3	9	8	5	2	4	7	1	6
4	6	2	1	7	3	9	8	5

वर्ग पहेली 5417



संकेत: बाएं से दाएं
1. 14 अगस्त इस पडोसी देश का स्वाधीनता दिवस है (4)
4. उत्तरप्रदेश की लोकसभा की इस सीट से स्मृति ईरानी सांसद है (3)
6. दूल्हा -दुल्हन (4)
7. दस्तावेज लिखित, कमलबंद (3)
8. अगर, जो (2)
10. आपत्ति, आक्रमण (2)
12. निशाना, अनुमान योग्य वस्तु, अनुमेय (2)
13. अधिकार, स्वामित्व, इख्तियार (2)
14. शान-शौकत (4)
16. मक्खन, माखन (4)
17. मुगलकाल में प्रवेश का प्रधानशासक यह कहलाता था (3)
19. दिनांक, तारीख (2)
21. घोड़े कीपीठ पर रखने की गद्दी (2)
22. गेंहू की तरह एक प्रसिद्ध अन्न (1)
23. लहू, रूधिर (2)

ऊपर से नीचे
1. कुंती का एकनाम पृथा भी था इनके पुत्र युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन ये तीनों को यह कहा जाता है पर अधिकतर अर्जुन के लिए यह कहा जाता है (2)
2. स्तुति वादक को यह भी कहा जाता है (3)
3. नरम होने की अवस्था, अनैतिक (3)
4. न्याय के विरूद्ध कार्य, अनैतिक (3)
5. उपयुक्त, युक्ति संगत, मनोनुकुल (2)
7. तंत्र-मंत्र विधि से बनाय यंत्र (5)
9. मैत्री, दोस्ती, सान्तना, ढाढ़स (5)
10. रहने का तरीका या ढंग, गिरवी रखना (3)
11. समय, बेला (2)
14. फैलाव या तनाव होने की स्थिति यह भी कहलाती है (3)
15. आदत, जड़हन के खेत मे रोपी हुई धान की जूरी, समुद्र में ऊंची उठती लहर (2)
18. निर्मित या रचित होना, अस्तित्व प्रदान होना, काम के योगय होना (3)
20. गतिहीन, स्थितर, अचल, न डिगने वाला (2)

वर्ग पहेली 5416 का हल

त	स	ली	मा	न	स	री	न
ब	न	ना		ज	ल	ज	
ला	म		सा	फ		न	न
	क	बी	र		मा	ल	वा
उ	दा	र		आ	शा		ब
मा		ब	द	न		रो	जा
प	ह	ल		बा	ग		दा
ति	ल		जी	न	त		

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

संक्षिप्त समाचार

बाबा पथ में दिनदहाड़े महिला से चेन की छिनतई

हजारीबाग। शहर में चल रहे वाहन चेकिंग और पुलिस की सख्ती का भी बदमाशों को कोई भय नहीं है। आए दिन बदमाश मोबाइल और चेन छिनतई की घटनाओं को लगातार अंजाम दे रहे हैं। शनिवार को नया मामला बड़ा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबा पथ हुरूहुरू से सामने आया है। बताया जाता है कि रेखा देवी बाबा पथ से गुजर रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो बदमाश पीछे से आए और झपट्टा मार कर गले में पहने सोने का चेन छीन लिया। जब तक महिला संभल पाती। बाइक सवार दोनों बदमाश भाग निकले। मामले की जानकारी बड़ा बाजार पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। घटनास्थल के आसपास निजी घरों और दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। इस दौरान दोनों बदमाशों का चेहरा कैमरे में कैद पाया गया। पुलिस ने इस फुटेज को अपने हाथ में ले लिया है। बड़ा बाजार थाना प्रभारी बिट्टू रजक ने बताया कि अपराधियों की पहचान कर ली गई है। शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

कवि साहित्यकार डॉ बेचैन कंडियाल का जन्म दिवस मनाया

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग में सुप्रसिद्ध कवि साहित्यकार डॉ बेचैन कंडियाल का जन्म दिवस सह संगोष्ठी का आयोजन स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ अजय शुक्ल के अध्यक्षता में किया गया। इस आयोजन में सुप्रसिद्ध वैयाकरण एवं भाषा विज्ञान डॉ पृथ्वीनाथ पाण्डेय मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित थे। मुख्य अतिथि डॉ पृथ्वीनाथ पाण्डेय ने कहा प्रकृति हरेक रूपों में उनके यहां स्वाभाविक रूप से उपस्थित रहे हैं। जल, जंगल, पहाड़, देश की मिट्टी की सौंधी महक उनके काव्य और साहित्य के अंग रहे हैं। कल्पना के साथ सुमधुर कोमलता उनके काव्य मे आरम्भ से ही संलक्षित होती है।विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के शिक्षक आलोचक डॉ राजेश प्रसाद विशिष्ट अतिथि के तौर पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ अजय शुक्ल उनके लिए शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा डॉ बेचैन कंडियाल हरफनमौला व्यक्तित्व के धनी हैं। डॉ. राजेश प्रसाद ने डॉ बेचैन कंडियाल के बारे में बताया कि आधुनिक पंत की तरह उनका व्यक्तित्व है। उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के छात्र छात्राओं में कपिल देव मंडल, स्टेनशीला किस्कू, सुमन सुजाता हेंम्ब्रम, प्रीति कुमारी, शिवराज किस्कू ,संजीत टुडू, मनोज हांसदा, सिलवंती हांसदा, शांतिनिशा हेम्ब्रम, प्रेमलता टुडू, राजू टुडू महत्वपूर्ण की भूमिका रही।

सोनुवा में पीट-पीटकर हत्या के मामले में पांच लोगों को आजीवन कारावास

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम के सोनुवा में पीट-पीटकर हत्या के मामले में चाईबासा की अदालत ने शनिवार को पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूर्य भूषण ओझा की अदालत ने दोषियों पर 20-20 हजार पर जुर्माना भी लगाया है। सजा पाने वालो में सोनुवा केभुतनासा गांव निवासी पतरो हेंब्रम, कोंदा गोप, गोमिया होनहांगा, दशरथी हेंब्रम और माझी हेंब्रम शामिल हैं। सभी के खिलाफ 27 मई 2020 को सोनुवा थाना में बुधराम हेंब्रम के बयान पर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस में दर्ज दर्ज मामले में बताया गया था कि 26 मई में 2020 को बुधराम के बेटा पतोर हेंब्रम(विक्षिप्त ने रात में भोजन करने के बाद पड़ोसी के घर के दरवाजे पर जाकर धक्का मार दिया। इसके बाद पड़ोसी बेटे के साथ मारपीट करने लगा। उसके अन्य चार साथी भी आ गए। सभी ने लाठी डंडा से उसके बेटे की पिटाई कर दी। इस हमले में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद सभी ने शव को उठाकर दूर जंगल में फेंक दिया। रात होने के कारण मामला दर्ज नहीं कराया जा सका। दूसरे दिन सभी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया गया। अदालत ने हत्या करने का साक्ष्य मिलने के बाद सभी के खिलाफ सजा सुनाई।

उत्क्रमित मवि के एसएमसी अध्यक्ष पर एमडीएम की 3.51 लाख गबन का आरोप

गिरडीह/गावां। गावां प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरिजन टोला गदर के एसएमसी (स्कूल मैनेजमेंट कमिटी) अध्यक्ष करमनी यादव के द्वारा विद्यालय के सरस्वती वाहिनी संचालन समिति के खाते से 3 लाख 51 हजार रुपये का अवैध निकासी का मामला सामने आया है। इस अवैध निकासी में माल्डा इंडियन बैंक की भूमिका भी सवालों में है। अध्यक्ष द्वारा मध्याह्न भोजन मद से इस राशि की अवैध निकासी का खुलासा तब हुआ जब विद्यालय के प्राधानाचार्य हरि पंडित माल्डा इंडियन बैंक में खाता अपडेट करवाने गए थे। खाता अपडेट करवाने से मालूम चला कि तीन क़िस्त में विद्यालय के खाते से युपीआई ट्रांजेक्शन के द्वारा साढ़े तीन लाख रुपए अपने परिचित और स्वयं के खाते में ट्रांसफर अध्यक्ष करमनी यादव ने कर लिया है।

मध्याह्न भोजन मद से इतनी बड़ी राशि के अवैध हस्तांतरण की जानकारी मिलने के बाद विद्यालय के प्राधानाचार्य ने मामले की जानकारी एसएमसी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों को देकर आपात बैठक बुलाई। हालांकि उक्त बैठक में अवैध निकासी के आरोपी अध्यक्ष उपस्थित नहीं हुए। बैठक में खाते से पैसे निकाले जाने का लोगों ने विरोध करते हुए मामले की लिखित जानकारी बीईईओ तितुलाल मंडल को देने और मामले उच्च स्तरीय जांच कर दोषी अध्यक्ष और सरस्वती वाहिनी संचालन समिति के खाते का एटीएम निर्गत करनेवाले बैंक कर्मी पर कार्रवाई की मांग की है।

2022 में भी हुई एक लाख की अवैध निकासी - बता दें कि एसएमसी अध्यक्ष करमनी यादव के द्वारा वर्ष 2022 में भी मध्याह्न भोजन मद से एक लाख रुपये की अवैध निकासी कर ली गई थी। हालांकि उस वक्त एसएमसी के सदस्यों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के दबाव के बाद अवैध निकासी की गई राशि को अध्यक्ष ने एसएमसी के खाते में वापस जमा करवा दिया था। इसके बाद मामले का पटाक्षेप हो गया था।

बैंक की भूमिका संदिग्ध - बता दें कि विद्यालय की सरस्वती वाहिनी संचालन समिति के बैंक खाते का संचालन एसएमसी अध्यक्ष और सरस्वती वाहिनी संचालन समिति की संयोजिका द्वारा संयुक्त रूप से होता है। इस खाते से किसी भी प्रकार के ट्रांजेक्शन के लिए अध्यक्ष और संयोजिका के हस्ताक्षर अनिवार्य हैं। लेकिन इस मामले में नियम विरूद्ध जाकर इंडियन बैंक के माल्डा शाखा के द्वारा उक्त खाते में एसएमसी अध्यक्ष का मोबाइल नंबर लिंक कर अध्यक्ष को एटीएम भी मुहैया करा दिया। इससे अध्यक्ष ने युपीआई के जरिए सरस्वती वाहिनी के खाते पर युपीआई के जरिए पूर्ण नियंत्रण पा लिया और राशि का अवैध हस्तांतरण कर लिया। इस मामले में इंडियन बैंक द्वारा किस परिस्थिति में एटीएम दिया गया यह जानने के लिए बैंक शाखा प्रबंधक निलेश शाह से दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं होने के कारण बैंक का पक्ष नहीं लिया जा सका है।

विद्यालय के अध्यक्ष ने क्या कहा : एसएमसी अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानाध्यापक के आदेश से हमने इस पैसे की निकासी की है और इन पैसों को मैंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक के खाते में ट्रांसफर भी किया है। प्रधानाध्यापक ने उनसे यह कह कर पैसे निकलवाए कि उन्हें विद्यालय के भवन का निर्माण करना है। वहीं पूर्व में हुई पैसों की निकासी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पिछले बार भी वह प्रधानाध्यापक को ही पैसे दिए थे, लेकिन उस समय नगद देने के कारण मेरे पास कोई सबूत नहीं था। लेकिन इस बार मेरे पास सबूत है और वह जब वापस आएंगे तो फिर सभी को दिखा पाएंगे।

विशेष लोक अदालत में कुल 111 मामलों का हुआ निष्पादन

हजारीबाग। हरेक माह की भांति इस शनिवार को मासिक एवं एक विशेष लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रभारी एसपी सिंह की देखरेख में और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले आयोजित किया गया। इस लोक अदालत में कुल 111 मामलों का निष्पादन पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर किया गया। इस लोक अदालत में कुल 2 करोड़ 79 लाख 61 हजार 693 रुपए पर पक्षकारों के बीच सहमति बनी। इस लोक अदालत में सबसे अधिक भू-अर्जन के 84 मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें कुल 50 लाख 12 हजार 64 रुपए पर सहमति बनी। वहीं चेक बाउंस से संबंधित 81 मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें 2 करोड़ 43 लाख 96 हजार 834 रुपए पर सहमति बनी। वहीं बिजली से संबंधित 06 मामलों और बैंक रिकवरी के 15 मामलों का निपटारा भी किया गया। जबकि सुलहनीय आपराध के 3 मामले, चेक बाउंस का 1 मामला और मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम के 2 मामलों का निपटारा पक्षकारों के सहमति के आधार पर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस लोक अदालत में मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम के तहत दो मामलों में दावाकर्ताओं के लिए 32 लाख रुपए पर सहमति बनी।

जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना ने बताया कि झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार हजारीबाग सिविल कोर्ट परिसर में शनिवार को एक विशेष लोक अदालत का आयोजन भी किया गया था। जिसमें पहले से ही प्री-लोक अदालत का अभियान चलाया गया था। जिसमें पक्षकारों के बीच बातचीत कर मामलों में सुलह कराया गया था। वैसे ही मामलों का निष्पादन इस विशेष लोक अदालत में किया गया। पूरे अभियान की देखरेख प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश सिन्हा कर रहे थे। प्री-लोक अदालत की बैठक में विशेष तौर पर भूमि अधिग्रहण, राजस्व से संबंधित मामले और विभिन्न विभागों से संबंधित कई मामलों का निष्पादन के लिए पक्षकारों के बीच बातचीत की गई थी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने बताया कि इस विशेष लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक संख्या में भूमि अधिग्रहण, राजस्व, डीसी, एसडीएम, एलआरडीसी कोर्ट व मोटर परिवहन के मामले से संबंधित मामलों का निष्पादन करना था। इस विशेष लोक अदालत में इस प्रकार के कुल 42557 मामले निपटाए गए। जिसमें कुल 67 करोड़ 48 लाख 58 हजार 88 रुपए पर सहमति बनी। ताकि लोगों तक सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त हो सके। और साथ ही पक्षकारों के बहुमूल्य समय की बचत हो सके।

स्टेशन रोड स्थित शनि मंदिर में शनिदेव की हुई वार्षिक पूजा

देवघर। वैद्यनाथधाम स्टेशन रोड स्थित शनि देव मंदिर में शनिवार को शनिदेव की वार्षिक पूजा विधि-विधान से की गई। इस संबंध में शनि मंदिर के प्रधान पुरोहित उत्तम ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष शनिदेव की वार्षिक पूजा काफी धूमधाम और विधि-विधान से की गई। कहा कि वार्षिक पूजा की तैयारी पिछले कई दिनों से लगातार की जा रही थी। वार्षिक पूजा के दौरान शनि देव महाराज को 51 क्विंटल तेहरी और 56 भोग अर्पित किया गया द्य कहा कि पूर्वाह्न 5 बजे से अपराह्न 2-30 बजे तक शनि देव महाराज का तेल से अभिषेक किया गया। उसके बार संध्या 6 बजे श्रृंगार पूजा संपन्न हुई। जिसमें शनिदेव महाराज का भव्य श्रृंगार किया गया। उसके बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। वार्षिक पूजा के अवसर पर संध्या बेला में भजन जागरण का भी भव्यआयोजन किया गया। शनि देव महाराज की वार्षिक पूजा को लेकर भक्तों के बीच उत्साह का माहौल देखा गया। वार्षिक पूजा को लेकर में राय एंड कंपनी मोड़ से लेकर वैद्यनाथधाम स्टेशन तक आकर्षक विद्युत रंग बिरंगे लाइटों से सजाया गया। इसके साथ ही शनि देव मंदिर को भी आकर्षक विद्युत लाइटों एवं फूलों से सजाया गया। प्रधन पुरोहित ने कहा कि वार्षिक पूजा का समापन महा आरती के साथ की गई। वहीं वार्षिक पूजा को सफल बनाने में बजरंगबली पूजा समिति एवं शनिदेव पूजा समिति के सभी कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

स्कूल की तीन लड़कियां दुपट्टे से घोंटने लगीं छात्रा का गला, हॉस्टल में आगजनी भी

रांची। झारखंड से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। स्कूल की तीन लड़कियां मिलकर सातवीं में पढ़ने वाली एक छात्रा का गला दबाने लगीं। पीड़िता जोर-जोर से चिल्लाने लगी। उसकी आवाज सुनकर हॉस्टल की वार्डन वहां पहुंची। आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल वह जिंदगी और मौत से जंग लड़ रही है। दरअसल, यह गुमला जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की घटना है। शनिवार को तीनों लड़कियों ने छात्रा को जान से मारने की कोशिश की। वहीं स्कूल के हॉस्टल में शुक्रवार को आगजनी की भी घटना हुई थी।

अलग-अलग क्लास में पढ़ती हैं लड़कियां : जानकारी के मुताबिक, गुमला के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रायडीह की कक्षा सातवीं की छात्रा को उसी स्कूल की तीन नाबालिग छात्राओं ने शनिवार

की सुबह दुपट्टे से गला घोंटकर जान से मारने का प्रयास किया। आरोपी तीनों छात्राएं अलग-अलग कक्षाओं में पढ़ती हैं।

पीड़िता छात्रा की हालत गंभीर : घटना के बाद पीड़ित छात्रा को सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। इधर, पीड़िता के परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर सवाल खड़ा किया है। वहीं डीईओ सह डीएसई नूर खान ने इस मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी है।

दुपट्टे का गांठ लगाकर घोंटने लगीं गला : जानकारी के अनुसार घटना के दिन आरोपी छात्राओं ने पीड़िता को कक्षा में बुलाया। इसके बाद गले में दुपट्टे का गांठ लगाकर गला घोंटने लगी। पीड़िता की आवाज सुनकर छात्रावास की महिला गार्ड वहां पहुंची। उसने पीड़िता के गले से दुपट्टा हटाया और उसे इलाज के लिए सीएचसी रायडीह भेजा गया। वहां से छात्रा को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हॉस्टल में आगजनी भी : तीनों छात्राओं ने पीड़िता का गला घोंटने का प्रयास क्यों किया, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। इधर, डीएसई, एडीपीओ गुमला के निर्देशानुसार विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों को बुलाकर तीनों आरोपी छात्राओं को उनके घर भेज दिया है। वहीं, शुक्रवार की शाम छात्रावास के कमरे में आगजनी की भी खबर है।

पहले भी वार्डेन पर लगा था मारपीट का आरोप : कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रायडीह में पिछले करीब छह माह से विद्यालय में विभिन्न मुद्दों को लेकर विवाद लगातार चल रहा है। कभी पीटी टीचर के व्यवहार का विरोध छात्राओं ने किया, तो कभी वार्डेन का विरोध, तो कभी टीचरों में आपसी तालमेल की कमी। इन सभी मामलों की खबर प्रकाशित होने के बावजूद जिला शिक्षा विभाग द्वारा कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर लीपापोती करने का काम किया गया है। फलस्वरूप शनिवार को जिस प्रकार से विद्यालय परिसर में छात्रा को तीन छात्राओं द्वारा गला घोंटकर मार डालने जैसे आपराधिक घटना को अंजाम देने की कोशिश की गई उससे अविभावको का मन विचलित हो गया है। वे विद्यालय प्रबंधन और शिक्षा विभाग की मनमानी और घिसा पिटा रवैया से परेशान हैं।

200 प्रतिभागियों ने चयन ट्रायल में लिया भाग

देवघर। मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स कुमैठा स्टेडियम देवघर में शनिवार को संताल परगना प्रमंडल स्तरीय प्रतिभा चयन ट्रायल 2024-25 का दो दिवसीय आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें देवघर आवासीय प्रशिक्षण केंद्र बालक मधुपुर (बालक कबड्डी), गोड्डा आवासीय प्रशिक्षण केंद्र (बालिका वॉलीबॉल), पाकुड़ आवासीय प्रशिक्षण केंद्र (बालक फुटबॉल), दुमका एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र (बालक एवं बालिका तीरंदाज़ी), दुमका आवासीय प्रशिक्षण केंद्र (बालिका फुटबॉल), साहेबगंज आवासीय प्रशिक्षण केंद्र (बालक एथलेटिक्स) के लिए पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग झारखंड रांची अंतर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय झारखंड रांची द्वारा संचालित विभिन्न खेलों के आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थान को भरने के लिए चयन ट्रायल कराया गया। चयन ट्रायल के दो दिनों में कुल 200 से

अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस संबंध में जिला खेल पदाधिकारी देवघर संतोष कुमार ने कहा कि इस चयन ट्रायल प्रतियोगिता में सभी बच्चों में काफी हर्षोल्लास दिखा एवं सभी कोच के साथ सभी कर्मचारियों की भी अच्छी भूमिका रही। इस प्रतिभा चयन में अमित साव, रूपेश कुमार सिंह, दीपक कुमार, नितेश पंडित, रशपाल सिंह, राहुल राय, संजय चौधरी, वहीं दुमका से तीरंदाजी प्रशिक्षक देवीधन टुडू, सुबोध बास्की, पाकुड़ के फुटबॉल प्रशिक्षक एतबा तिग्गा, स्टेडियम मैनेजर कुंदन साव सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

वारंगक्षिति लिपि के जनक लाको बोदरा की मनाई गई पुण्य तिथि

चाईबासा। महासभा कला एवं संस्कृति भवन हरिगूटू चाईबासा में आदिवासी हो समाज युवा महासभा की ओर से ओत् गुरू कोल लाको बोदरा का पुण्य तिथि मनाया गया। लोगों ने हो भाषा वारंगक्षिति लिपि के जनक लाको बोदरा के फोटो पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। भाषा-साहित्य के क्षेत्र में उनके द्वारा किये गये अतुलनीय योगदान को उपस्थित लोगों ने सराहना किया।

आदिवासी हो समाज युवा महासभा के राष्ट्रीय कमिटि के धर्म सचिव सोमा जेराई ने ओत् गुरू कोल लाको बोदरा की जीवनी पर प्रकाश डालकर हो भाषा के नये विद्यार्थियों को जानकारी दिया और भाषा-लिपि के प्रसार-प्रचार में सक्रिय रूप से समाज में आने के लिए अपील किया। आदिवासी हो समाज युवा महासभा राष्ट्रीय कमिटि की ओर से 13-14 जुलाई के आदिवासी युवा महोत्सव के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दिया गया। साथ ही हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने हेतु राष्ट्रीय स्तर के आंदोलन और सेमिनार में सहयोग करने के लिए अपील किया गया। वहीं भाषा को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता न मिलने तक पूरे गाँव-गाँव में पोस्ट कार्ड लेखन अभियान चलाते रहने के लिए लोगों से कहा गया। इस अवसर पर आदिवासी हो समाज युवा महासभा राष्ट्रीय कमिटि के उपाध्यक्ष इपिल सामड,महासचिव गब्बरसिंह हेम्ब्रम,प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द बिरूवा,जिला कमिटि कोषाध्यक्ष सत्यव्रत बिरूवा,पूर्व अनुमंडल अध्यक्ष शेरसिंह बिरूवा,सदस्य लेबा गागराई,ओएबन हेम्ब्रम,टाटाराम सामड,भगवान लागुरी,अजीत लागुरी,प्रमिला बिरूवा,अशीष तिरिया,सुरेश पिंगुवा,कस्तुरी पिंगुवा,योगेश्वर पिंगुवा,करन होनहागा,जगमोहन हेम्ब्रम,थॉमस बिरूवा,रश्मि कुल्डी,अस्मिता बिरूवा आदि लोग मौजूद थे।

प्रेग्नेंट महिला को अस्पताल में झाड़ू-पोछा लगाने की दी गई धमकी, सीआईडी टीम ने प्रसूता को बचाया

रांची। झारखंड में अस्पताल में भर्ती एक प्रेग्नेंट महिला का पति मदद की गुहार लेकर पुलिस के पास पहुंचा। उसने बताया कि उसकी पत्नी को अस्पताल में झाड़ू-पोछा लगाने की धमकी दी जा रही है। अस्पताल के डायरेक्टर और मैनेजर पर उसने गाली-गलौज करने का आरोप लगाया। पति ने बताया कि उसकी पत्नी के साथ दुर्व्यवहार भी किया जा रहा है। इस मामले में सीआईडी की टीम ने प्रसूता को अस्पताल से मुक्त कराया।

झाड़ू-पोछा की धमकी और दुर्व्यवहार

दरअसल, पैसे वसूली के लिए खूंटी निवासी प्रसूता को बंधक बनाए जाने का खुलासा होने के बाद बरियातू-बूटी रोड के जेनेटिक अस्पताल के खिलाफ कई और गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़ित

मंगलू सिंह ने गुरुवार को अस्पताल निदेशक मनोज अग्रवाल और मैनेजर राजा खान पर केस दर्ज कराया है। मनोज अग्रवाल पर आरोप लगाया है कि उन्होंने उसकी प्रसूता पत्नी से झाड़ू-पोछा लगवाकर पैसे की वसूली करने की धमकी दी थी। पत्नी से दुर्व्यवहार भी किया गया था। बता दें कि पुलिस जांच में जुटी गई है।

सीआईडी टीम ने प्रसूता को बचाया

हाईकोर्ट ने इसमें स्वतः संज्ञान लिया है। उल्लेखनीय है कि पत्नी को बचाने की गुहार लगाने पर सीआईडी टीम ने प्रसूता को मुक्त कराया था। मंगलू का आरोप है कि वह पत्नी से मिलने जाता था तो दोनों आरोपी जातिसूचक गालियां देते थे। धमकी देते कि पैसे नहीं देने पर उसकी पत्नी से पूरे अस्पताल में झाड़ू-पोछा करवाते रहेंगे। इसके बाद उन्होंने सीआईडी के अधिकारी से संपर्क किया।

ऑटोवाला बोला, रिम्स में इलाज अच्छा नहीं

मंगलू ने आरोप लगाया है कि अस्पताल मरीजों को लाने के लिए ऑटोवालों को भी कमीशन देता है। उन्होंने कहा है कि रांची आने पर ऑटोवाले ने रिम्स में इलाज अच्छा नहीं होने की बात कही और जेनेटिक अस्पताल ले गया था। काउंटर में बैठे लोगों ने ऑपरेशन में 1.20 लाख के अलावा दवा खर्च अलग से होने की बात कही थी। लेकिन छुट्टी देने को कहने पर निदेशक व मैनेजर ने उनसे 1.60 लाख की और मांग की थी।

पारस अस्पताल ने 12 घंटे का दिया 1.60 लाख बिल, हंगामा

पारस अस्पताल में शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना के बाद घायल को भर्ती कराया गया था। घायल के परिजनों ने आरोप लगाया कि न तो आयुष्मान और न ही ईएसआईसी के तहत इलाज किया गया। भर्ती के समय 50 हजार रुपए दिए गए थे। उसके बाद जब पैसे मांगे गए तो शनिवार को दूसरे अस्पताल ले जाने की बात कही। पर सिर्फ इन 12 घंटे के लिए 1.60 लाख का बिल थमा दिया गया।

इसपर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। हंगामा के बाद अस्पताल प्रबंधन ने बिल घटाया। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ नितेश कुमार ने बताया कि मरीज काफी गंभीर स्थिति में भर्ती कराया गया था। पेट में इंज्युरी थी। आंत बाहर आ गई थी। तत्काल ऑपरेशन किया गया। जो भी वाजिब शुल्क था, वही चार्ज किया गया। हालांकि, विवाद के बाद उन्हें डिस्काउंट करते हुए मरीज को डिस्चार्ज किया गया। आयुष्मान से इलाज नहीं होने पर उन्होंने बताया कि दुर्घटना में आयुष्मान से इलाज नहीं होता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper

संक्षिप्त समाचार

गाजियाबाद में मेट्रो कॉरिडोर के दोनों तरफ बनेगा टीओडी जोन

नईदिल्ली, एजेंसी। गाजियाबाद में मेट्रो कॉरिडोर के दोनों तरफ ऊंची इमारत बनेंगी, जिनमें आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियां हो सकेंगी। जीडीए रेड और ब्लू लाइन कॉरिडोर के दोनों तरफ 500-500 मीटर तक ट्रांजिटर ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) जोन घोषित करेगा। इसका प्रस्ताव जुलाई में प्रस्तावित बोर्ड बैठक में रखा जाएगा, जहां से स्वीकृति मिलने पर आगे काम शुरू होगा। शासन की उच्च स्तरीय समिति ने मास्टर प्लान-2031 का प्रजेंटेशन देखने के बाद मेट्रो रूट कॉरिडोर के दोनों तरफ टीओडी जोन चिह्नित कर मास्टर प्लान में शामिल करने के निर्देश दिए थे। ऐसे में गाजियाबाद में मेट्रो रेड और ब्लू लाइन के दोनों तरफ ट्रांजिट ओरिएंटेड डवलपमेंट (टीओडी) जोन घोषित करने की तैयारी है। इन रूट के दोनों ओर 500-500 मीटर तक मिश्रित भू-उपयोग करते हुए पांच फ्लोर एरिया रेश्यो (एफएआर) दिया जा सकेगा, जिससे यहां आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियां हो सकेंगी।

डिलीवरी एजेंट बनकर आए हमलावर, बाउंसर पर बरसाईं गोलियां, पुरानी रंजिश की आशंका

नईदिल्ली, एजेंसी। गुरुग्राम में डिलीवरी एजेंट बनकर आए दो नईदिल्ली, एजेंसी। युवकों ने एक बाउंसर की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि गुरुग्राम के एक गांव में भोजन और किराने के डिलीवरी एजेंट बनकर आए बाइक सवार दो हमलावरों ने कथित तौर पर 25 वर्षीय एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई, जिसमें हमलावर मृतक के पीछे भागते और गोली चलाते नजर आ रहे हैं। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात करीब नौ बजे हुई जब बाउंसर के रूप में काम करने वाला अनुज गुरुग्राम जिले के उल्लावास गांव के एक बाजार में था। अधिकारी ने कहा कि जोमैटो और ब्लिंकिट की वर्दी पहने बाइक सवार दो युवकों ने कथित तौर पर अनुज पर पांच गोलियां चलाईं और मौके से भाग गए। पुलिस ने बताया कि पीड़ित को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीसीपी (दक्षिण) सिद्धांत जैन ने बताया कि अनुज कादरपुर गांव का रहने वाला था और एक निजी शराब की दुकान में बाउंसर के रूप में काम करता था।

कीमत तो चुकानी होगी... अरविंद केजरीवाल को 12 दिन की न्यायिक हिरासत पर भाजपा का वार

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की राउस एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई की तीन दिनों की कस्टडी के बाद 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सीबीआई ने उन्हें शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें तीन दिनों की सीबीआई कस्टडी में भेज दिया। कस्टडी की अवधि खत्म होने रे बाद शनिवार को सीबीआई ने उनकी न्यायिक हिरासत की मांग करते हुए कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने सीबीआई की अपील स्वीकार करते हुए उन्हें 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले को लेकर बीजेपी ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है। दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, कोर्ट फैसला सबूतों को देखने के बाद दिया जाता है। केंद्रीय एजेंसियां अपना काम कर रही हैं। अगर आपने कोई अपराध किया है, तो आपको इसकी कीमत चुकाने के लिए तैयार रहना होगा। सीबीआई ने केजरीवाल को तीन दिन की हिरासत में पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया, जिसके बाद एजेंसी ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का अनुरोध करते हुए कहा कि वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे और सवालों का जवाब देने में टालमटोल कर रहे हैं।

चंद्रयान-3 के बाद चांद पर कमाल करेगा चंद्रयान-4



बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक बार फिर से अपने विज्ञान और तकनीक के अद्वितीय कारनामों से दुनिया को चौंकाने की तैयारी में है। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि भारत 2040 तक इंसान को चांद पर भेजने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि यह मिशन चंद्रयान मिशनों की एक अहम कड़ी होगी, जो भारत को अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा।

चंद्रयान-4 लाएगा चंद्रमा से नमूने

पिछले साल, इसरो ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक उतार कर इतिहास रच दिया था। यह उपलब्धि न केवल भारत के अंतरिक्ष मिशनों में मील का पत्थर साबित हुई, बल्कि दुनिया भर में इसरो की वैज्ञानिक क्षमता और तकनीकी कौशल की सराहना भी हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट का नाम शिव शक्ति रखा, जो अब इसरो के आगामी चंद्र मिशनों का एक महत्वपूर्ण बिंदु बनेगा। एनडीटीवी को दिए एक इंटरव्यू में एस. सोमनाथ ने बताया कि इसरो का लक्ष्य शिव शक्ति प्वाइंट से अगले कुछ वर्षों में चंद्र नमूने को पृथ्वी पर लाना है। इसरो के इस मिशन का उद्देश्य चंद्रमा की संरचना और उसके रहस्यों को और गहराई से समझना है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले चीन ने भी सफलतापूर्वक चंद्रमा से नमूने वापस लाने में सफलता प्राप्त की थी, और अब भारत भी इस दिशा में आगे बढ़ रहा है।

इसरो ने लहराया था परचम

इसरो की इस महत्वाकांक्षी योजना ने भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक नई उमंग और उत्साह भर दिया है। यह मिशन न केवल भारत के वैज्ञानिक समुदाय के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत बनेगा। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की यह नई दिशा न केवल चांद की सतह पर भारतीयों की उपस्थिति सुनिश्चित करेगी, बल्कि अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत को विश्व गुरु बनने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

2040 तक चांद पर पहुंचेंगे भारतीय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2040 तक चांद पर इंसान को भेजने के आह्वान पर एस. सोमनाथ ने कहा, हमें चांद पर उतरने के लिए कई चीजों में निरंतरता बनाए रखनी होगी, जिसमें मानव अंतरिक्ष उड़ान और ट्रांस-लूनर मानव अंतरिक्ष उड़ान शामिल हैं। हमें चंद्रयान मिशनों को जारी रखना होगा क्योंकि चांद पर जाना और वापस आना भी हमारी पहुंच में हो। हमें एक ऐसे स्तर तक पहुंचना होगा जहां शायद हमारे लोग चांद पर जा सकें और वापस आ सकें। इसरो के अध्यक्ष के अनुसार, चंद्रमा पर भारतीयों को भेजने के लिए कई तकनीकी और वैज्ञानिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इसके लिए अत्याधुनिक अंतरिक्ष यान, जीवन रक्षक प्रणाली, और चंद्रमा पर सुरक्षित लैंडिंग की तकनीक विकसित करनी होगी। इसके अलावा, अंतरिक्ष यात्री के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न परीक्षण और अनुसंधान भी आवश्यक होंगे।

कांग्रेस केवल अराजकता और भ्रम फैलाना चाहती है: धर्मेंन्द्र प्रधान

नईदिल्ली, एजेंसी। नीट के मुद्दे को लेकर विपक्ष के निशाने पर बने शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विपक्ष पर निशाना साधा है। प्रधान ने नीट समेत प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर चल रहे विवाद पर कांग्रेस पर निशाना साधा है। प्रधान ने कहा कि कांग्रेस चर्चा नहीं चाहती है। वह केवल अराजकता और भ्रम फैलाना चाहते हैं। राष्ट्रपति ने स्वंय उस मुद्दे को संबोधित किया है जिस पर कांग्रेस बहस करना चाहती है। इस क्षेत्र में हुई कमियों और चुनौतियों की जांच चल रही है। लेकिन इस पर विरोध प्रदर्शन करने से कुछ हासिल नहीं होगा।

प्रधान ने कहा कि सरकार की ओर से मैंने स्पष्ट रूप से कहा कि हम किसी भी तरह की चर्चा के लिए तैयार हैं, लेकिन कांग्रेस इस मुद्दे पर बात नहीं करना चाहती, छात्र इस मुद्दे पर क्या चाहते हैं इस पर बात नहीं करना चाहती वह बस इस मुद्दे का राजनीतिकरण करना चाहते हैं। ऐसे मुद्दे 2014 के पहले भी हुए हैं, लेकिन मैं इसको उचित नहीं ठहरा सकता। प्रधान ने जोर देकर अपनी बात रखते हुए कहा कि एनटीए को इसरो के पूर्व अध्यक्ष के राधाकृष्णन के रूप में नया नेतृत्व मिला है। एनटीए में सुधार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हमने इस मुद्दे के समाधान के लिए एक नया कानून बनाया है, और पूरा मामला सीबीआई को सौंप दिया गया है। सरकार ने एनटीए के महानिदेशक को बदल दिया है और परीक्षा प्रक्रिया में सुधारों की सिफारिश करने, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को बढ़ाने और परीक्षा के संचालन पर ध्यान देने के लिए एक उच्चाधिकार समिति भी गठित की गई है।

दरअसल, शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नीट परीक्षा के आयोजन में कथित अनियमितताओं के मुद्दे पर संसद में सम्मानजनक और अच्छी चर्चा कराने की मांग की थी। जिसके बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का बयान सामने आया था।

संजय राउत ने उद्धव ठाकरे को एमवीए के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने की मांग की

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र में इसी साल विधानसभा चुनाव होना है। उससे पहले विपक्षी खेमे में मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किए जाने को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को किसी एक नेता को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार पेश करने की बात को खारिज कर दिया। विपक्षी महा विकास अघाडी (एमवीए) में शरद पवार की एनसीपी के अलावा, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने उद्धव ठाकरे को विपक्षी गठबंधन एमवीए के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने की मांग की है।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, शरद पवार ने कोल्हापुर में संवाददाताओं से कहा, हमारा गठबंधन ही हमारा सामूहिक चेहरा है। एक व्यक्ति हमारा मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं बन सकता। सामूहिक नेतृत्व हमारा फॉर्मूला है। उन्होंने कहा, हमारे तीनों गठबंधन सहयोगी इस संबंध में निर्णय लेंगे। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों में एमवीए की संभावनाओं पर भरोसा जताया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गठबंधन में पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया (पीडब्ल्यूपी) और आम आदमी पार्टी (आप) जैसे सहयोगियों को भी एमवीए में शामिल किया जाएगा।

शरद पवार ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा अपने भाषण के दौरान आपातकाल का जिक्र करने की भी आलोचना की और कहा कि यह उचित नहीं था। उन्होंने कहा, क्या राजनीतिक बयान देना अध्यक्ष का काम है? हमें लगता है कि उनका बयान उचित नहीं था। राष्ट्रपति के भाषण में भी इस मुद्दे का संक्षिप्त उल्लेख था। वह भी जरूरी नहीं था।

मुझे यकीन है कि राहुल गांधी एलओपी के तौर पर चमकेंगे-पवार

राहुल गांधी के लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने पर पवार ने कहा कि जिस पार्टी के पास सबसे ज्यादा विपक्षी सांसद होते हैं, वही पार्टी नेता चुनती है। उन्होंने कहा, कांग्रेस सांसदों ने राहुल गांधी को अपना नेता चुना है। वह नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। मुझे यकीन है कि वह चमकेंगे। पवार ने अपने भतीजे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा हाल ही में पेश किए गए बजट पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यह राज्य विधानसभा चुनावों से पहले उनके द्वारा किए गए बड़े प्रयासों को दिखाने का प्रयास है। उन्होंने कहा, जब मेरी जेब में 70 रुपये हैं तो मैं 100 रुपये कैसे खर्च कर सकता हूँ?

एक्स-रे करते ही सामने होगा फेफड़े का पूरा हाल, एआई से फौरन चल जाएगा बीमारियों का पता

गोरखपुर , एजेंसी। फेफड़ों की बीमारी में एक्सरे प्राथमिक जांच मानी जाती है। लेकिन अब एक्सरे जांच के जरिए फेफड़ों में होने वाली 16 पैटर्न से जुड़ी बीमारियों का पता फौरन लग जाएगा। इसकी सटीकता कम से कम 70 फीसदी रहेगी। उससे कम सटीक होने पर मशीन खुद-ब-खुद रिपोर्ट को चिकित्सक से परामर्श की सलाह देगी। ऐसा संभव होगा एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल से, जो डिजिटल एक्स-रे मशीन में इंस्टॉल हो जाएगा।

इस एआई टूल को विकसित किया है गोरखपुर के सॉफ्टवेयर इंजीनियर व देहरादून के ग्राफिक एरा हिल विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सात्विक वत्स और उनके साथी असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विक्रांत शर्मा ने। इस रिसर्च में जेएनयू, नई दिल्ली के डॉ. करन सिंह और एम्स गोरखपुर के चिकित्सक भी शामिल रहे। इस टूल को विकसित करने के लिए पांच देशों के डेढ़ लाख से अधिक मरीजों का ब्योरा जुटाया गया। उनको एकीकृत किया गया। बीमारी होने पर मरीजों के फेफड़ों में बदलाव के फीचर एआई में डाले गए। इसमें भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया, इटली व स्पेन के मरीजों का आंकड़ें शामिल हैं। इस रिसर्च में मरीज के आंकड़ों को संदर्भित करने के लिए तीन रेडियोलॉजिस्टों को भी शामिल किया गया। इसके अलावा चेस्ट फिजिशियन व मेडिकल ऑकोलॉजिस्ट भी इसमें शामिल रहे।

मशीन करेगी पैटर्न की पहचान : डॉ. सात्विक बताते हैं कि एआई टूल को इस तरह विकसित किया गया है कि वह किसी भी बीमारी में फेफड़ों में हो रहे बदलाव के पैटर्न को पहचान सके। इस टूल की मदद से 16 प्रकार के पैटर्न को पहचानने में सफलता मिल गई है। यह पैटर्न अलग-अलग बीमारियों के होते हैं। जिसमें फेफड़े में होने वाली निमोनिया, एडिमा, फाइब्रोसिस, डायाफ्राम की हार्निया, कोविड, कैंसर, फेफड़ों की झिल्ली में सूजन, पानी भरना व गांठ शामिल हैं।

एआई टूल को कराया पेटेंट : डॉ. सात्विक ने बताया कि इस किट का प्रयोग बेहद सरल है। यह डिजिटल एक्स-रे मशीन में इंस्टॉल होगी। उसके बाद एक्स=रे होते ही मशीन पैटर्न के आधार पर फेफड़ों में बदलाव को पहचान लेगी। वह अपने रिपोर्ट में बदले हुए पैटर्न का जिक्र करेगी। इससे सामान्य चिकित्सक को भी मर्ज को पहचाने व इलाज में आसानी हो जाएगी। एआई टूल को पेटेंट कराया जा चुका है। इसको लेकर पहला रिसर्च पेपर अब पब्लिश हुआ है। यह रिसर्च पेपर अमेरिकन जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

किडनैपर को पकड़ने के बहाने टाइगर रिजर्व घूम रहे थे दरोगा और दो सिपाही, सस्पेंड

बरेली, एजेंसी। यूपी के बरेली से एक किडनैपर को पकड़ने हाफिजगंज गए थाना सुभाषनगर के दरोगा और दो हेड कांस्टेबल पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) घूमने जा पहुंचे और प्रतिबंधित क्षेत्र में घुस गए। रेंजर ने उन्हें पकड़ लिया और पुलिस बुलाकर गाड़ी का चालान करा दिया। इसकी सूचना एसएसपी को दी गई तो उन्होंने तीनों को सस्पेंड कर दिया है।

सुभाषनगर थाने में तैनात दरोगा विनय कुमार और हेड कांस्टेबल शाहिद अली व ऋषिपाल सिंह एक किशोरी की बरामदगी के लिए 24 जून को थाना हाफिजगंज क्षेत्र में गए थे। वहां से तीनों घूमने के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व चले गए और प्रतिबंधित क्षेत्र में लगा बैरियर हटाकर कार समेत अंदर घुस गए। वाचर ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उसे हड़का दिया। वाचर ने रेंजर को सूचना दी और फिर स्थानीय पुलिस को बुलाकर उनकी कार का चालान करा दिया गया। पीलीभीत डीएफओ मनीष सिंह ने इस संबंध में बरेली पुलिस को सूचना दी तो शनिवार को एसएसपी अनुराग आर्य ने तीनों को सस्पेंड कर दिया।

बीकानेर में सड़कें बनीं दरिया, तिनकों की तरह बहने लगी गाड़ियां

बीकानेर, एजेंसी। राजस्थान में अधिकांश हिस्सों में झमाझम बारिश देखी जा रही है। मौसम विभाग ने अगले 36 घंटे के दौरान राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके नजारे एक दिन पहले से ही सूबे में दिखने लगे हैं। राजस्थान के बीकानेर जिले में भारी बारिश दर्ज की गई। इससे सड़कें दरिया बन गईं। ऐसा लग रहा था जैसे सड़कों पर तेज रफ्तार से बह रहा पानी अपने साथ सबकुछ बहा ले जाएगा। कुछ वाहन चालक अपनी गाड़ियों के साथ इस बहाव में फंस गए। इस वाकए का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। इस तेज बहाव में कारें और दो पहिया वाहन तिनकों की तरह बहते नजर आए। बीकानेर में भारी बारिश के बाद कई स्थानों पर जलभराव देखा गया। मौसम विभाग ने राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में अगले 36 घंटे के दौरान भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी का कहना है कि अगले चार से पांच दिन तक भारी से बहुत भारी बारिश देखी जा सकती है। राजस्थान में मानसून के प्रभाव से अगले कुछ दिनों के दौरान भारी बारिश का पूर्वानुमान जारी किया गया है। बीते 24 घंटे के दौरान राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश देखी गई। कहीं-कहीं भारी बारिश भी देखी गई। पूर्वी राजस्थान के कामां में 68 मिमी जबकि पश्चिमी राजस्थान के रायसिंहनगर में 72.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। ढ्ढरूस्र ने पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में अगले कुछ दिनों के दौरान भारी बारिश का अनुमान जताया है।

इस बार बजट में रोजगार के वास्ते सरकार खोलेगी खजाना, मिडिल क्लास पर रहेगा फोकस

नईदिल्ली, एजेंसी। आगामी आम बजट के जरिए केंद्र की भाजपा सरकार अपने चुनावी घोषणा पत्र के वादों को पूरा करने की तैयारी में है। इसको लेकर वित्त मंत्रालय के स्तर पर लगातार बैठकें चल रही हैं। माना जा रहा है कि इस बार का बजट युवा, रोजगार, महिला, बुजुर्ग और मध्यम वर्ग पर केंद्रित होगा। इसके लिए सरकार जहां आयुष्मान भारत से पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज को जारी रखेगी वहीं 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज मुहैया कराने का रास्ता भी साफ करेगी। भाजपा ने चुनाव से पहले घोषणा की थी कि आयुष्मान भारत के तहत 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को मुफ्त में इलाज मुहैया कराया जाएगा। अब बजट के माध्यम से पैसे का आवंटन करने की तैयारी है। इस तरह सरकार अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का भी बजट बढ़ाने पर विचार कर रही है। इस बार युवाओं के लिए रोजगार पर भी विशेष ध्यान रहेगा। आम चुनाव के नतीजे उम्मीद के मुताबिक न आने के बाद से भाजपा सरकार युवाओं को साधने की कोशिश कर रही है। इस वर्ष के अंत में कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं, जिसमें भाजपा को लगता है कि अगर युवा वर्ग नाराज हुआ तो नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए केंद्र सरकार अपने खजाने का मुंह खोलने को तैयार है। इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश, उत्पादन, उच्च मूल्य वाली सर्विस, स्टार्टअप, पर्यटन और खेल के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने की संभावना तलाशी जा रही है। रोजगार पैदा करने वाले इन क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश को बढ़ाने और नई परियोजनाओं को बजट के माध्यम से स्वीकृति मिलने की संभावना है। भाजपा सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने को लेकर लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पैरवी कर रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार का बजट आधारभूत ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का होगा। इसके लिए सरकार सड़क, रेल, बंदरगाह, बिजली, ग्रीन एनर्जी, एयरपोर्ट, मेट्रो समेत अन्य क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं को लेकर बड़ी घोषणा हो सकती हैं।

बीजापुर में नक्सली दंपति समेत 12 नक्सलियों का आत्मसमर्पण

कुल 7 लाख रु का घोषित था इनाम

बीजापुर , एजेंसी। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में एक इनामी माओवादी दंपति समेत 12 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इन नक्सलियों पर कुल सात लाख रुपए का इनाम घोषित था। शनिवार को इस बात की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान भैरमगढ एरिया कमेटी, गंगालूर एरिया कमेटी और नेशनल पार्क एरिया कमेटी के 12 नक्सलियों ने वरिष्ठ अफसरों के सामने आत्मसमर्पण किया।

पुलिस के मुताबिक आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में नेशनल पार्क एरिया कमेटी के अंतर्गत प्लाटून नंबर दो में 'प्लाटून पार्टी कमेटी मेंबर' मुन्ना मोड़ियाम (23), मुन्ना की पत्नी जननी मोड़ियम (23) और राजू पूनेम (29) शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मुन्ना के सिर पर पांच लाख रुपए तथा जननी और राजू के सिर पर एक-एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों ने माओवादियों की खोखली विचारधारा, भेदभावपूर्ण व्यवहार, उपेक्षा और प्रताड़ना से तंग आकर आत्मसमर्पण करने का फैसला किया। अधिकारियों का कहना है कि सरेंडर करने वाले नक्सली साल 2005 से जवानों पर हमला करने, सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहनों और मशीनों में आग लगाने, बारूदी सुरंग विस्फोट, आगजनी, सड़क खोदने , आईडी ब्लास्ट करने तथा 2006 में एनएमडीसी खदान में हमला करने जैसी बड़े घटनाओं में संलिप्त रहे थे।

पुलिस के मुताबिक आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के अनुसार 25-25 हजार रुपए नकद प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 2024 में अब तक 123 माओवादियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है जबकि 273 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

टी-20 वर्ल्डकप-2024

17 साल बाद भारतीय टीम बनी टी-20 की वर्ल्ड चैम्पियन, साउथ अफ्रीका को हराया

बारबाडोस, एजेंसी। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया है. इस टीम ने इतिहास में चौथी बार कोई वर्ल्ड कप (वनडे, टी20) खिताब जीता है. भारतीय टीम ने शनिवार (29 जून) को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 7 रनों से शिकस्त दी. इस जीत के साथ ही 140 करोड़ भारतीयों को जश्न मनाने का सुनहरा मौका दिया.

बता दें कि भारतीय टीम ने 2 बार वनडे वर्ल्ड कप (1983, 2011) खिताब जीता है. जबकि दो बार ही टी20 वर्ल्ड कप (2007, 2024) खिताब जीत लिया है. टीम ने पिछला वर्ल्ड कप (वनडे में) 2011 में जीता था. अब 13 साल बाद कोई वर्ल्ड कप (टी20 में) खिताब जीता है.

क्लासेन की फिफ्टी भी अफ्रीका को नहीं जिता सकी

बारबाडोस में खेले गए इस फाइनल में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने 177 रनों का टारगेट दिया था. इसके जवाब में अफ्रीका की टीम 8 विकेट पर 169 रन ही बना सकी और खिताब गंवा दिया. मैच में अफ्रीका ने 12 रनों पर 2 विकेट गंवा दिए थे. इसको बाद क्विंटन डिकॉक और ट्रिस्टन स्टब्स ने 38 गेंदों पर 58 रनों की पार्टनरशिप कर टीम को संभाला. स्टब्स 31 रन बनाकर आउट हुए. फिर डिकॉक ने हेनरिक क्लासेन के साथ मिलकर 36 जोड़े. जब स्पिनर्स के खिलाफ डिकॉक और क्लासेन ने पैर जमाए तो रोहित ने तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को लगाया. ऐसे में डिकॉक उनके जाल में फंसे और विकेट देकर चलते बने. यहां डिकॉक 39 रन बनाकर चलते बने.

पंड्या ने आखिरी ओवर में ऐसे पलट दी बाजी

आखिर में जब क्लासेन ने बल्ला चलाया तो लगा कि मैच भारत के हाथ से निकल जाएगा. मगर रोहित ने चाल चली और हार्दिक पंड्या को गेंदबाजी पर लाए. फिर पंड्या ने सबसे पहले क्लासेन को शिकार बनाया. क्लासेन 27 गेंदों पर 52 रन बनाकर आउट हुए. इसके बाद पूरी अफ्रीकी टीम लड़खड़ा गई और भारत चैम्पियन बनने से नहीं चुका.

भारतीय टीम के लिए तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने 20 रन देकर सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके. जबकि पेसर अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को 2-2 सफलताएं मिलीं. स्पिनर अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिया. आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे, लेकिन पंड्या ने 2 विकेट लेकर 8 रन दिए और मैच जीत लिया.

कैप्टन कूल कहे जाने वाले

एमएस धोनी ने भारत की जीत के बाद अपने बधाई संदेश में कहा कि उनके भी दिल की धड़कनें आज बढ़ गई थीं

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने साल 2007 के बाद 17 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम कर लिया है. 2007 में टीम इंडिया ने एमएस धोनी की कप्तानी में यह खिताब अपने नाम किया था.

उस खिताबी जीत में रोहित शर्मा बतौर खिलाड़ी खेले थे, जिन्होंने आज अपनी कप्तानी में भारत को उसका दूसरा टी20 वर्ल्ड कप खिताब दिलाया है. भारत की इस खिताबी जीत पर पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भी बधाई दी है. धोनी ने जीत की बधाई देते हुए लिखा कि इस मैच में उनके दिल की धड़कने भी बढ़ गई थीं. लेकिन आपको शांत रहने के लिए बधाई.

आपने आत्मविश्वास के साथ जो किया उसके लिए बहुत-बहुत शुक्रिया. बता दें धोनी को कैप्टन कूल कहा जाता है लेकिन धोनी ने लिखा कि इस मैच को देखते हुए उनकी भी धड़कने बढ़ गई थीं. यह बात अपने आप में खास है कि मैदान से दूर रहकर धोनी भी नर्वस हो गए. उन्होंने इस जीत को अपने जन्मदिन का अडवांस तोहफा करार दिया. बता दें धोनी आगामी 7 जुलाई को अपना 43वां बर्थडे सेलीब्रेट करेंगे.

धोनी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, 'वर्ल्ड कप चैंपियन 2024. मेरे दिल की धड़कने भी बढ़ गई थीं. आप लोगों ने शांत रहकर, खुद पर भरोसा रखा और जो आपने किया वह बहुत शानदार है. भारत और दुनिया के हर कोने में रहने वाले भारतीयों के लिए वर्ल्ड कप घर लाने के लिए आपका बहुत शुक्रिया. अरेज जन्मदिन के इस खास तोहफे के लिए शुक्रिया.

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मारक्रम बोले-

यह दिल को झकझोरने वाली हार है

ब्रिजटाउन (एजेंसी)। टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत के खिलाफ निराशाजनक हार को दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम ने चुभने वाला करार देते हुए उम्मीद जतायी कि यह प्रदर्शन अगली बार टीम को बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगा। जीत के लिए 176 रन का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम हेनरिच क्लासेन की 27 गेंद में 52 रन की पारी के दम पर 15वें ओवर के बाद बेहद मजबूत स्थिति में थी। टीम को आखिरी 30 गेंद में 30 रन की जरूरत थी लेकिन भारत ने शानदार वापसी करते हुए सात रन की रोमांचक जीत दर्ज की।

आखिरी ओवरों में जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या ने कमाल की गेंदबाजी की जबकि सूर्यकुमार यादव ने दबाव की परिस्थिति में कमाल का कैच लपका। इससे पहले विराट कोहली ने 76 रन की पारी खेल भारत को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। मारक्रम ने मैच के बाद कहा, 'यह क्रिकेट का पहला मैच नहीं है जिसमें 30 गेंदों में से 30 की जरूरत वाली टीम को हार का सामना करना पड़ा है। भारत ने अच्छी गेंदबाजी और कमाल के क्षेत्ररक्षण से शानदार वापसी की।

इस 29 साल के खिलाड़ी ने कहा, 'अभी किसी एक चीज को हार का कारण बताना मुश्किल है। हम अगले कुछ दिनों में, अगले कुछ हफ्तों में इस बारे में विचार करेंगे, उन क्षेत्रों को ढूंढने का प्रयास करेंगे जिसमें हम आज के मैच के दौरान सुधार कर सकते थे। हम इसके साथ ही उन चीजों के बारे में भी सोचेंगे जो हमारे लिए वास्तव में अच्छा रहा है। हार के गम के बावजूद मारक्रम को विश्व कप फाइनल में पहुंचने पर टीम के साथी खिलाड़ियों पर गर्व है। उन्होंने कहा, 'मैं यह बात कहना चाहूंगा कि मुझे अपनी टीम के खिलाड़ियों पर काफी गर्व है। हम सिर्फ आज के प्रदर्शन से नहीं बल्कि टीम ने इस पूरे टूर्नामेंट और उससे पहले तैयारियों के दौरान शानदार प्रदर्शन किया है।% मारक्रम ने कहा, 'यह हार चुभने वाली है लेकिन इससे आने वाले टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए टीम की भूख बढ़ेगी।

मारक्रम ने स्वीकार किया कि क्लासेन के लिए इस तरह के 'विशेष प्रयास के बाद इस परिणाम को पचा पाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, 'हमने उसे दुनिया भर में कई बार ऐसा करते देखा है। इस तरह के मंच पर ऐसी पारी खेलना वास्तव में एक विशेष प्रयास है। उसके लिए इस हार को पचा पाना मुश्किल होगा।% भारतीय खिलाड़ियों की आंखों में जहां खुशी के आंसू थे, वहीं प्रोटियाज इससे टूट गए कि एक और बड़ा खिताब उनके हाथ से फिसल गया है।

भारत बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने शनिवार को इंडोनेशिया के योग्यकार्ता में ग्रुप सी मुकाबले में फिलीपींस पर 3-2 से जीत के साथ बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया।

भारतीय टीम, जिसने अपने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में वियतनाम को 5-0 से हरा दिया था, ने प्रतियोगिता में अपने दूसरे मुकाबले के लिए अपनी लाइन-अप में कुछ बदलाव किए, जिसमें लड़कों के एकल में प्रणय शेट्टीगर की जगह रौनक चौहान और लड़कियों के युगल में श्रावणी वालेकर के साथ के.वेन्नला को शामिल किया गया। सीनियर नेशनल चैंपियनशिप की उपविजेता तन्वी शर्मा ने फंटस्पिना क्रिस्टेल री पर 21-9, 21-17 से जीत के साथ भारत की शुरुआत की, लेकिन जमाल रहमत पांडी के खिलाफ शुरुआती गेम जीतने के बाद चौहान लय बरकरार नहीं रख सके और 15-21, 21- 18, 21-12 से हार गए।

इसके बाद वेन्नाला और श्रावणी ने हर्नांडेस एंड्रिया और पेसियस लिबटन को 39 मिनट में 23-21, 21-11 से हराकर भारत को एक बार फिर आगे कर दिया। अर्श मोहम्मद और शंकर सरावत के लड़कों के युगल संयोजन ने क्रिश्चियन डोरेगा और जॉन लांजा पर 21-16, 21-14 से जीत के साथ परिणाम को संदेह से परे रखा। भार्गव राम एरिगेला और के. वेन्नाला की मिश्रित युगल जोड़ी अंतिम मुकाबला हार गई।

एशियाई जूनियर स्क्वैश

शिवेन ने अंडर-15 खिताब जीता, अंडर-13 में आद्या चैंपियन बनीं

इस्लामाबाद, एजेंसी। भारत के शिवेन अग्रवाल और आद्या बुधिया शनिवार को यहां समाप्त हुई 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वैश चैंपियनशिप में क्रमशः लड़कों के अंडर-15 और लड़कियों के अंडर-13 वर्ग में चैंपियन बनकर उभरे। दूसरी वरीयता प्राप्त अग्रवाल ने फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त मलेशिया के मुहम्मद रज़ीक पुत्र मोहम्मद फखरूर रज़ी को 11-7, 8-11, 11-5, 13-11 से हराया, जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त आद्या ने चौथी वरीयता प्राप्त हमवतन गौशिका एम को 11-5, 11-5, 11-4 से हराया। अग्रवाल ने 2022 में अंडर-13 सेमीफाइनल में मुहम्मद रज़ीक से अपनी हार का बदला लिया, जबकि आद्या का पदक प्रतियोगिता के लड़कियों के अंडर-13 वर्ग में भारत का पहला स्वर्ण था भारत ने 12 साल के अंतराल के बाद चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीते।

सूर्यकुमार को जय शाह से मिला 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार

ब्रिजटाउन, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने सूर्यकुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार प्रदान किया जिन्होंने खतरनाक डेविड मिलर का शानदार कैच लपका जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ। भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुनने की प्रथा शुरू की थी। उन्होंने भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण की प्रशंसा 'भेड़ियों के झुंड से की जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दिलीप ने कहा, 'हम बड़े मुकाबलों में मौके के अनुसार प्रदर्शन करने की बात करते हैं लेकिन आज हमने सिर्फ प्रदर्शन नहीं किया बल्कि जीत हासिल की। उन्होंने कहा, 'हमने पूरे टूर्नामेंट में और आज जो जज्बा, जो एकजुटता और जो लचीलापन दिखाया, वह असाधारण से कम नहीं है। दिलीप ने कहा, 'हमने 'भेड़ियों के झुंड की तरह क्षेत्ररक्षण किया।

जैसा कि राहुल भाई और रोहित कहते रहते हैं। हर कोई अपनी भूमिका जानता था लेकिन हमने साथ मिलकर हर मौके का फायदा उठाया और कोई कसर नहीं छोड़ी। भारत ने शानदार वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को पहला विश्व कप खिताब जीतने से महरूम कर दिया जिसमें अंतिम ओवर में सूर्यकुमार यादव का कैच निर्णायक रहा। सूर्यकुमार ने जिस संयम और सही समय पर लिये कैच से बेहतरीन मिसाल पेश की। जब उन्होंने डेविड मिलर का कैच लपका तब दक्षिण अफ्रीका को अंतिम ओवर में महज 16 रन की दरकार थी। सूर्यकुमार ने यह पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, 'दिलीप सर, मुझे यह मौका देने और जय (शाह) सर से यह पदक लेने के लिए आपका धन्यवाद।

नामीबिया दौरे के लिए पंजाब की पुरुष टीम घोषित

मोहाली, एजेंसी। शेर-ए-पंजाब टी-20 कप के दूसरे सीजन के सफल आयोजन के बाद पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने 14 सदस्यीय पंजाब सीनियर पुरुष टीम की घोषणा की है जो 3 जुलाई से शुरू होकर 10 जुलाई तक चलने वाली पांच मैचों की 50 ओवर की सीरीज के लिए नामीबिया के 12 दिवसीय दौरे पर जाएगी।

टीम शनिवार रात को नई दिल्ली से दौरे के लिए रवाना हुई। पूर्व क्रिकेटर और योग्य कोच रवनीत सिंह और हरमीत बंसल कोच के रूप में टीम के साथ होंगे। मैच विंडहोक के वांडरर्स स्पोर्ट्स क्लब में खेले जाएंगे। टूर के बारे में बात करते हुए पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी दिलशेर खन्ना ने कहा कि नामीबिया टूर प्लेयर्स को एक्सपोजर देगा और हमारे प्लेयर्स जरूर इंटरनेशनल टूर पर अच्छा करके लौटेंगे। ये टूर उन्हें सीखने का मौका देगा, जिससे हमें आगामी डोमेस्टिक टूर्नामेंट में अच्छा करने में मदद मिलेगी।

पंजाब की टीम में युवा और अनुभव दोनों तरह के प्लेयर्स है। दौरे के आयोजन के पीछे के विचार पर बात करते हुए पीसीए के संयुक्त सचिव सुरजीत राय ने कहा कि खिलाड़ियों को ऑफ-सीजन में अनुभव देने के उद्देश्य से, पीसीए ने दौरे के आयोजन का फैसला किया है।

हमने हाल ही में संपन्न शेर-ए-पंजाब टी-20 कप में खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखा। टूर्नामेंट में कुल 33 मैचों ने राज्य के खिलाड़ियों को एक बेहतरीन मंच प्रदान किया। नामीबिया दौरे की योजना भी खिलाड़ियों को विदेशी धरती पर खेलने का अनुभव देने के लिए बनाई गई है। खिलाड़ियों को मौकों का पूरा फायदा उठाना चाहिए और अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए। इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

नेहल वढेरा और उदय प्रताप सहारन, जो पंजाब टी-20 लीग का हिस्सा नहीं थे, भी दौरे पर आई पंजाब टीम में शामिल हैं। शेर-ए-पंजाब में 22 विकेट लेने वाले मध्यम गति के गेंदबाज गुरनूर बरार भी नामीबिया दौरे के लिए पंजाब टीम का हिस्सा हैं। मैच 3 जुलाई, 5 जुलाई, 7 जुलाई, 9 जुलाई और 10 जुलाई को होंगे। राय टीम के साथ साहेबजीत सिंह सेहम्बी के साथ यात्रा करेंगे जो पीसीए एपेक्स काउंसिल के सदस्य हैं।

ये है पंजाब टीम

अनमोल मल्होत्रा, आराध्य शुक्ला, गुरनूर सिंह बराड़, हरप्रीत सिंह बराड़, जस इंदर सिंह, मयंक मारकंडे, नमन धीर, नेहाल वढेरा, प्रभसिमरन सिंह, पुखराज मान, रमनदीप सिंह, सनवीर सिंह, सिद्धार्थ कौल और उदय प्रताप सहारन।

सपोर्ट स्टाफ

हरमीत सिंह बंसल (कोच), रवनीत सिंह (कोच), राम बाबू शॉ (फिजियोथेरेपिस्ट), लविश चौधरी (ट्रेनर) और सतविंदर सिंह (मैनेजर)।

स्टेशन पर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

औरंगाबाद (का.सं.)। पंडीत दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथीन बी. राज के निर्देश पर रेल गाड़ियों से नशीले पदार्थों की तस्करी किए जाने को लेकर जांच अभियान चलाया जा रहा है। रफीगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-3 पर गाड़ी संख्या 18104 डाउन टाटा नगर जालियावाला बाग एक्सप्रेस के नियमित ठहराव के बाद सुरक्षित पास करने के बाद पूर्वी छोर पर एक व्यक्ति के उपर संदेह होने पर उसे पकड़ा गया। उसकी पहचान रफीगंज राजा बिगहा निवासी स्व. चंद्रदेव चौधरी के पुत्र गोपाल चौधरी के रूप में की गई है। काले रंग के थैले एवं बैग की जांच करने पर अंग्रेजी शराब लगभग 22 लीटर बरामद हुई जिसकी कीमत लगभग 18 हजार रुपए थी।

ट्रैक्टर से खेत की जुताई के दौरान हुआ बम ब्लास्ट चालक बाल-बाल बचा, छानबीन में जुटी पुलिस

निज संवाददाता

हसपुरा(औरंगाबाद)। औरंगाबाद के हसपुरा थाना क्षेत्र के अहियापुर-मौआरी ढाब में ट्रैक्टर से खेत की जुताई करने के दौरान बम ब्लास्ट होने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। हादसे में ट्रैक्टर चालक बाल-बाल बचा। बताया जाता है कि रविवार की दोपहर ट्रैक्टर चालक खेत की जुताई कर रहा था। इसी दौरान चालक को ट्रैक्टर के चक्के में एक थैला फंसा हुआ नजर आया। पहले तो उसने सोंचा कि थैले को उठाकर देखे कि क्या है लेकिन उसने इसे नजरअंदाज करते हुए ट्रैक्टर को आगे बढ़ा दिया। जैसे ही ट्रैक्टर आगे बढ़ा, वैसे ही ब्लास्ट हुआ। बम

ब्लास्ट होते ही कुछ देर के लिए मौके पर चारों ओर उठे धुएं से अंधेरा छा गया। धुआं छंटते ही चालक ने बम ब्लास्ट होने की जानकारी खेत के मालिक को दी। सूचना मिलते ही खेत के मालिक पूर्व मुखिया मृत्युंजय शर्मा मौके पर पहुंचे। मामले से अवगत होते ही इसकी सूचना हसपुरा थाना की पुलिस को दी।सूचना मिलते ही हसपुरा थाना के एसआई चंद्रशेखर सिंह सदल-बल मौके पर पहुंचे। बम के अवशेष को इकट्ठा कर वें जांच में जुट गए। वही देखते ही देखते और बम की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। खेत मालिक ने बताया कि खेती के लिए जमीन को पट्टा पर दे रखा है। पट्टेदार द्वारा खेत की जुताई कराई जा रही था। इसे लेकर उन्होने हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम को एक लिखित आवेदन देकर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं बम ब्लास्ट की जानकारी मिलते ही अहियापुर पंचायत के मुखिया अजित कुमार उर्फ चुन्नु शर्मा भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से इसमें असामाजिक तत्व के लोगों का हाथ है। पुलिस इसकी सघन जांच करे। वही पुलिस मामले की गहराई से जांच में जुटी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि झोले में खेत में बम किसने और किस ईरादे से रखा था।

जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर होंगे कई तरह के कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले में विश्व जनसंख्या दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। 11 जुलाई को यह कार्यक्रम होना है। 27 जून से 10 जुलाई तक उत्प्रेरक पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा वहीं 11 जुलाई से 31 जुलाई तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। उत्प्रेरक पखवाड़ा के दौरान स्वास्थ्य विभाग अन्य विभागों के सहयोग से योग्य दंपतियों का पंजीकरण करेगा।

दो जुलाई को औरंगाबाद में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। सैनिक कल्याण विभाग और औरंगाबाद अनुमंडल प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 जुलाई को संध्या 7:30 बजे से शहर के अनुग्रह नारायण नगर भवन एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके तहत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। औरंगाबाद सदर के अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्र की बलिवेदी पर अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले वीर शहीद सैनिकों के सहायतार्थ एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में औरंगाबाद जिले के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों, सदर अनुमंडल के सभी पदाधिकारियों एवं प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारियों से शामिल होने का अनुरोध किया गया है। इसके अलावा शिक्षा विभाग, विभिन्न सामाजिक संस्थानों एवं समाज के सभी वर्गों से भी कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए अनुरोध किया गया है।इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन की सभी आवश्यक पूरी कर ली गई है।

डॉक्टर्स-डे की हार्दिक शुभकामनाएं
दृष्टि आई केयर हॉस्पिटल
भैरोपुर, निकट बालाजी लाइन होटल, चतरा मोड़, औरंगाबाद (बिहार)
A Unit of Dr. A.P.J. Abdul Kalam Charitable Trust
औरंगाबाद में पहली बार अनुभवी चिकित्सकों द्वारा बच्चों की आंखों की जांच एवं चश्मे की जांच की व्यवस्था
आंखों के परदे की जांच एवं इलाज निशुल्क (मुख्यतः डायबिटिक चीनी रोगों के लिए)
आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के तहत मोतियाबिंद का उपचार एवं विदेशी लेंस प्रत्यारोपण निशुल्क
मो. अजहर खान
निदेशक
मो. : 7004243467
• मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन लेंस लगाकर (फ्री लेंस, काला चश्मा और दवा) • मोतियाबिंद का ओपरेशन फेको विधि विदेशी लेंस के द्वारा दर्दरहित, बिना टांका, पट्टी खान-पान या काम-धंधे में कोई परहेज नहीं।

डॉक्टर्स-डे की हार्दिक शुभकामनाएं
आशादीप क्लिनिक
पिलर नम्बर 72, मंगल मार्केट, राजा बाजार, पटना
प्रत्येक रविवार
लाल बाबु मार्केट, भखरुआ मोड़, दाउदनगर
नंबर लगाने हेतु सम्पर्क करें:
7542099612, 7458880426
DR. SONALI GUPTA
MBBS (GOLD MEDALIST BHU)
MS, INFERNITY (OBS GYNAE BHU)
DIPLOMA IN REPRODUCTIVE MEDICINE (GERMANY)
FELLOWSHIP IN REPRODUCTIVE MEDICINE
DR. VIKAS KUMAR
MBBS, MS, Mch UROLOGY
CONSULTANT UROLOGIST
ANDROLOGIST AND
TRANSPLANT SURGEON
सभी प्रकार की यूरोलॉजिकल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के लिए उत्कृष्ट संस्थान

डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy National Doctor's Day! July-1
HAPPY DOCTOR'S DAY
N.C. UROLOGY CENTRE
OPP. Bijli Office, Ranjendra Nagar, Road No. -1, Patna - 800016
Dr. Nikhil Choudhary
MS (Surgery)
M.Ch. (Urology) IGIMS
Consultant Urologist and Andrologist
Uro Onco Surgeon
एम.एस. (सर्जरी)
एम.सी.एच. (मूत्र रोग विशेषज्ञ)
आई.जी.आई.एम.एस.
मुत्र रोग एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मूत्र रोग कैंसर सर्जन
डा. निखिल चौधरी
MOB.: 9334494314, 9939219883

डॉक्टर्स-डे की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. चन्द्रशेखर प्रसाद
शिशु रोग विशेषज्ञ
ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद

डॉक्टर्स-डे की हार्दिक शुभकामनाएं
पॉपुलर मेडिकल हॉल
ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद
अंग्रेजी दवा के विक्रेता
प्रो. प्रकाश सिन्हा

डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. निर्मल कुमार सिंह
फिजीशियन एवं सर्जन
माता देवरानी चिकित्सालय
डिहरी ऑन सोन (रोहतास)
नोट : गरीब मरीजों का ईलाज बहुत ही कम खर्च में किया जाता है।

चिकित्सकों एवं चिकित्सीय क्षेत्र से जुड़े सभी को
डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं
मगध मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल
टंडवा रोड, नवीनगर (औरंगाबाद)
आपकी सेवा में सदैव तत्पर
डा. विनोद कुमार
न्यूनतम शुल्क पर मरीजों की सेवा में सदैव तत्पर
निदेशक

डॉक्टर्स-डे की हार्दिक शुभकामनाएं
Dr. OM PRAKASH
M.B.B.S., DCH, M.D. (Medicine)
Cardiologist, Diabetologist & Child Specialist
Karma Raod, Aurangabad (Bihar)
E-mail: dromprakash99rms@gmail.com
न्यूनतम शुल्क पर मरीजों की सेवा में सदैव तत्पर
हृदय, मधुमेह एवं शिशु रोग विशेषज्ञ

डॉक्टर्स-डे की हार्दिक शुभकामनाएं
शुद्धता का प्रतीक, शुद्ध आहार आटा
श्री शाश्वत राज एग्रो प्रा. लि.
ग्रोथ सेंटर : जसोईया, औरंगाबाद
5 किलो, 10 किलो एवं 25 किलो के पैक में उपलब्ध
शुद्ध आहार, स्वस्थ्य परिवार।
शुद्ध आहार, खुशियां अपार
विशेषताएं
• क्वालिटी : पुष्ट एवं उच्च क्वालिटी के गेहूं द्वारा निर्मित शुद्ध आहार। किसान की आमदनी बढ़ाया।
• अत्याधुनिक मशीन : न्यूमेटिक सिस्टम (हवा पद्धति) द्वारा आटा की तैयारी शुद्ध आहार नयी प्रौद्योगिक लाया।
• धुला हुआ गेंहू : गेहूं को साफ पानी से साफ कर आठ घंटे स्टे दिया जाता है ताकि रोटी ठंडा होने के बाद भी मुलायम रहे।
10 लाख से अधिक संतुष्ट उपभोक्ता

छात्रा हत्याकांड के सफल उद्भेदन के लिए शासन-प्रशासन को बधाई

औरंगाबाद (का.सं.)। लोजपा (रामविलास) ने औरंगाबाद के नबीनगर की चर्चित छात्रा हत्याकांड का सफल उद्भेदन करने के लिए शासन-प्रशासन को बधाई दी है। एलजेपीआर के औरंगाबाद जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह उर्फ सोनू सिंह ने रविवार को यहां प्रेसवार्ता में कहा कि उनका साफ तौर से मानना है कि दोषी बचे नहीं और निर्दोष फंसे नही। इस मामले में भी पुलिस ने ऐसा ही काम करते हुए हत्याकांड का सही तरीके से उद्भेदन किया है। इसके लिए वें पुलिस को धन्यवाद और बधाई देते है। पुलिस ने घटना का 17 दिन में उद्भेदन कर अच्छा काम किया है और अच्छे काम की सराहना होनी चाहिए। भविष्य में भी वें पुलिस से इसी तरह से काम की उम्मीद करते है। साथ ही अभिभावकों से भी अपील करते है कि वें अपने बच्चों पर नजर रखे। उनसे दोस्ताना व्यवहार रखे ताकि कोई भी अच्छी-बुरी बात बच्चे अपने अभिभावको से शेयर कर सके। उनकी बच्चों से भी अपील है कि सोशल मीडिया में अच्छी और बुरी दोनों ही तरह की चीजे उपलब्ध है। वे इसका इस्तेमाल अच्छाई ग्रहण करने के लिए करे। बुरी चीजों से खुद को दूर रखे और अपने साथियो को भी दूर रखे। बच्चे अपने माता-पिता और अभिभावकों की बातों को समझे क्योंकि कोई भी माता-पिता अपने बच्चें को गलत सलाह दे ही नहीं सकते।

डॉक्टर्स-डे की हार्दिक शुभकामनाएं
GUPTA NURSING HOME
Regd. No. CS (UMC MO, A bad Bihar)
Managed By DR. R.S. Gupta
Dharmshala Road, Aurangabad (Bihar)
Dr.R.S. Gupta
M.B.B.S. (PAT) C.C.R.D. (Radiologist)
Bihar Health Service
Reg.No. 17881/81 (BMG)
Dr.Ved Prakash Ranjan
M.B.B.S. (Patna)
MS. (Gen Surg)
S.R. MANC. New Delhi
Dr.Ajit Kumar
M.B.B.S. (Ram)
M.S. (Ortho)
Reg.No. 17686/2011 (Orissa)
Dr. Ruchita Richa
M.B.B.S. (Ram)
M.S. (Ortho)
Dr. Shruti Suchinmai
M.B.B.S. (Ram)
Reg.No. 5567/2017 (JCMR)
Mob: 9334735924, 6201499116
E-mail: drrs.gupta01@gmail.com

डॉक्टर्स-डे की हार्दिक शुभकामनाएं
पल्स विमेन हॉसपीटल
महाराजगंज रोड, न्यू एरिया, औरंगाबाद
डॉ. रविरंजन
सोनोलॉजिस्ट
Mob: 9431256321
डॉ. शोभा रानी
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ

डॉक्टर्स-डे की हार्दिक शुभकामनाएं
MRM HEALTH POINT
OPP. BANDHAN BANK MAHARAJGANJ ROAD, AURANGABAD
किसी भी Trauma एवं Surgical Emergency 24 X 7 Hrs. तत्पर आपका एम.आर.एम हेल्थ प्वाईन्ट
प्रसूति एवं बांझपन रोगों का विशेष इलाज की व्यवस्था
इन्डोस्कोपी एवं लेप्रोस्कोपिक की उत्तम व्यवस्था
डॉ. जे. कुमार
एम.बी.बी.एस (पटना)
एमएस (जेनरल सर्जरी) एमसीएलएस
(इन्टरनेशनल कॉलेज ऑफ लैप्रोस्कोपिक सर्जरी)
ए.टी.एल.एस, ए.यू.टी.एल.एस
(एक्स ट्रामा सेन्टर नई दिल्ली)
एमसी मास (एम्स नई दिल्ली)
भूतपूर्व सीनियर रेसिडेंट सर्जन, एम्स नई दिल्ली
डॉ. श्रीमती भावना
एम.बी.बी.एस (पैट)
डी.जी.ओ. (पी.एम.सी.एच., पटना)
एफ मास. फेलोशीप ए., आर.टी.
(वर्ल्ड लैप्रोस्कोपिक सेन्टर, दिल्ली)
एस.सी. मास, एम्स नई दिल्ली
भूतपूर्व सीनियर रेसिडेंट गाइनोकोलॉजिस्ट
मूलचन्द एवं मैक्स हेल्थ केयर, नई दिल्ली
मो. 8677868013, 8677868014
Email: mmhealthpoint@gmail.com